अजमेर, जोधपुर एवं जयपुर से प्रकाशित राज्य स्तरीय दैनिक

# हुक्मनामा समाचार

अजमेर, गुरूवार, 21 अगस्त, 2025 :: मूल्य 2 रु. :: पृष्ठ संख्या 8 :: आर.एन.आई.नं. RAJHIN/2004/14674 :: वर्ष 21 :: अंक 269

www.hukmnamasamachar.com

## संक्षिप्त खबरें

### अग्नि-5 का ओडिशा में सफल परीक्षण

**चीन-पाकिस्तान तक मार करने की क्षमता, भारत की पहली इंटर कॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल**

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत ने अपनी पहली इंटर कॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-5 का सफल परीक्षण कर लिया है। ओडिशा के चांदीपुर में इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज में बुधवार को इसकी टेस्टिंग हुई। यह मल्टिपल इंडिपेंडेंटली टार्गेटेबल री-एंट्री व्हीकल टेक्नोलॉजी से लैस है। यानी इसे एक साथ कई टारगेट्स पर लॉन्च किया जा सकता है। इसका पहला परीक्षण अप्रैल 2012 में हुआ था।

अग्नि-5 की रेंज 5000 किमी है। ऐसे में यह मिसाइल पाकिस्तान, चीन, तुर्किये जैसे कई देशों तक मार करने की क्षमता रखती है। मिसाइल 7500 किलोग्राम के बंकर बस्टर वॉरहेड ले जाने और जमीन में 100 मीटर की गहराई तक जाकर दुश्मनों के न्यूक्लियर सिस्टम, रडार सिस्टम, कंट्रोल सेंटर, हथियार स्टोरेज को तबाह कर सकेगी।

अग्नि-5 भारत की पहली और एकमात्र इंटर कॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल है, जिसे रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने बनाया है। ये भारत के पास मौजूद लंबी दूरी की मिसाइलों में से एक है। रेंज 5 हजार किलोमीटर है। अग्नि- 5 बैलिस्टिक मिसाइल एक साथ कई हथियार ले जाने में सक्षम है। मल्टिपल इंडिपेंडेंटली टार्गेटेबल रीएंट्री व्हीकल से लैस है। यानी एक साथ कई टारगेट्स के लिए लॉन्च की जा सकती है।

डेढ़ टन तक न्यूक्लियर हथियार अपने साथ ले जा सकती है। इसकी स्पीड मैक 24 है, यानी आवाज की स्पीड से 24 गुना ज्यादा। लॉन्चिंग सिस्टम में कैनिस्टर तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। इस वजह से इस मिसाइल को कहीं भी आसानी से ट्रांसपोर्ट किया जा सकता है।

### अमेरिका बोला : भारत पर प्रतिबंध का मकसद रूस पर दबाव बनाना

**वॉशिंगटन ( एजेंसी )।** अमेरिका ने रूस पर दबाव बनाने के लिए भारत पर आर्थिक प्रतिबंध लगाए हैं। व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी कैरोलीन लीविट ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी। इससे पहले तक ट्रम्प प्रशासन रूस से तेल लेने पर भारत के खिलाफ की गई आर्थिक कार्रवाई को पैनल्टी या टैरिफ बताता रहा है। ट्रम्प ने भारत पर अब तक कुल 50 टैरिफ लगाने का फैसला किया है। इसमें 25त्न रेसीप्रोकल यानी जैसे को तैसा टैरिफ और रूस से तेल खरीदने पर 25त्न पैनल्टी है। रेसीप्रोकल टैरिफ 7 अगस्त से लागू हो गया है, जबकि पेनल्टी 27 अगस्त से लागू होगी। लीविट के मुताबिक इसका मकसद रूस पर सेकेंडरी प्रेशर डालना है, ताकि वह युद्ध खत्म करने पर मजबूर हो। लीविट ने दावा किया कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत-पाक संघर्ष को रोकने में ट्रम्प ने अहम भूमिका निभाई थी। प्रेस सेक्रेटरी के मुताबिक ट्रम्प ने व्यापार को हथियार की तरह इस्तेमाल कर इस संघर्ष को खत्म कराया। लीविट ने कहा कि ट्रम्प ने अजरबैजान और आर्मेनिया के बीच पीस डील कराई। साथ ही रवांडा और डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कॉन्गो के बीच संघर्ष खत्म करने में मदद की। व्हाइट हाउस के मुताबिक, फिलहाल ट्रम्प का सबसे ज्यादा ध्यान रूस-यूक्रेन और इजराइल-हमास जंग को खत्म कराने पर है। ट्रम्प पहले भी कई बार भारत-पाक संघर्ष को खत्म कराने का श्रेय खुद को दे चुके हैं। ट्रम्प ने सोमवार देर रात (भारतीय समयानुसार) व्हाइट हाउस में यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से मुलाकात की थी। ट्रम्प ने इस बातचीत को सफल बताया। वहीं जेलेंस्की ने कहा कि यह अब तक की उनकी सबसे अच्छी बातचीत रही। हालांकि इस दौरान रूस-यूक्रेन के बीच सीजफायर पर सहमति नहीं बनी। ट्रम्प ने कहा कि फिलहाल इतनी जल्दी सीजफायर संभव नहीं है।

### सीएसडीएस के डायरेक्टर संजय कुमार पर महाराष्ट्र में एफआईआर

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** पॉलिटिकल एनालिसिस करने वाली संस्था सेंटर फॉर स्टडी ऑफ डेवलपिंग सोसायटीज के डायरेक्टर संजय कुमार पर महाराष्ट्र पुलिस ने बुधवार को एफआईआर दर्ज की। उन पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 175, 353(1)(क्), 212 और 340(1)(2) के तहत केस दर्ज हुआ है। संजय पर गलत जानकारी देने और चुनाव संबंधी उल्लंघनों से जुड़े आरोप हैं। संजय ने 17 अगस्त को महाराष्ट्र विधानसभा की सीटों पर वोटों की संख्या कम होने को लेकर सोशल मीडिया पोस्ट की थी। हालांकि, 19 अगस्त को उन्होंने पोस्ट डिलीट करके माफी भी मांगी थी। उन्होंने आंकड़े गलत होने की बात कही थी। इसके अलावा इंडियन काउंसिल ऑफ सोशल साइंस रिसर्च ने भी सीएसडीएस को नोटिस जारी किया। यह भी महाराष्ट्र चुनाव के आंकड़ों की सोशल मीडिया पोस्ट से जुड़ा है। आईसीएसएसआर का आरोप है कि सीएसडीएस ने चुनाव आयोग के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन की पक्षपातपूर्ण व्याख्या के आधार पर मीडिया स्टोरी पब्लिश की थीं। पुरानी पोस्ट में दावा किया गया था कि महाराष्ट्र की विधानसभा संख्या 59 रामटेक में 2024 लोकसभा चुनाव में 4 लाख 66 हजार 203 मतदाता थे।

### पटेला री पोल

**गंभीर केस में गिरफ्तारी पर, कुर्सी का जाना तय**
**झटपट विधेयक पास हुआ, नहीं केस दर्ज का भय**
**झूठी पब्लिसिटी के चक्कर में, कर रहे तब ऐसी बात**
**भ्रष्टाचार में बरी हो जाते, देते फिरते लोकतंत्र को घात**

..मुखिया जी

# विपक्षी सांसदों ने फाड़ी कॉपी अमित शाह की ओर फेंके कागज

## पीएम-सीएम को हटाने से जुड़े बिल पर विवाद, भड़की भाजपा



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारी हंगामे और नारेबाजी के बीच गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को लोकसभा में तीन विवादास्पद विधेयक पेश किए जिसके तहत लगातार 30 दिनों तक गिरफ्तार रहने पर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्रियों को हटाया जा सकता है। विपक्ष ने इस विधेयक को कठोर करार देते हुए दावा किया है कि सरकार इसका इस्तेमाल मंत्रियों और मुख्यमंत्रियों की मनमानी गिरफ्तारी के माध्यम से विपक्ष शासित राज्यों को अस्थिर करने के लिए करेगी। विधेयक की प्रतियां लोकसभा में फाड़कर गृह मंत्री अमित शाह की ओर फेंकी गईं।

इसको लेकर सियासत तेज हो गई है। भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि विपक्ष किसका विरोध कर रहा है, नैतिकता का या भ्रष्टाचार का? आख़िरकार, भारतीय राजनीति में अगर हम नैतिकता के आधार पर और भ्रष्टाचार के ख़िलाफ़ इस्तीफ़ा देने की बात करते हैं, और फिर क़ानून बनाने की बात करते हैं, तो विपक्ष इसका विरोध क्यों करता है? आज लड़ाई साफ़ है। भ्रष्टाचारियों के साथ कौन खड़ा है- विपक्ष; और भ्रष्टाचार से मुक्त कौन है- भाजपा। विपक्ष और संसद में हुई ऐसी कार्रवाइयों ने लोकतंत्र को शर्मसार किया है और यह भी दिखाया है कि विपक्ष भ्रष्टाचार के साथ खड़ा है और भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार है।

लोजपा (रामविलास) सांसद शांभवी चौधरी ने कहा कि विपक्ष कभी किसी विधेयक पर चर्चा नहीं करना चाहता। जब उन्हें अपनी बात रखने का मौका मिलता है, तो वे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के चेहरे पर कागज फेंकते हैं, वह भी संसद के अंदर; फिर उनमें और अपराधियों में क्या अंतर है? यह बेहद चौंकाने वाला है। बीजेपी सांसद रवि किशन ने कहा कि मैं इसकी कड़ी निंदा करता हूं, विपक्ष ने गुंडागर्दी की हदें पार कर दी हैं. उन्होंने कागज फेंके और अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया...मैंने ऐसा दृश्य पहले कभी नहीं देखा. मैं इस व्यवहार की निंदा करता हूं।

भाजपा सांसद अपराजिता सारंगी ने कहा कि टीएमसी के लोग संसद में हंगामा कर रहे थे। उनके साथ कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल के सदस्य भी अपनी सीटों पर बैठकर हंगामा कर रहे थे। हम संसद में रचनात्मक कार्य करने जाते हैं।

अगर देश के गृह मंत्री कोई विधेयक लाए हैं, तो उनकी बात सुनना हमारा कर्तव्य है... हम इस तरह के व्यवहार की निंदा करते हैं। जैसे ही शाह विधेयकों को संयुक्त समिति के पास जाँच के लिए भेजने का प्रस्ताव रख रहे थे, तृणमूल सांसद कल्याण बनर्जी और अन्य विपक्षी नेताओं ने विधेयकों की प्रतियाँ फाड़कर गृह मंत्री पर फेंक दीं। तस्वीरों में मंत्री के पास कागज़ के टुकड़े गिरते हुए दिखाई दे रहे थे। हालाँकि, बनर्जी ने विधेयकों की प्रतियाँ फाड़ने से इनकार किया। वर्तमान में किसी मौजूदा मंत्री पर गंभीर अपराध का आरोप होने पर उसे हटाने का कोई प्रावधान नहीं है।

## उपराष्ट्रपति चुनाव

### एनडीए उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन ने नॉमिनेशन भरा



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन ने नामांकन दाखिल कर दिया है। पीएम नरेंद्र मोदी पहले प्रस्तावक बने। नामांकन के दौरान गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत कई नेता मौजूद थे। नॉमिनेशन से पहले राधाकृष्णन ने संसद परिसर में स्थित गांधी प्रतिमा पर फूल चढ़ाए। 17 अगस्त को हुई भाजपा संसदीय दल की बैठक में उनके नाम पर सहमति बनी थी। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर राधाकृष्णन के नाम का ऐलान किया था।

राधाकृष्णन का मुकाबला विपक्षी गठबंधन के उम्मीदवार सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस बी सुदर्शन रेड्डी से होगा। खास बात है कि दोनों उम्मीदवार दक्षिण से हैं। रेड्डी 21 अगस्त को नामांकन करेंगे। उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए 9 सितंबर को वोटिंग होगी। उसी दिन काउंटिंग भी होगी। नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 21 अगस्त है। 25 अगस्त तक उम्मीदवारी वापस ली जा सकती है। दरअसल, उपराष्ट्रपति का चुनाव जगदीप धनखड़ के 21 जुलाई की रात अचानक इस्तीफा देने की वजह से हो रहा है। 74 साल के धनखड़ का कार्यकाल 10 अगस्त 2027 तक था। इण्डिया ने सुप्रीम कोर्ट से रिटायर्ड जस्टिस बी सुदर्शन रेड्डी को 19 अगस्त को उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए अपना उम्मीदवार बनाया है। उनका मुकाबला एनडीए के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन से होगा। 79 साल के रेड्डी गुवाहाटी हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस और गोवा के पहले लोकायुक्त रह चुके हैं। वे आंध्र प्रदेश के रहने वाले हैं। 2007 में सुप्रीम कोर्ट का जज नियुक्त किया गया था। दोनों उम्मीदवार दक्षिण से हैं। रिटायर्ड जस्टिस रेड्डी आंध्रप्रदेश से, जबकि सीपी राधाकृष्णन तमिलनाडु से हैं।

# राहुल ने 130वें संविधान संशोधन बिल को लेकर साधा निशाना



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को तीन विवादास्पद विधेयकों को पेश किए जाने की निंदा की, जिनमें गंभीर आरोपों में 30 दिन जेल में बिताने के बाद प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्रियों को पद से हटाने का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि यह कदम देश को मध्ययुगीन काल में ले जा रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को लोकसभा में तीन विधेयक पेश किए, जिनके तहत प्रधानमंत्री और राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों को लगातार 30 दिनों तक गिरफ्तार रहने पर पद से हटाया जा सकेगा। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा कि हम मध्ययुगीन काल में वापस जा रहे हैं जब राजा अपनी इच्छा से किसी को भी हटा सकता था, या अगर उसे किसी का चेहरा पसंद नहीं आता था, तो वह उसे गिरफ्तार करने के लिए ईडी से कह सकता था, और लोकतांत्रिक रूप से चुने गए व्यक्ति को 30 दिनों के भीतर बाहर निकाला जा सकता था। आपराधिक आरोपों में गिरफ्तार किए गए और लगातार 30 दिन हिरासत में रखे गए प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों को पद से हटाने के प्रावधान वाले तीन विधेयक बुधवार को लोकसभा में पेश किए गए जिन्हें सदन ने अध्ययन के लिए संसद की संयुक्त समिति को भेजने का फैसला किया।

### बिहार के बाद अब पूरा देश लड़ेगा!

**राहुल गांधी का चुनाव चोरी पर हल्ला बोल**

चुनावी राज्य बिहार में अपनी मतदाता अधिकार यात्रा को मिली सकारात्मक प्रतिक्रिया की सराहना करते हुए, कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बुधवार को विश्वास व्यक्त किया कि पूरा देश चुनावी चोरी का भी विरोध करेगा। संसद परिसर में पत्रकारों से बात करते हुए, कांग्रेस नेता ने कहा कि प्रतिक्रिया बहुत अच्छी है। बिहार में अब हर कोई वोट चोरी कह रहा है। यह वास्तविकता है। चुनावी चोरी की कोशिश की जा रही है। बिहार विरोध कर रहा है। पूरा देश विरोध करेगा। कांग्रेस नेता ने हाल ही में कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया के चुनाव जीतने पर भाजपा सांसद राजीव प्रताप रूडी को बधाई दी और उनसे हाथ मिलाया। मतदाता अधिकार यात्रा रविवार को सासाराम से शुरू हुई। 16 दिनों की यह यात्रा बिहार में मतदाता सूची के चुनाव आयोग द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और कथित वोट चोरी के विरोध में आयोजित की गई है। दूसरे दिन, गांधी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव के साथ औरंगाबाद पहुँचे। 19 अगस्त (मंगलवार) को गांधी ने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के नेता दीपांकर भट्टाचार्य के साथ बिहार के नेवादा में रैली की। यह यात्रा 20 से ज़्यादा ज़िलों में 1,300 किलोमीटर से ज़्यादा की दूरी तय करेगी और 1 सितंबर को पटना में समाप्त होगी।

### मुख्तार के बेटे अब्बास की विधायकी बहाल होगी

**प्रयागराज।** मुख्तार अंसारी के बड़े बेटे अब्बास को हेट स्पीच केस में इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। बुधवार को हाईकोर्ट के जस्टिस समीर जैन ने मऊ की एमपी/एमएलए कोर्ट के उस फैसले पर रोक लगा दी, जिसमें अब्बास को 2 साल की सजा सुनाई गई थी। हाईकोर्ट के फैसले पर लीगल एक्सपर्ट का कहना है कि अब अब्बास अंसारी की विधायकी बहाल होगी। मामला 2022 के विधानसभा चुनाव से जुड़ा है। अब्बास सुभासपा के टिकट पर मऊ की सदर सीट से चुनाव लड़ रहे थे। एक जनसभा में अब्बास ने कहा था- सपा मुखिया अखिलेश यादव से कहकर आया हूं, सरकार बनने के बाद 6 महीने तक किसी की ट्रांसफर-पोस्टिंग नहीं होगी।

# दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर सीएम हाउस में हमला

### आरोपी गुजरात का, सीसीटीवी में रेकी करता दिखा



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर बुधवार सुबह सीएम आवास में जनसुनवाई के दौरान हमला हुआ। दिल्ली सीएम ने शाम करीब 6 बजे एक्स पर लिखा, जनसुनवाई के दौरान मेरे ऊपर हुआ हमला दिल्ली की सेवा और जनता की भलाई के संकल्प पर कायराना प्रयास है। हमले के बाद सदमे में थी। अब बेहतर महसूस कर रही हूं। वहीं, भाजपा विधायक हरीश खुराना ने घटना में आम आदमी पार्टी के शामिल होने का दावा किया है। उन्होंने सोशल मीडिया साइट एक्स पर गुजरात के आप विधायक गोपाल इटालिया के साथ आरोपी की फोटो शेयर की। खुराना ने पोस्ट में लिखा- जिसका शक था वही हुआ। अरविंद केजरीवाल के खास गोपाल इटालिया के साथ फोटो बहुत कुछ कह रही है। रेखा गुप्ता जी के ऊपर हुए हमले का कनेक्शन आप से जुड़ता है। केजरीवाल जी प्लीज एक्सप्लेन- यह रिश्ता क्या कहलाता है। आरोपी राजेशभाई (41) गुजरात के राजकोट का रहने वाला है। उस पर हत्या की कोशिश का केस दर्ज किया गया है। सोशल मीडिया में सीसीटीवी भी वायरल हो रहा है। इसमें खीमजीभाई 19 अगस्त को सीएम के शालीमार बाग निवास का रेकी करता हुआ दिख रहा है। वर्मा का दावा- आरोपी ने पहले रेकी की थी दिल्ली सरकार में मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा- दिल्ली को एक ऐसी मुख्यमंत्री मिली है जो रोजाना अपने आवास पर जनसुनवाई कर रही हैं।

# मुंबई में लगातार तीसरे दिन स्कूल-कॉलेज, दफ्तर बंद



**मुंबई ( एजेंसी )।** मुंबई में तेज बारिश का बुधवार को तीसरा दिन है। 24 घंटे में यहां 300 एमएम बारिश हुई। मुंबई में लगातार तीसरे दिन स्कूल-कॉलेज, गवर्नमेंट और सेमी-गवर्नमेंट ऑफिस बंद रहे। मुंबई लोकल की 34 ट्रेनें (17 जोड़ी) कैंसिल हैं। 250 से ज्यादा फ्लाइट्स पर भी असर पड़ा है।

मंगलवार शाम मुंबई में एक मोनोरेल से करीब 800 लोगों को रेस्क्यू किया गया। मैसूर कॉलोनी रेलवे स्टेशन के पास शाम 6 बजे एक मोनोरेल एलिवेटेड ट्रैक पर अटक गई थी। इसमें मौजूद 582 यात्रियों को विंडो तोड़कर क्रेन की मदद से करीब 40-50 फीट की ऊंचाई से रेस्क्यू किया गया।

रेल में सवार यात्री सागर ने कहा- बिजली और एसी बंद होने से डिब्बों में घुटन होने लगी थी। बाहर बारिश हो रही थी और अंधेरा बढ़ रहा था। सबसे डरावना पल तब था, जब ट्रेन खतरनाक ढंग से झुक गई थी, हम दुआ कर रहे थे कि जिंदा बाहर निकल जाएं। यूपी के फर्रुखाबाद में गंगा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। यहां 100 से ज्यादा गांव बाढ़ की चपेट में हैं। कानपुर में गंगा का जलस्तर डेंजर लेवल से सिर्फ 11 सीएम. दूर है। पिछले 24 घंटे में गंगा बैराज में 4 सीएम. पानी बढ़ा। यहां जलस्तर 114.79 मीटर तक पहुंचा है। 5 गांव में बाढ़ का पानी घुसा है। महाराष्ट्र समेत 23 राज्यों में बारिश के आसार मौसम विभाग ने बुधवार को महाराष्ट्र, गुजरात और गोवा में बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। इनके अलावा तेलंगाना, बिहार में ऑरेंज अलर्ट और राजस्थान, मध्य प्रदेश, हिमाचल, उत्तराखंड समेत 18 राज्यों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में 'सहकार से समृद्धि' के मार्ग पर राजस्थान

# किसानों की मिटेगी चिन्ता, अन्न की रूकेगी बर्बादी

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। अन्नदाता किसान विषम परिस्थितियों में भी मेहनत कर हम सभी के लिए अन्न उपजाते हैं। लेकिन मौसम की बेरूखी और भण्डारण क्षमता के अभाव में कई बार उनकी उपज बर्बाद हो जाती है। किसानों की इसी परेशानी को ध्यान में रखते हुए राज्य में सहकारी क्षेत्र में बड़े स्तर पर गोदामों का निर्माण कर अन्न भण्डारण क्षमता विकसित की जा रही है।

'सहकार से समृद्धि' कार्यक्रम के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा सहकारिता क्षेत्र में विश्व की वृहत् अन्न भण्डारण योजना का संचालन किया जा रहा है। इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ पूर्ण रूप से राजस्थान के किसानों को मिले और उनकी उपज सुरक्षित रहे, इसके लिए मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य में विशेष प्रयास किये जा रहे हैं। राज्य सरकार द्वारा वित्त पोषित इस योजना के अंतर्गत उत्पादन की तुलना में अपेक्षाकृत कम भण्डारण क्षमता वाले जिलों को प्राथमिकता दी जा रही है।

राज्य सरकार की बजट घोषणा वर्ष 2024-25 में 500 मीट्रिक टन क्षमता के 100 गोदाम एवं 100 मीट्रिक टन क्षमता के 50 जीर्ण-शीर्ण गोदामों के निर्माण हेतु 31 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया। इसी प्रकार, बजट घोषणा वर्ष 2025-26 में अन्न भण्डारण हेतु 500 मीट्रिक टन क्षमता के 100, 250 मीट्रिक टन क्षमता के 50 एवं 100 मीट्रिक टन क्षमता के 100 जीर्ण-शीर्ण गोदामों के निर्माण हेतु 45 करोड़ रूपये का




प्रावधान किया गया। राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत भी 500 मीट्रिक टन क्षमता के 48 गोदामों के निर्माण की अनुमति प्राप्त हो चुकी है।

योजना के अंतर्गत अन्न भण्डारण हेतु वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में कुल 1 लाख 61 हजार 500 मीट्रिक टन अतिरिक्त भण्डारण क्षमता सृजन का लक्ष्य है। वर्ष 2024-25 की बजट घोषणा के अंतर्गत 500 मीट्रिक टन क्षमता के घोषित 100 गोदामों में से 36 गोदामों का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। विगत 17 जुलाई को केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा इनमें से 24 गोदामों का लोकार्पण भी किया जा चुका है। वर्ष 2024-25 की ही बजट घोषणा के अंतर्गत 100 मीट्रिक टन क्षमता के 50 जीर्ण-शीर्ण गोदामों के पुनर्निर्माण का कार्य प्रक्रियाधीन है। इसी प्रकार, बजट घोषणा वर्ष 2025-26 में घोषित 500 मीट्रिक टन क्षमता के 100 गोदामों में से 47 गोदामों तथा 250 मीट्रिक टन क्षमता के 50 गोदामों में से 47 गोदामों की स्वीकृति जारी की जा चुकी है। साथ ही, बजट घोषणा वर्ष 2025-26 अन्तर्गत घोषित 100 मीट्रिक टन क्षमता के 100 जीर्ण-शीर्ण गोदामों के पुनर्निर्माण के अन्तर्गत 82 गोदामों की स्वीकृति जारी की जा चुकी है। इन गोदामों को प्राथमिकता से किराये पर लिए जाने के लिए राष्ट्रीय स्तर की संस्थाओं नैफेड एवं एनसीसीएफ द्वारा आश्वासन पत्र प्रदान किया गया है। सहकारिता विभाग द्वारा भी सरकारी विभागों/संस्थाओं को प्राथमिकता देने के साथ-साथ गोदामों को निजी क्षेत्र को भण्डारण हेतु किराये पर दिये जाने का विकल्प खुला रखा है, जिसके संबंध में विभाग द्वारा एसओपी जारी की गई है। नये गोदामों के निर्माण से किसानों को कम दामों पर अपनी उपज बेचने की मजबूरी से मुक्ति मिलेगी। साथ ही, ग्राम सेवा सहकारी समितियों के पास पर्याप्त भण्डारण व्यवस्था उपलब्ध होने से अनाजों की ढुलाई में आने वाली लागत भी कम होगी।

CMYK

## जिला स्तरीय जनसुनवाई आज जिला कलेक्टर सुनेंगे परिवाद

**सलूंबर (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य सरकार की जन भावना के अनुरूप पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं, समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिये जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा। अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजलक्ष्मी गहलोत ने बताया कि जिला स्तर पर आमजन की परिवेदनाओं के संबंध में जनसुनवाई जिला कलक्टर अवधेश मीना की अध्यक्षता में 21 अगस्त, 2025 (गुरूवार) को प्रातः 11 बजे से कलेक्ट्रेट परिसर स्थित वीसी कक्ष में रखी गई है।जनसुनवाई में परिवादियों द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र, राजस्थान सम्पर्क पोर्टल की विस्तृत समीक्षा के साथ त्रिस्तरीय जनसुनवाई तथा लम्बित प्रकरणों की समीक्षा की जाएगी।

### अच्छे अभियुक्त गिरफ्तार तीन स्थानों का स्थाई वारंटी जगदीश गुर्जर गिरफ्तार

# पीसांगन पुलिस ने तीन ट्रैक्टरों की चोरी का किया खुलासा घटना में प्रयुक्त बोलेरो जप्त



**मागलियावास (हुक्मनामा समाचार)।** जिले में अपराधों पर नियंत्रण एवं बदमाशों की धर पकड हेतु अजमेर जिला पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा द्वारा जिले में समस्त थाना अधिकारियों को एक विशेष अभियान चलाकर अधिक से अधिक वारदातों का खुलासा करने के निर्देश दिए गए।। विशेष अभियान के तहत दीपक शर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अजमेर के निर्देशन में एवं वार्ता अधिकारी व्रत ग्रामीण रामचंद्र चौधरी के निकट सुपरविजन में थाना अधिकारी प्रहलाद सहाय पुलिस निरीक्षक के नेताओं में टीम द्वारा पुलिस थाना टीम का गठन किया जाकर मुखबिर मामूर किए गए तथा तकनीकी सहायता से मामले का खुलासा किया गया। घटनाक्रम परिवादी महावीर सिंह पुत्र शंकर सिंह जाति रावत उम्र 35 वर्ष निवासी मेवाडिया पुलिस थाना पिसागंज जिला अजमेर ने उपस्थित थाना होकर 11.7.2025 को रिपोर्ट पेश कर बताया कि मेरा ट्रैक्टर ट्राली मेवाडिया रोड पीसांगन पेट्रोल पंप के पास खड़ा था जो सुबह वापस देखा तो नहीं मिला रात्रि में आजा चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया। शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर एएसआई सुरेंद्र कुमार को जांच सौंपी गई। क्षेत्र में वाहन चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने हेतु विशेष टीम गठित की गई टीम द्वारा अधिक व्यक्तियों की चेकिंग और सूचना तंत्र में तकनीकी साक्ष से अभियुक्त का पता लगाया जाकर बाद पूछताछ गिरफ्तार किया गया। प्रकरण में चोरी का ट्रैक्टर ट्राली जप्त किया गया । आरोपियों ने पुलिस पूछताछ में शौक मौज मस्ती करने के लिए साथियों से मिलकर रात्रि के समय रेकी करते थे और सुनसान जगह घरों के बाहर खड़े ट्रैक्टर मिलने पर अपने साथियों के साथ मिलकर ट्रैक्टर की चोरी कर सस्ते दामों में आगे बेचता था। गिरफ्तार आरोपी जगदीश पुत्र कालू गुर्जर निवासी भटसुरी के खिलाफ पीसांगन थाने में दो मुकदमे दर्ज हैं, क्रिश्चियन गंज थाने में तीन मुकदमे कोतवाली में एक ब्यावर सदर में आनंदपुर कालू में एक बागोर जिला भीलवाड़ा में एक और मंडल जिला भीलवाड़ा में एक-एक मुकदमा दर्ज है। दूसरा गिरफ्तार आरोपी दयाल उर्फ दयाल पुत्र नानू जाति गुर्जर निवासी भटसुरी, जगदीश पुत्र रायमल गुर्जर निवासी श्यामपुर पुलिस थाना रास राधेश्याम पुत्र प्रभु राम जाति गुर्जर निवासी प्रतापपुर राजपाल उर्फ राजू पुत्र कानाराम गुर्जर निवासी श्यामपुर पुलिस थाना रास रामपाल सिंह पुत्र नरसिंह जाति विश्नोई निवासी वंदना पंचायत समिति रतियां कल पुलिस थाना भोपालगढ़ जोधपुर हाल मकान नंबर 12 शांति नगर मगर पुंजिला जोधपुर को गिरफ्तार किया गया है।। पीसांगन पुलिस थाना अधिकारी प्रहलाद सहाय के नेतृत्व में गठित टीम में एएसआई सुरेंद्र कुमार, दीवान गुलाब राम दीवान छोटू लाल कांस्टेबल प्रधान धर्मेंद्र प्रकाश सुरेश प्रेमसुख रामकिशन राजेंद्र दिनेश कुशल सुखराम शोभाराम धर्म सिंह लोकेश को शामिल किया गया वहीं अजमेर साइबर सेल से हेड कांस्टेबल सीताराम कांस्टेबल रामनिवास और कांस्टेबल अजीत का योगदान रहा।

## राजीव गांधी की जयंती मनाई



**मदनगंज किशनगढ़(हुक्मनामा समाचार)।** राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर राजीव गांधी स्मृति भवन, कांग्रेस कार्यालय किशनगढ़ में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक डॉ. विकास चौधरी के सानिध्य में हुआ। इस अवसर पर उपस्थित सदस्यों ने भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्व राजीव गांधी के जीवन एवं योगदान पर अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने उनके आधुनिक भारत के निर्माण में किए गए कार्यों, विज्ञान और तकनीकी क्षेत्र में उनके योगदान तथा युवाओं के प्रति उनकी दूरदृष्टि को याद किया। जयंती अवसर पर उपस्थित सभी अतिथियों एवं कांग्रेसजनों ने राजीव गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मोहित खंडेलवाल, नगर कांग्रेस अध्यक्ष आज़म कुरैशी, नेता प्रतिपक्ष हमीदा बानो जगदीश गोरा, शांतिलाल झाझंरी, सुशील अजमेरा, घनश्याम सोडा, राकेश शर्मा, दीपक खटाना, राधेश्याम वैष्णव, महेंद्र कुमार सेन, केसरीमल डूकिया युवा कांग्रेस अध्यक्ष कमल डिडवानिया, मदन मेघवाल, तेजपाल बजाड़, सलीम शेख, नरेश बाकलीवाल, अशोक तेजी, मुस्ताक शेख, गणेश आचार्य, अरमान खान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री आवास निर्माण हेतु पट्टा जारी करने की मांग को लेकर तीन गांवों के ग्रामीणों ने उपखंड कार्यालय पर धरना देकर प्रदर्शन किया

**किशनगंज (हुक्मनामा समाचार)।** पंचायत समिति की ग्राम पंचायत बजरंगगढ़ के नयागांव ,अहमदा, अहमदी के ग्रामीणों ने बुधवार को किशनगंज उपखंड कार्यालय पर पहुंचकर दर्जनों पुरुष, महिलाओं ने भीम आर्मी आजाद समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष कमल बेरवा, नरेंद्र मीणा के नेतृत्व में बुधवार को किशनगंज उपखंड कार्यालय पर धरना देकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद किशनगंज उपखंड अधिकारी राकेश कुमार रावत को ज्ञापन दिया जिसमें बताया कि नयागांव ,अहमदा ,अहमदी के गरीब जाति के लोग आजादी से पूर्व बरसों से कच्चे मकान झोपड़ी में रह रहे।

उनके प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत हुए हैं मगर पट्टा नहीं होने के कारण प्रधानमंत्री आवास का निर्माण नहीं हो पा रहा है। अहमदा,अहदी के बीच अधिक बरसात के कारण एनिकट टूट गया जिसका निर्माण शीघ्र कराया जाए, रामपुरिया गांव के पात्र लोगों को पीएम आवास दिलाया जाए, करवरी कला में बनाया जा रहा हथियादह बांध के कारण विस्थापित हो चुके व्यक्तियों को अभी तक मकान, बाड़े , खलिहान ,खेत आदि का मुआवजा नहीं मिला सर्वे करा कर उनको मुआवजा दिया जाए,जलवाड़ा में कुछ दिन पूर्व विद्युत विभाग की लापरवाही से करीब 100 भैसो की तालाब में करंट लगने से मौत हुई थी मगर सरकार ने 20000 रुपए मुआवजा दिया जाना तय किया गया जबकि पशुपालक को प्रति भैंस एक लाख मुआवजा दिया जाए,ज्ञापन देने वालों में पूर्व जिला अध्यक्ष कमल बेरवा ,नरेंद्र मीणा ,किसान यूनियन जिला उपाध्यक्ष प्रेम मीणा, दीनदयाल धाकड़, राजू, बाबू भाई ,राजूसहरिया, रूप सिंह, चमेली, बाई ,राजेंद्र, पप्पू ,रामचंद्र, द्वारका लाल, भंवरलाल आदि मौजूद

### अल्पसंख्यक विद्यार्थियों हेतु सीएम अनुप्रति कोचिंग योजना में 14 सितम्बर तक होंगे ऑनलाइन आवेदन

**सलूंबर (हुक्मनामा समाचार)।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी खुशबू शर्मा ने बताया की अल्पसंख्यक विद्यार्थियों हेतु विभिन्न प्रोफेशनल कोर्स की प्रवेश परीक्षा और प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले अभ्यर्थियों के लिए मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना के ऑनलाईन आवेदन शुरू हो गए है।अभ्यर्थी स्वयं की एसएसओ आई डी पर लॉगिन कर पर क्लिक कर का चयन कर ड्रापडाउन में से के विकल्प पर जाकर या ई-मित्र से 14 सितम्बर, 2025 तक ऑनलाईन आवेदन कर सकते है।

## किशनगढ़ विधायक विकास चौधरी ने किया विधानसभा क्षेत्र का दौरा



**मदनगंज किशनगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** किशनगढ़ विधायक विकास चौधरी ने बुधवार को निर्वाचन क्षेत्र का दौरा किया। क्षेत्र में जगह-जगह जाकर आमजन से मिले और जनता की मूलभूत समस्याओं को समझा। विधायक चौधरी ने मौके पर ही अधिकारियों को संज्ञान में आई जन-समस्याओं को लेकर अवगत कराया और तुरंत समाधान के निर्देश दिए। अतिवृष्टि के कारण किसानों को हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए ग्राउंड जीरो पर पहुंचे। संबंधित अधिकारियों को गिरदावरी मे किसानों को आ रही परेशानी को दूर करने व जहां पर गिरदावरी शुरू नहीं हुई वहां पर कड़ी फटकार लगाते हुए अधिकारियों को किसानों को त्वरित राहत प्रदान करने के लिए पाबंद किया। विधायक विकास चौधरी ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में किसानो के लिए खेती व पशुपालन ही एकमात्र जीविकोपार्जन का जरिया है।

### बीए द्वितीय वर्ष के परिणाम में शत-प्रतिशत सफलता

## लॉर्ड तिरुपति महाविद्यालय की बेटियों ने रचा नया इतिहास



**केकड़ी (हुक्मनामा समाचार)।** लॉर्ड तिरुपति महाविद्यालय ने एक बार फिर शैक्षणिक उत्कृष्टता का परचम लहराया है। बीए द्वितीय वर्ष (तृतीय सेमेस्टर) परीक्षा परिणाम में महाविद्यालय की छात्राओं ने शत-प्रतिशत सफलता हासिल कर संस्थान का नाम रोशन किया।इस परीक्षा में —कृष्णा चौधरी ने 77.50त्न अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। आरती कुमारी रेगर ने 75.75त्न अंकों के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया।अक्षिता जैन ने 75.25त्न अंकों के साथ तीसरा स्थान अर्जित किया।महाविद्यालय प्रशासन एवं प्राध्यापकों ने सफलता पर छात्राओं को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संस्थान प्रबंधन ने कहा कि बेटियों की यह उपलब्धि महाविद्यालय ही नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। लॉर्ड तिरुपति महाविद्यालय अपनी छात्राओं की इस सफलता को प्रेरणास्पद मानते हुए शिक्षा की गुणवत्ता एवं उत्कृष्ट परिणाम देने की दिशा में सतत प्रयासरत है।

## पिता के नशे से परेशान बालिका को मिला सखी वन स्टॉप सेंटर पर सुरक्षित आसरा



**चित्तौड़गढ (हुक्मनामा समाचार)।** कालिका पेट्रोलिंग यूनिट एवं चाईल्ड हेल्पलाइन टीम की तत्परता से एक बालिका को सुरक्षित आश्रय मिल सका।

रोडवेज बस स्टैंड चित्तौड़गढ़ पर गश्त के दौरान कालिका पेट्रोलिंग यूनिट को एक बालिका लावारिस अवस्था में बैठी हुई मिली। तुरंत कार्रवाई करते हुए सूचना चाईल्ड हेल्पलाइन को दी गई। हेल्पलाइन टीम मौके पर पहुंचकर बालिका को चिकित्सकीय जांच हेतु अस्पताल ले गई, तत्पश्चात बाल कल्याण समिति (ष्टङ्खष्ट) चित्तौड़गढ़ के समक्ष प्रस्तुत किया।

## मुख्यमंत्री अनुप्रति कोंचिग योजना के अन्तर्गत इच्छुक अभ्यर्थी 14 सितम्बर तक करें ऑनलाईन आवेदन

**झालावाड़ (हुक्मनामा समाचार)।**सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, राजस्थान जयपुर द्वारा संचालित मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजनान्तर्गत सम्मिलित प्रोफेशनल कोर्स हेतु आयोजित प्रवेश परीक्षाओं एवं सरकारी नौकरियों के लिए आयोजित होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी उत्कृष्ट ढंग से कराने एवं समान अवसर प्रदान करने के लिए विभाग द्वारा ऑनलाईन पोर्टल पर सूचीबद्ध कोचिंग संस्थानों में कोचिंग करने हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों से सत् 2025-26 के लिए ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये गए हैं। विभाग के उप निदेशक रामनिवास यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना के संशोधित नवीनतम विस्तृत दिशा-निर्देश एवं मानक संचालन प्रक्रिया के प्रावधानों के अनुसार पात्र अभ्यर्थी कोचिंग किये जाने हेतु अपने आवेदन एसएसओ पोर्टल पर लॉगिन कर मुख्यमंत्री अनुप्रति कोंचिग स्कीम का चयन कर ड्रापडाउन में से "स्टूडेन्ट" के विकल्प पर जाकर 14 सितम्बर 2025 तक ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं।

### जिला कलक्टर एवं आईजी रेंज ने की रूट विजिट

## अनंत चतुर्दशी शोभायात्रा मार्ग की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**कोटा (हुक्मनामा समाचार)।** जिला कलक्टर पीयूष समारिया ने बुधवार को अनंत चतुर्दशी के शोभायात्रा मार्ग का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान आईजी कोटा रेंज राजेन्द्र प्रसाद गोयल एवं पुलिस अधीक्षक कोटा शहर तेजस्वनी गौतम सहित अन्य अधिकारी भी साथ थे। अनंत चतुर्दशी शोभायात्रा मार्ग की रूट विजिट प्रातः 9 बजे सूरजपोल गेट से शुरू हुई। वहां से मोखापाडा, कैथूनीपोल थाना, इंद्रा बाजार, सब्जी मंडी से होते हुए सभी अधिकारी रामपुरा बाजार होते हुए बारादरी तक पहुंचे। करीब 3.5 किमी के शोभायात्रा मार्ग की विजिट के दौरान जिला कलक्टर एवं अन्य अधिकारियों ने सड़क पर बने गढ्डे भरने, खुले नालों को ढकने, नीचे झूल रहे तारों को कसने, केबल के तारों को व्यवस्थित करने, रास्ते में पड़े मलबे, निर्माण सामग्री आदि को हटाने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर एवं आईजी कोटा रेंज ने रूट विजिट के दौरान साथ चल रहे शोभायात्रा आयोजन समिति के पदाधिकारियों से भी व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की। उन्होंने अखाड़ों के व्यायाम प्रदर्शन, स्टाल आदि के बारे में जानकारी ली। जिला कलक्टर ने शोभायात्रा के मार्ग में आने वाली गलियों में पर्याप्त लाइटिंग की व्यवस्था करने, सफाई एवं अवरोध हटाने के निर्देश नगर निगम अधिकारियों को दिए। जर्जर भवनों की बैरिकेडिंग करें समारिया ने शोभायात्रा के मार्ग पर जर्जर भवनों को चिन्हित कर वहां बैरिकेडिंग करने एवं गार्ड नियोजित करने के निर्देश दिए ताकि कोई शोभायात्रा के दौरान किसी प्रकार के हादसे की आशंका नहीं रहे। ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर चर्चाउन्होंने शोभायात्रा के दिन ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर आईजी रेंज एवं पुलिस अधीक्षक कोटा शहर से चर्चा की। अधिकारियों ने आयोजन समिति के पदाधिकारियों के विभिन्न सुझावों को नोट करते हुए अगली रूट विजिट तक समस्त व्यवस्थाएं सुचारू करने का आश्वासन दिया।इस अवसर पर आईएएस प्रशिक्षु आराधना चौहान, अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन मुकेश चौधरी, एडीएम सिटी अनिल सिंघल, आयुक्त नगर निगम उत्तर अशोक त्यागी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी साथ रहे।

## 44वीं सब जूनियर स्टेट शूंटिंग बाल चैंपियनशिप गर्ल्स विंग में अजमेर जिले ने सेकंड पोजीशन प्राप्त की



**मदनगंज किशनगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** 44वी सब जूनियर स्टेट चैंपियनशिप डबोक उदयपुर में आयोजित हुई। प्रतियोगिता में अजमेर जिले की टीम ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए सेमी फाइनल मुकाबले में सीकर को सीधे सेटों में हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबला जयपुर से हुआ। मुकाबले में कड़ा संघर्ष करते हुए अजमेर की टीम ने तीन सेट कराये। पहले सेट 20-22 से जीता दूसरा सेट 18- 21 से हारा और तीसरा सेट 17- 21 से हारकर दूसरा स्थान प्राप्त किया। टूर्नामेंट में सेंटर प्लेयर नव्या यादव दोनों साइड प्लेयर यशिका जोरम दीक्षा राजपूत वे नेटर खनक अजमेरा का गेम सराहनीये रहा। टूर्नामेंट में बॉयज टीम ने चौथा स्थान प्राप्त किया। बॉयज टीम के सेंटर कुर्बान वे नेटर सोमेय साहू का खेल सराहनीय रहा। दोनों टीमो के किशनगढ़ पहुंचने पर सुभाष क्लब पावर हाउस मैदान पर दोनों टीमों का सुभाष क्लब अजमेर जिला शूटिंग बॉल संघ ने स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पंचायत समिति मेंबर रवि सिनोदिया, अजमेर जिला शूटिंग बॉल सचिव मोहम्मद व मुस्कान, पिंटू बना, दामोदर जोरम, इमरान शेख, शाहरुख माजिद, वीरेंद्र सोडा, सतीश शर्मा, दानिश, अरमान, प्रकाश यादव, दिनेश सेवदा, शबाना, रिया, सृष्टि जोरम, डिंपल राठौर, भूमिका शर्मा सभी ने बच्चों का स्वागत किया।

### गौवंश सेवा की नई पहल: आंकखेड़ी में बनेगी 1 करोड़ की गौशाला

# गौशाला के भूमि पूजन व शिलान्यास कार्यक्रम में धर्मगुरु विधायक जिला कलक्टर सहित अनेक गणमान्य रहे उपस्थित

**चौहानों का खेड़ा निवासी रामसिंह चौहान ने भूमि दान कर पेश की मिसाल**



**झालावाड़ (हुक्मनामा समाचार)।** ग्राम पंचायत आंकखेड़ी में 1 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली गौशाला का शिलान्यास एवं भूमि पूजन समारोह बुधवार को बड़े उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला गौपालन समिति के अध्यक्ष एवं जिला कलेक्टर झालावाड़ अजय सिंह राठौड़ रहे, जबकि अध्यक्षता विधायक डग कालूराम मेघवाल ने की। इस अवसर पर संत बालकदास जी महाराज विशेष रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने आशीर्वचन देकर गौशाला निर्माण को क्षेत्र की ऐतिहासिक पहल बताया। गौशाला केवल आश्रय नहीं, बल्कि करुणा और सेवा का प्रतीक है जिला कलेक्टर इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने कहा कि चौहानों का खेड़ा निवासी रामसिंह चौहान ने अपने खाते की साढ़े चार बीघा भूमि दान देकर जिस भाव से गौशाला निर्माण के लिए योगदान दिया है, वह वास्तव में अद्वितीय और प्रेरणादायी है। उन्होंने बाकी गांवों को चारागाह जमीनों पर गौवंश के लिए चरने की जमीन सुरक्षित रखने और गौशाला निर्माण के लिए भूमि एवं अन्य आवश्यक सहयोग के लिए भामाशाहों को आगे आने के लिए आग्रह किया। गौवंश की सेवा हमारी परंपरा और संस्कृति का अभिन्न अंग है, और इस दिशा में भूमि दान जैसा पुण्य कार्य समाज को नई ऊर्जा देता है। गौशाला केवल आश्रय नहीं, बल्कि यह करुणा, सेवा और समाज की संवेदनशीलता का प्रतीक है। चौहान का यह योगदान भावी पीढ़ियों को भी प्रेरित करेगा कि वे गौवंश संरक्षण जैसे पावन कार्यों में अपना सहयोग दें। जिला कलेक्टर ने कहा कि गौशाला केवल पशुओं के संरक्षण का स्थान नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक और धार्मिक परंपरा का प्रतीक है। ग्राम पंचायत आंकखेड़ी में जनसहयोग से बनने वाली यह गौशाला गोवंश की सेवा और पालन-पोषण के साथ-साथ समाज को संवेदनशील बनाने का कार्य करेगी। बेसहारा पशुओं की समस्या के समाधान में यह एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। इस अवसर पर डग विधायक कालूराम मेघवाल ने कहा कि इस क्षेत्र में भव्य गोशाला का निर्माण कराया जा रहा है जो गौमाता की सेवा के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के माध्यम से भवानीमंडी सहित विधानसभा क्षेत्र डग में कई विकास कार्य किए गए हैं और कई विकासशील योजनाएं प्रगतिरत हैं। इस दौरान जिला कलेक्टर सहित अन्य अतिथियों द्वारा विधिवत रूप से भूमि पूजन एवं शिलान्यास पट्टिका का अनावरण किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री, स्टेट वेयर हाउस मानसिंह चौहान, प्रधान पं. स. भवानीमंडी सुलतान सिंह चौहान, जिला परिषद सीईओ शंभुदयाल मीणा, उपखण्ड अधिकारी श्रद्धा गोमे, कार्यकारी अध्यक्ष, सरपंच संघ राजस्थान अर्जुन सिंह, मांगूसिंह चौहान, नाथूसिंह तंवर, गंगासिंह परिहार, सोना कंवर मौजूद रहे।

### बछ बारस पर महिलाओं ने गौ माता व बछड़े की पूजा-अर्चना की

**गंगापुर (हुक्मनामा समाचार)।** हिंदू धर्म के प्रमुख त्योहारों में बछ बारस का विशेष महत्व है। इस दिन महिलाएं गौ माता और बछड़े की पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि, बच्चों के स्वास्थ्य और घर में मंगलकामना की जाती है। बुधवार को बछ बारस पर्व के अवसर पर गंगापुर नगर और उपखंड क्षेत्र में महिलाओं ने बड़े उत्साह के साथ जगह-जगह पूजा-अर्चना की। बछ बारस का यह त्यौहार बड़ी धूमधाम से मनाया गया। उन्होंने गौ माता और बछड़े को गुड़, दलिया, लापसी तथा हरा चारा खिलाया और उनकी सेवा कर पुण्य प्राप्त किया। कई स्थानों पर महिलाएं घर-घर जाकर बछड़े और गौ माता की आरती भी उतारी। स्थानीय लोगों ने बताया कि बछ बारस का यह पर्व न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि इसे ग्रामीण समाज में सामूहिक एकता और परंपराओं के पालन का भी प्रतीक माना जाता है।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रदीप लोढा द्वारा एफ बी 3, करतारपुरा इंडस्ट्रियल एरिया रोड नंबर 4, जयपुर से मुद्रित एवं पीली कोठी, जयपुर गोल्डन, जयपुर रोड, अजमेर से प्रकाशित। फोन 2623396, संपादक - प्रदीप लोढा, प्रबंध संपादक - वैभव लोढ़ा, जयपुर कार्यालय- जी 1, एफ ब्लॉक, गणपति एनक्लेव, अजमेर रोड जयपुर। जोधपुर कार्यालय -902, तीसरी ई रोड, सरदारपुरा, जोधपुर। फोन 2433621, ई मेल hukmnama.ajmer@gmail.com

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड : एनसीईआरटी कार्यशाला का तीसरा दिन

## आईटीएमएस के तहत हर राज्य तैयार करेगा अपना प्रश्न-बैंक



**अजमेर,( हुक्मनामा समाचार )।** नई शिक्षा नीति के तहत देश का हर राज्य इंटीग्रेटेड टेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम के साथ काम करेगा। इसके तहत प्रत्येक राज्य अपना प्रश्न-बैंक तैयार करेगा। इसी तरह नई शिक्षा नीति की पालना के जरिए विद्यार्थियों के समग्र मूल्यांकन का खाका तैयार किया जाएगा। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड एवं एनसीईआरटी के परफॉरमेंस असेसमेंट रिव्यू एंड एनालिसिस ऑफ नॉलेज फॉर होलिस्टिक डवलपमेंट (परख) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होलिस्टिक प्रोग्रेस कार्ड एवं प्रश्न पत्र प्रारूप मानकीकरण पर आधारित पाँच दिवसीय कार्यशाला का तीसरा दिन विषयवस्तु की गहराई से समझ और व्यावहारिक गतिविधियों पर केंद्रित रहा। परख के विशेषज्ञों ने बोर्ड समतुल्यता रिपोर्ट की पृष्ठभूमि प्रस्तुत की। इसके पश्चात सत्र में विभिन्न बोर्डों की समतुल्यता पर आधारित रिपोर्ट, मूल्यांकन की अवधारणाएँ, मूल्यांकन के घटक, प्रकार, उपकरण एवं तकनीकों की गहन जानकारी दी गई। दोपहर के सत्र में एक अच्छे मूल्यांकन योजना की विशेषताएँ, एनईपी 2020 के अनुसार मूल्यांकन की दृष्टि, और एनसीईएफ एण्ड एसई के तहत विभिन्न चरणों में मूल्यांकन की संकल्पना पर चर्चा की गई। यह सत्र शिक्षकों के लिए मूल्यांकन के सिद्धांतों को समझने का आधार बना। अंतिम सत्र में प्रतिभागियों ने माध्यमिक शिक्षा बोर्ड परीक्षा 2025 के 10वीं एवं 12वीं के गत वर्षों के प्रश्न पत्रों का विश्लेषण करते हुए एक मूल्यांकन रूपरेखा, डिज़ाइन तथा ब्लूप्रिंट तैयार किया। यह गतिविधि शिक्षकों को मूल्यांकन प्रक्रिया की व्यावहारिक समझ प्रदान करने में सहायक रही। तीसरे दिन की कार्यशाला ने यह स्पष्ट कर दिया कि मूल्यांकन अब केवल अंक देने की प्रक्रिया नहीं रह गया है, बल्कि यह छात्रों के समग्र विकास को मापने का एक सशक्त माध्यम बन चुका है। कार्यशाला के माध्यम से प्रतिभागियों को मूल्यांकन की समकालीन अवधारणाओं से जोड़ते हुए शिक्षण में गुणवत्ता उन्नयन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। इंटीग्रेटेड टेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस)-परख एनसीईआरटी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत इंटीग्रेटेड टेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) विकसित किया गया है। यह प्रणाली प्रश्न बैंक तैयार करने, छात्रों की सीखने की प्रक्रिया, क्षमताओं और समझ का समग्र मूल्यांकन करने के लिए डिज़ाइन की गई है। यह एक डिजिटल मंच है, जिसमें प्रश्न-पत्र निर्माण, मानकीकरण, मूल्यांकन, विश्लेषण और फीडबैक की संपूर्ण प्रक्रिया को एकीकृत किया गया है। यह शिक्षकों को दक्षता आधारित प्रश्नों का निर्माण करने, विद्यार्थियों की प्रगति का मूल्यांकन करने तथा शैक्षणिक गुणवत्ता को बेहतर बनाने में सहायक है। इस प्रणाली के माध्यम से प्रश्न-पत्र निर्माण में पारदर्शिता, समयबद्धता और गुणवत्ता सुनिश्चित होती है। साथ ही, यह सभी बोर्डों के लिए प्रश्न-पत्रों का एक समान ढांचा उपलब्ध कराता है जिससे मूल्यांकन की प्रक्रिया में समानता लाई जा सके। परख और आईटीएमएस मिलकर शिक्षा व्यवस्था में सुधार लाने, विद्यार्थियों के समग्र विकास को बढ़ावा देने तथा शिक्षक प्रशिक्षण को सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। कार्यशाला में सचिव कैलाश चन्द्र शर्मा, वित्तीय सलाहकार रश्मि बिस्सा, विशेषाधिकारी नीतू यादव, निदेशक अकादमिक दर्शना शर्मा, सहायक निदेशक उमेश चौरसिया, निदेशक (गोपनीय) गीता पलासिया, सहायक निदेशक (संपदा) अजय बंसल, प्रवीण शर्मा, राजीव चतुर्वेदी सहित बड़ी संख्या में प्रतिभागी उपस्थित रहे।

## किसानों को भंडारण की चिंता से राहत, रावत की अनुशंसा पर 24 लाख रूपए स्वीकृत

**अजमेर।** पुष्कर विधानसभा क्षेत्र के लिए एक और बड़ी उपलब्धि सामने आई है। जल संसाधन मंत्री एवं पुष्कर विधायक श्री सुरेश सिंह रावत की सक्रिय अनुशंसा एवं प्रयासों से ग्राम सेवा सहकारी समिति गेगल एवं भूडोल में 100-100 मैट्रिक टन क्षमता वाले आधुनिक भंडारण गोदामों के निर्माण हेतु प्रति समिति 12 लाख रूपए की वित्तीय स्वीकृति राज्य सरकार द्वारा प्रदान की गई है। यह गोदाम निर्माण न केवल किसानों के लिए भंडारण सुविधाओं को मजबूत करेगा, बल्कि कृषि उत्पादों की गुणवत्ता बनाए रखने, फसल की नुकसानी को रोकने एवं कृषि आधारित अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में भी अहम भूमिका निभाएगा। इन सुविधाओं से ग्रामीण क्षेत्रों में सहकारी समितियों की कार्यक्षमता भी बढ़ेगी। श्री रावत ने बताया कि यह स्वीकृति पुष्कर क्षेत्र के किसानों के हित में उठाया गया एक ठोस कदम है। उन्होंने आश्वासन दिया कि वे क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे और किसानों की समस्याओं का समाधान सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर करते रहेंगे।

## राजस्थान केन्द्रीय विश्वविद्यालय में 5 दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित



**अजमेर,( हुक्मनामा समाचार )।** राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय में प्रौद्योगिकी-सक्षम-शिक्षण विषय पर 5 दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन में मुख्य वक्ता के तौर पर एनआईटीटीटीआर भोपाल से प्रो. आर.के. कपूर और प्रो. एच.जे. खान बतौर विशेषज्ञ उपस्थित है। यह कार्यक्रम 22 अगस्त तक जारी रहेगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य अधिगम (लर्निंग) के सिद्धांतों, शिक्षा में आईसीटी (सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी) का परिचय, शिक्षक-निर्देशित अधिगम (TDL) और विद्यार्थी-निर्देशित अधिगम (LDL) की स्थितियों में आईसीटी के उपयोग, सामग्री विकास प्रक्रिया में बौद्धिक संपदा अधिकार (IPR) का महत्व, कॉपीराइट, साहित्यिक चोरी (Plagiarism) से जुड़ी चुनौतियां और मुक्त शैक्षिक संसाधनों (OER) आदि पर गहन जानकारी विकसित करना है। तकनीकी सत्रों में प्रो. आर.के. कपूर और प्रो. एच.जे. खान ने शिक्षा में आईसीटी की भूमिका और उसके लाभों पर चर्चा की। उन्होंने आईसीटी के महत्व के साथ-साथ इसके क्रियान्वयन में आने वाली चुनौतियों पर भी प्रकाश डाला। साथ ही शिक्षक-निर्देशित अधिगम (TDL) और विद्यार्थी-निर्देशित अधिगम (LDL) की स्थितियों में आईसीटी के उपयोग पर भी चर्चा की। आयोजन सत्र की अध्यक्षता करते हुए स्कूल ऑफ मैथमेटिक्स, स्टैटिसटिक्स एंड कम्प्यूटेशनल साइंसेज की डीन प्रो. ममता रानी ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कुलपति प्रो. आनंद भालेराव के दूरदर्शी नेतृत्व में विश्वविद्यालय की उपलब्धियों का उल्लेख किया और प्रशिक्षण समिति के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (ICT) और उपकरणों के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि शिक्षकों को आने वाले समय में शिक्षण के लिए उन्हें अपनाना चाहिए। कार्यक्रम का समन्वय डॉ. नरेंद्र कुमार, डॉ. शैज़ी अहमद, डॉ. सुखमंदर सिंह, डॉ. गोबिंद सिंह और डॉ. सुबोध कुमार द्वारा किया जा रहा है और यह आयोजन कुलपति प्रो. आनंद भालेराव के नेतृत्व में सफलतापूर्वक आयोजित किया जा रहा है।

## पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के जन्म दिवस पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी



**अजमेर,( हुक्मनामा समाचार )।** कांग्रेस कमेटी के ब्लॉक अध्यक्षों ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के जन्म दिवस पर सराधना रोड स्थित राजीव गांधी उद्यान पर में कार्यकर्ताओं को एकत्रित कर श्रमदान किया गया इसके बाद उन्हें पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव कैलाश झालीवाल व दक्षिण विधानसभा क्षेत्र की कांग्रेस प्रत्याशी रही द्रोपदी कोली ने कहा कि राजीव गांधी एक ऐसे नेता थे जिन्होंने भारत के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। वे एक दूरदर्शी नेता थे जिन्होंने भारत को 21वीं सदी की ओर ले जाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए। उन्होंने संचार क्रांति, शिक्षा, स्वास्थ्य, और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कई सुधार किए। उन्होंने ने भारत को एक आधुनिक और प्रगतिशील देश बनाने के लिए भी कई कदम उठाए जो भारत आज वट वृक्ष के रूप में खड़ा है। उन्होंने पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करने के लिए कदम उठाए और महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए कई पहल की। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी की हत्या 21 मई 1991 को हुई थी। उनकी मृत्यु इस देश के लिए बहुत बड़ी क्षति थी, लेकिन उनकी विरासत आज भी जीवित है। हमें उनकी याद में उनके आदर्शों और मूल्यों को अपनाने कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। शहर कांग्रेस महासचिव पार्षद नौरत गुर्जर, अजमेर उत्तर के ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शैलेंद्र अग्रवाल व वाहिद मोहम्मद, अजमेर दक्षिण के ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष चंदन सिंह व लक्ष्मी धोलखेडिया ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वर्गीय राजीव गांधी जी के जन्म दिवस को सद्भावना दिवस के रूप में मनाया जाता है।

## वित्तीय समावेशन योजनाओं के संबंधित अभियान के शिविर होंगे आयोजित

**अजमेर।** जिले में वित्तीय समावेशन से संबंधित योजनाओं से संबंधित अभियान आगामी 30 सितम्बर तक संचालित होंगे। इसमें ग्राम पंचायत स्तर पर शिविर आयोजित कर जन-धन खातों, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना से लाभांवित किया जाएगा। अग्रणी जिला प्रबंधक श्री संजय कुमार सिंह ने बताया कि शिविरों में प्रधानमंत्री जन-धन योजना के पुराने खातों की केवाईसी करने के साथ ही नए जन-धन खाते हाल ही में व्यस्क हुए व्यक्तियों के खोले जाएंगे। बुधवार, 20 अगस्त को सरवाड़ की टांटोटी, सावर की गिरवरपुरा, अजमेर ग्रामीण की पालरा, अराई की कासीर, किशनगढ़ की बूहारू में शिविर आयोजित होंगे। इसी प्रकार गुरूवार, 21 अगस्त को अजमेर ग्रामीण की ऊंटड़ा, किशनगढ़ की कुचील, श्रीनगर की बिठुर, भिनाय की दांतोल में शिविर आयोजित किए जाएंगे।

1500 वा जश्न ईद मीलादुन्नबी

## आतिश बाज़ी और डीजे की गाड़ियो पर रहेगा प्रतिबंध



**अजमेर,( हुक्मनामा समाचार )।** मोहम्मद साहब के जन्मोत्सव जश्न ईद मीलादुन्नबी जुलूस को लेकर बुधवार को अतिरिक्त जिला कलेक्टर (शहर) गजेंद्र सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में प्रशासनिक बैठक आयोजित हुई। बैठक में राठौड़ ने निर्देश दिए कि जुलूस के दौरान डीजे की गाड़ियो को शामिल करने ओर आतिश बाज़ी पर पूरी तरह पाबंदी रहेगी। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि जुलूस से पूर्व सभी व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली जाएं। सूफ़ी इंटरनेशनल के सचिव नवाब हिदायत उल्ला ने कार्यक्रम की जानकारी दी जुलूस चांद दिखाई देने पर 5 सितंबर को प्रातः 9 बजे दरगाह के अंदरकोट से प्रारंभ होगा । त्रिपोलिया गेट से कमानी गेट होता हुआ दरगाह बाज़ार देहली गेट, गंज से ऋषि घटी बायपास पहुंचेगा यहां सलातो सालम पेश कर देश में अमन चैन की दुआ की जाएगी जुलूस में व्यवस्था बनाने के लिए 1500 स्वयंम सेवक तैनात रहेगै जिसकी सूची प्रशासन को भी उपलब्ध कराई जाएगी।

## राइजिंग राजस्थान के एमओयू के कराएं कार्य प्रारम्भ - जिला कलक्टर

**अजमेर,( हुक्मनामा समाचार )।** राइजिंग राजस्थान के दौरान किए गए एमओयू के कार्य आरम्भ कराने के सम्बन्ध में जिला कलक्टर श्री लोक बन्धु की अध्यक्षता में बुधवार को बैठक आयोजित हुई। जिला कलक्टर श्री लोक बन्धु ने कहा कि राइजिंग राजस्थान के दौरान अजमेर जिले में उद्यम स्थापना के लिए बड़ी संख्या में एमओयू किए गए थे। उद्यम स्थापना में आ रही समस्याओं का निराकरण भी तत्काल करने का प्रयास किया जा रहा है। निवेशकों की समस्याओं के समाधान के लिए आयोजित बैठक में उद्यम स्थापना में आ रही समस्याओं के निराकरण के लिए सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। उद्यमियों की आवश्यकताओं एवं अपेक्षाओं पर विचार-विमर्श हुआ। उन्होंने कहा कि कृषि, ऊर्जा, खनिज, खनन, आईटी, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, डेयरी, संस्कृत विभाग, स्कूल शिक्षा, तकनीकि शिक्षा, उच्च शिक्षा एवं अन्य विभागों के अधिकारी उद्यमियों का अपेक्षित सहयोग करें। निवेशकों के एम-3 लम्बित, एम-3 पूर्ण एवं एम-4 लम्बित प्रकरणों को कार्य आरम्भ करने की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए सम्मलित रूप से प्रयास करें। डेयरी, तकनीकी शिक्षा तथा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के 15 एमओयू के कार्य आरम्भ हो चूके है। इनकी प्रगति के संबंध में पोर्टल पर अद्यतन जानकारी अपलोड करें। उन्होंने राइजिंग राजस्थान समिट के अंतर्गत लंबित कार्यों की प्रगति पर चर्चा करते हुए कहा कि सभी विभाग निर्धारित समय से पूर्व अपने कार्य पूरे करें, टास्क पेंडिंग नहीं रहे और ग्राउंड ब्रेकिंग पर माइलस्टोन एवं अद्यतन स्थिति पोर्टल पर अनिवार्य रूप से दर्ज करें। निवेशकों के साथ समन्वय बढ़ाते हुए संबंधित मुद्दों के समाधान के साथ ग्राउंड ब्रेकिंग करने के निर्देश दिए। राइजिंग राजस्थान के तहत हुए एमओयू की प्रगति की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि ग्राउंड ब्रेकिंग कार्यक्रमों से जुड़े माइलस्टोन एवं अद्यतन स्थिति पोर्टल पर अनिवार्य रूप से दर्ज की जाए।

प्राध्यापक एवं कोच (स्कूल शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा-2024

## आयोग ने जारी की इंग्लिश विषय की विचारित सूची

**अजमेर,( हुक्मनामा समाचार )।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा प्राध्यापक एवं कोच (स्कूल शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा-2024 अंतर्गत इंग्लिश विषय के पदों हेतु विचारित सूची जारी की गई है। सूची में 701 अभ्यर्थियों को पात्रता जांच लिए अस्थाई रूप से सम्मिलित किया गया है। विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आयोग सचिव ने बताया कि यह सूची चयन प्रक्रिया में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों की अभ्यर्थिता सुनिश्चित करने के क्रम में केवल दस्तावेज सत्यापन के उद्देश्य से है। यह चयन सूची अथवा वरीयता सूची नहीं है। अंतिम रूप से सफल अभ्यर्थियों की सूची संबंधित विभाग द्वारा दस्तावेज सत्यापन कराए जाने के पश्चात आयोग द्वारा जारी की जाएगी। उक्त परीक्षा की विचारित सूची में सम्मिलित अभ्यर्थियों को विस्तृत आवेदन-पत्र ऑनलाइन भरने होंगे। विस्तृत आवेदन पत्र ऑनलाइन भरने का लिंक 26 अगस्त से 1 सितंबर 2025 (रात्रि 11.59) तक खोला जाएगा। अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन तथा दस्तावेज सत्यापन के संबंध में आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की पालना भी आवश्यक रूप से सुनिश्चित करनी होगी। माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा की जाएगी विस्तृत आवेदन-पत्र व दस्तावेजों की जांच विचारित सूची में अस्थाई रूप से सम्मिलित किए गए सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है।

## जिला स्तरीय जनसुनवाई आज

**अजमेर।** जिला कलक्टर श्री लोक बन्धु की अध्यक्षता में जिला स्तरीय जनसुनवाई गुरूवार 21 अगस्त को प्रातः 11 बजे डीओआईटीसी के वीसी रूम में आयोजित की जाएगी। अतिरिक्त जिला कलक्टर ज्योति ककवानी ने बताया कि जनसुनवाई के लिए पंजीयन प्रातः 10 बजे से आरंभ होंगे।

## जिला जन अभियोग एवं सतर्कता समिति की बैठक आज

**अजमेर।** जिला जन अभियोग एवं सतर्कता समिति की बैठक जिला कलक्टर श्री लोक बन्धु की अध्यक्षता में गुरुवार 21 अगस्त को प्रातः 10 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित होगी। यह जानकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर ज्योति ककवानी ने दी।

जिला कलक्टर ने स्मार्ट सिटी के कार्यों की की समीक्षा

## समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश



**अजमेर,( हुक्मनामा समाचार )।** जिला कलक्टर श्री लोक बन्धु की अध्यक्षता में बुधवार को स्मार्ट सिटी परियोजना के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला कलक्टर श्री लोक बन्धु ने स्मार्ट सिटी कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि अनुबंध के अनुसार सभी कार्यों का पूर्ण होना अनिवार्य है और हैंडओवर से पूर्व सभी मूलभूत कार्य सुनिश्चित किए जाएं। जेएलएन चिकित्सालय परिसर में पीडियाट्रिक ब्लॉक में जनरेटर, बेसमेंट सहित सभी तलों के लंबित कार्यों को पूर्ण कर ही भवन का हैंडओवर लिया जाए। मेडिसिन ब्लॉक में जनरेटर सहित अन्य उपकरणों की कार्यशीलता जांचने के निर्देश दिए। उन्होंने स्मार्ट सिटी के अधीक्षण अभियंता एवं सम्बन्धित विभागीय अधिकारी को संयुक्त रूप से निर्माण कार्य का अवलोकन करके सुझाव देने के निर्देश दिए। साथ ही अस्पताल अधीक्षक को परिसर की स्वच्छता व्यवस्था सुदृढ़ करने तथा चिकित्सकों को नियमित निरीक्षण की जिम्मेदारी देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्मार्ट सिटी से जुड़े शेष कार्यों को भी गुणवत्ता के साथ समयबद्ध पूरा किया जाए। इससे जिले में चल रही विकास योजनाओं का लाभ आमजन तक शीघ्र पहुँच सकेगा। सम्बन्धित विभाग के अधिकारी स्मार्ट सिटी अधिकारियों के साथ विकास कार्यों को संयुक्त रूप से देखकर शर्तों के अनुसार गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य सुनिश्चित करेंगे। इस अवसर पर नगर निगम के आयुक्त श्री देशल दान, उपखंड अधिकारी गरिमा नरूला, अजमेर विकास प्राधिकरण के सचिव श्री अनिल पूनिया, स्मार्ट सिटी के अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

## जिला मीडिया समिति गठित

**अजमेर।** विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी श्री लोक बन्धु द्वारा जिला मीडिया समिति का गठन किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री लोक बन्धु ने बताया कि जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम - 2026 (एसआईआर) के दौरान जनजागरूकता तथा प्रिंट मीडिया पर प्रसारित एवं प्रकाशित निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित न्यूज की मॉनिटरिंग को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रथम (प्रशासन) को जिला मीडिया नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। साथ ही जिला मीडिया समिति का गठन किया गया है। इसमें जिला मीडिया नोडल अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रथम (प्रशासन), जिला सोशल मीडिया विशेषज्ञ संयुक्त निदेशक सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग तथा अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद सदस्य रहेंगे।

कोहिनूर पैलेस में दिखी सिंधु संस्कृति की झलक, अयोध्या की पावन भूमि पर 73वाँ झूलेलाल महोत्सव

## सिंधी समाज ने विभाजन का दर्द सहा पर संस्कृति को जीवित रखा : देवनानी



**अजमेर,( हुक्मनामा समाचार )।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि सिंधी समाज हमेशा से पुरुषार्थी रहा है। उन्होंने कहा कि देश सहित अयोध्या के विकास में सिंधी समाज की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। सिंधी समाज देश के विकास के लिए विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। अब समाज के बच्चें प्रशासनिक सेवाओं में भी आगे आ रहे है यह गर्व का विषय है। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, संत साई नितिन राम और सिंधु सेवा समिति (रजि.) के अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री अमृत राजपाल ने अयोध्या में प्रभु झूलेलाल की प्रतिमा पर माल्यार्पण और प्रभु झूलेलाल की आरती के साथ दीप प्रज्ज्वलन करके 73 वें प्रभु झूलेलाल महोत्सव का शुभारम्भ किया। समारोह का संचालन ट्रस्ट के संरक्षक गिरधारी चावला और महामंत्री नरेन्द्र क्षेत्रपाल ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवनानी का प्रभु झूलेलाल की प्रतिमा, शॉल ओढाकर व पुष्प गुच्छ व पाखर भेंट कर अभिनंदन किया। इस मौके पर देवनानी ने स्नातक और परास्नातक में उत्कृष्ट युवाओं को प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर पुरस्कृत किया। 73 वें प्रभु झूलेलाल महोत्सव में एक शाम सिंधियत के नाम में अंतर्राष्ट्रीय गायक जतिन उदासी व ज्योति पहलाजानी ने सिंधी गौतों से सर्व समाज का मन मोह लिया। देवनानी ने कहा कि अयोध्या एक नगर के साथ आध्यात्म और मर्यादा की पावन स्थली है। यहाँ भगवान श्रीराम ने सत्य और त्याग का संदेश दिया, वहीं प्रभु झूलेलाल ने समाज को साहस, न्याय और एकता की राह दिखाई। समाज के इन दोनों आदर्शों ने आध्यात्म और संस्कृति को नई दिशा दी। देवनानी ने कहा कि सिंधी समाज ने विभाजन का दुःख सहने के बाद भी अपनी संस्कृति को जीवित रखा। आज भी सिंधी समाज अपने परिश्रम, सेवा और संस्कार की पहचान से पूरे भारत और विश्व में गौरव बढ़ा रहा है। देवनानी ने कहा कि यह महोत्सव हमें याद दिलाता है कि ज्ञान हमारा हथियार है, संस्कृति हमारी पहचान है और समाज सेवा हमारी सबसे बड़ी शक्ति है। संस्था अध्यक्ष व पूर्व मंत्री अमृत राजपाल ने देवनानी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सिंधु सेवा समिति आने वाले समय में सभी को साथ लेकर नए आयाम स्थापित करेगी। संस्था पदाधिकारियों द्वारा 4 सूत्रीय ज्ञापन देवनानी को दिया। इसमें प्रमुख रूप से प्रभु झूलेलाल मंदिर हेतु एक एकड़ जमीन निःशुल्क उत्तर प्रदेश शासन द्वारा उपलब्ध कराई जाए, अयोध्या से चलने वाली साकेत एक्सप्रेस का नाम प्रभु झूलेलाल एक्सप्रेस रखने, सिंधी अकादमी का गठन और अवध विश्वविद्यालय में सिंधी विषय से पीएचडी की शिक्षण व्यवस्था प्रारम्भ कराने हेतु अनुरोध किया गया। देवनानी ने ज्ञापन की मागों को पूरा कराने का विश्वास दिलाते हुए कहा कि उचित स्तर पर इन सन्दर्भों में चर्चा की जाएगी। समारोह में देवनानी ने युवाओं द्वारा विशेष व्यंजनों से भंडारे की सुंदर व्यवस्था की गयी, जिसमे सर्वसमाज और अतिथियों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में विशेष सहयोग के लिए राकेश लधानी, जय कुमार आहूजा एवं ज्ञान मोटवानी को भी सम्मानित किया। देवनानी ने उत्तर प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष महाना के साथ भवन, सदन, विधान परिषद भवन और संग्रहालय देखा, दोनों अध्यक्षों ने विधायी कार्यों पर की चर्चा राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बुधवार को उत्तर प्रदेश विधान सभा में अध्यक्ष सतीश महाना से भेंट की। देवनानी ने उत्तर प्रदेश विधान सभा भवन, सदन, डिजिटल संग्रहालय और विधान परिषद भवन का अवलोकन किया।


### कार्यालय नगर निगम, अजमेर

कमांकः-न.नि.अ/भवन/2025-26/221 दिनाक :- 19/08/2025

-: आपत्ति सूचना :-

श्री यश पर्चवानी पुत्र श्री दौलत कुमार पर्चवानी निवासी 34 जीवनदीप कॉलोनी वैशाली नगर अजमेर द्वारा एक सम्पति ए.एम.सी. नं. 12/98 पुराना 18/68 नया भाग है जो वाके मून्दडी मौहल्ला अजमेर में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 42.86 व.मी. है। भूमि के वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यवसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं।

**प्रस्तावित भू-भाग की सीमाऐं निम्नानुसार है।**

**पूर्व :-** उक्त ए.एम.सी. के भाग की सम्पति **पश्चिम :-** सम्पति श्रीमती उषा पारवानी की व चौक

**उत्तर :-** सम्पति श्रीमती उषा पारवानी की **दक्षिण :-** गली आम है।

अतः जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि किसी भी व्यक्ति / संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

उपायुक्त
नगर निगम अजमेर

### कार्यालय नगर निगम, अजमेर

कमांकः-न.नि.अ/भवन/2025-26/222 दिनाक :- 19/08/2025

-: आपत्ति सूचना :-

श्री दौलत कुमार पर्चवानी पुत्र स्व. श्री नारायण दास पर्चवानी निवासी 34 जीवनदीप कॉलोनी वैशाली नगर अजमेर द्वारा एक सम्पति ए.एम.सी. नं. 12/98 पुराना 18/68 नया भाग है जो वाकै मून्दडी मौहल्ला अजमेर में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 30.70 व.मी. है। भूमि के वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यवसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं।

**प्रस्तावित भू-भाग की सीमाऐं निम्नानुसार है।**

**पूर्व :-** अन्य की सम्पति **पश्चिम :-** उक्त ए.एम.सी. नं. के भाग की सम्पति

**उत्तर :-** सम्पति श्री सुरेश गर्ग **दक्षिण :-** गली आम है।

अतः जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि किसी भी व्यक्ति / संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

उपायुक्त
नगर निगम अजमेर

### कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राजस्थान

क्रमांकःन.पा.बि./निमार्ण.स्वी./2025/2591 दिनांकः 14.08.25

-: आम सूचनाः-

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान निमार्ण हेतु निम्न भवन निर्माण पत्रावली प्राप्त हुई है, अगर किसी को आपत्ति/उज्र हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में मय सबूत के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपति प्रस्तुत कर सकते है, बाद मियाद गुजरने पर कोई उज्र/आपति मान्य नहीं होगी।


भवन निर्माण

| फाईल नं. | आवेदक नाम | भूखण्ड का विवरण | भूखण्ड का नाप | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|
| 80 | इन्द्रपाल सिंह गौर पुत्र धीरज सिंह गौर | आशियाना रेजीडेन्सी-2 बिजयनगर पुराना ख.सं.3529,4747/4686 व नया ख.सं. 4772/3529, 4747/4747 भू.सं. LIG 3-सी | 65.67 SQ.MTR | आवासीय |

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका बिजयनगर

## सम्पादकीय...

### दवा दुकानों पर सीसी टी वी



राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की सभी फार्मेसी और मेडिकल दुकानों में सीसीटीवी कैमरे लगाना अनिवार्य कर दिया गया है इस कदम का उद्देश्य बिना वैध प्रीस्क्रिप्शन के दवाओ की अवैध बिक्री को रोकना है यह आदेश विशेष रूप से शेड्यूल एच , एच 1 और एक्स दवाओ की बिक्री करने वाली दुकानों पर लागू होता है जिसका दुरुपयोग चिकित्सा पर्यवेक्षक के बिना हो सकता है। दिल्ली सरकार के जारी आदेश के अनुसार इन प्रतिष्ठान से सीसीटीवी फुटेज को जिला ड्रग कंट्रोल अथॉरिटी उपमंडल में स्टेट में पुलिस अधिकारियों द्वारा कभी भी निरीक्षण किया जा सकता है। दवा की दुकानों पर नशे की गोलियां तथा अन्य तरह की दवाइयां और अन्य चीज धड़ल्ले से मिल रही है। कम उम्र के बच्चे भी नशे और कंडोम जैसी चीज खरीद रहे हैं।

दिल्ली में तो सीसी टीवी कैमरे की अनिवार्यता दवा दुकानों पर हो गई है लेकिन इस पूरे देश में लागू किया जाना चाहिए ताकि देशभर में नशे का चल रहा गोरख धंधा रुक जाए इन दुकानों से नशे की गोलियां बिना प्रीस्क्रिप्शन के किसी को मिल पाए। जिन दवा में नशे की केमिकल मिले होते हैं उन्हें नशा करने वाले खाकर नशा कर लेते हैं क्योंकि ऐसा नशा होने सस्ता पड़ता है और ज्यादा कारगर भी होता है। देश की सभी दवा दुकानों पर सीसी कैमरा लगने के बाद किसी भी दुकान की अनुमानित बिक्री भी साधना सकती है वही दुकानों पर नकली दवा मिलने का कारोबार भी नहीं हो पाएगा। दुकानदार द्वारा उपभोक्ता को महंगी दवाई देने गलत दवा देने की सारी जानकारी भी मिलने के कारण ऐसी घटनाएं नहीं होगी।

**वैभव लोढ़ा...**

## इतिहास में आज

1972- भारत में वन्यजीव संरक्षण कानून को मंजूरी।
2005- बंगलादेश और भारत की सीमा सुरक्षा बल के जवानों के बीच संघर्ष विराम का समझौता सम्पन्न।
2006- भारत रत्न, शहनाई वादक उस्ताद बिस्मिल्ला खान का निधन।
2008- मून मिशन पर भारत ने नासा से हाथ मिलाया।

-धर्म चंद मेहता

## क्रॉस फायर

❑ सुप्रीम कोर्ट ने कहा राष्ट्रपति का कोर्ट से सलाह मांगना गलत नहीं है।
◆ तब तो कोर्ट का पहले सलाह देना भी गलत नहीं था।

❑ बिहार में राहुल गांधी बोले वोट गया तो राशन जमीन सब चला जाएगा।
◆ अब जनता सब कुछ बचाने में लग जाएगी।

❑ प्रधानमंत्री ने प्रमुख मंत्रियों और अर्थशास्त्रियों के साथ बैठक की।
◆ इतना बंटाधार होने के बाद क्या सुधार होगा।

❑ विपक्षी दलों ने पूर्व न्यायाधीश की सुदर्शन रेड्डी को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाया।
◆ अब आएगा मजा।

❑ संसद में पेश हुआ नया बिल 30 दिन जेल में तो चला जाएगा मंत्री पद।
◆ ना जेल में जाएगा ना मंत्री पद जाएगा।

❑ निशिकांत दुबे बोल कांग्रेस ने स्पेस मिशन को कमजोर किया।
◆ बिना हाथ पैर की बातें इनसे कर लो।

❑ राजस्थान सरकार ने 10 करोड़ पौधे लगाकर रच दिया इतिहास।
◆ फिर तो प्रदेश में कहीं खाली जगह नहीं बची होगी।

❑ निर्वाचन आयोग बोला 150 निकायों के चुनाव की घोषणा जल्दी।
◆ अदालत का डंडा चल रहा है तो घोषणा होगी।

.............अंजू लोढ़ा

## आज का राशिफल

### गरुवार 21 अगस्त 2025




**मेष राशि:** कार्यों में प्रगति होगी। व्यापार मजबूत होगा। मनोबल बढेगा। लाभ आने में विलम्ब होगा। परेशानियां कम होंगी। दिन सामान्य रहेगा।




**वृषभ राशि:** पराक्रम बढेगा। प्रतिष्ठा का लाभ मिलेगा। परिवार का सहयोग रहेगा। भूमि-वाहन का सुख मिलेगा। संतान से सहयोग मिलेगा।




**मिथुन राशि:** निर्माण कार्य में प्रगति होगी। मान-सम्मान में बढोत्तरी होगी। परिवार में सहयोग कम होगा। शत्रु परास्त होंगे। कार्य में विजय मिलेगी। दिन ठीक रहेगा।




**कर्क राशि:** धन-धान्य का लाभ होगा। पराक्रम-प्रतिष्ठा में बढोत्तरी होगी। राजकाज में सफलता मिलेगी। कार्य में तेजी आयेगी। उत्साह बना रहेगा। समस्या से थोड़ी निजात मिलेगी।




**सिंह राशि:** धन-धान्य का लाभ होगा। व्यापार में वृद्धि होगी। मनोबल बढेगा। शत्रु की हानि होगी। प्रतियोगिता में विजय मिलेगी। अकस्मात व्यय होगा। शत्रु पर विजय प्राप्त होगी।




**कन्या राशि:** व्यापार में लाभ व विस्तार होगा। नौकरी में लाभ होगा। परिवार से कम सहयोग मिलेगा। यात्रा में लाभ होगा। धन का लाभ होगा। किसी प्रियजन से मुलाकात होगी।




**तुला राशि:** धन का लाभ मिलेगा। दूर-समीप की यात्रा होगी। परिवार में असामंजस्य बनेगा। संतान से सहयोग मिलेगा। कारोबार में प्रगति होगी। कोई अच्छा समाचार मिलेगा।




**वृश्चिक राशि:** धन-धान्य का लाभ होगा। मानसिक परेशानियां कम होंगी। स्वास्थ्य में सुधार होगा। परिवार की समस्या का हल होगा। स्वास्थ्य लाभ होगा। अकस्मात व्यय होगा।




**धनु राशि:** कार्यों में उत्साह बनेगा। धन का लाभ होगा। राजकाज में सफलता मिलेगी। परिवार में सामंजस्य में कमी दिखेगी। धन का लाभ होगा। परिवार का सहयोग मिलेगा। प्रोपर्टी पर धन खर्च होगा।



**मकर राशि:** मानसिक तनाव रहेगा। दैनिक कार्य अस्त-व्यस्त रहेगा। धर्म में आस्था बढेगी। घर में प्रसन्नता रहेगी। घर में प्रसन्नता का समाचार मिलेगा। मन खुश रहेगा। राजाकज में उत्साह बनेगा।



**कुम्भ राशि:** अकस्मात व्यय होगा। राजकाज में विलम्ब होगा। शत्रु परास्त होंगे। व्यापार का विस्तार होगा। मित्रों से सहयोग मिलेगा। दिनचर्या अच्छी रहेगी। मन प्रसन्न रहेगा। व्यय अवश्य होगा।



**मीन राशि:** व्यापार में लाभ होगा। मित्रों से सहयोग मिलेगा। शत्रु परास्त होंगे। संतान की चिंता रहेगी। धन का आगमन कठिन परिश्रम से होगा। संतान से मन प्रसन्न रहेगा। कारोबार में धन लाभ होगा।



**राजेन्द्र गुप्ता**
ज्योतिषी और हस्तरेखाविद, मो. 9611312076

**नोट**- अगर आप अपना भविष्य जानना चाहते हैं तो दिए गए मोबाइल नंबर पर कॉल करके या इसी व्हाट्स एप नम्बर पर मैसेज भेजकर पहले शर्तें जान लेवें, इसी के बाद अपनी बर्थ डिटेल और हैंडप्रिंट्स भेजें।

## विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस- आज

# वरिष्ठजन हैं अनुभव की विरासत एवं भविष्य की शक्ति



**ललित गर्ग**

अगस्त का महीना अनेक अंतर्राष्ट्रीय दिवसों की वजह से विशेष महत्व रखता है। युवा दिवस, मित्रता दिवस, हिरोशिमा दिवस, अंगदान दिवस, स्तनपान दिवस, आदिवासी दिवस, मच्छर दिवस, फोटोग्राफी दिवस, मानवीय दिवस आदि की तरह एक महत्वपूर्ण दिवस है-विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस, जो हर वर्ष वृद्धों को समर्पित किया जाता है। यह दिन वरिष्ठ नागरिकों के स्वस्थ, सम्मानजनक और खुशहाल जीवन के लिए दुनियाभर में मनाया जाता है। इसकी आवश्यकता इसलिए पड़ी क्योंकि आधुनिक समाज में वृद्धपीढ़ी उपेक्षा, अवमानना और अकेलेपन का शिकार होती जा रही है। जिस पीढ़ी ने अपने खून-पसीने से परिवार और समाज की नींव रखी, वही पीढ़ी आज भावनात्मक रिक्तता और उदासी में जीने को विवश है। चेहरे पर झुर्रियां, आंखों में धुंधलापन, तन की थकान और मन की उदासी हमारी आधुनिक सोच और स्वार्थपूर्ण जीवनशैली की त्रासदी को बयां करते हैं। भारत जैसे देश में, जहां माता-पिता और बुजुर्गों को भगवान समान माना गया, जहां श्रीराम ने पिता की आज्ञा से राजपाट त्याग दिया और श्रवणकुमार ने अपने अंधे माता-पिता को कांवड़ में बैठाकर तीर्थयात्रा कराई, वहां आज संतान और बुजुर्ग माता-पिता के बीच दूरियां क्यों बढ़ रही हैं क्यों वरिष्ठजन स्वयं को निरर्थक और अनुपयोगी समझने को विवश हैं यह प्रश्न केवल परिवार के विघटन का नहीं है, यह नई पीढ़ी के संस्कार और समाज की आत्मा से भी जुड़ा है, यह नये समाज एवं नये राष्ट्र की आदर्श संरचना से भी जुड़ा है। वरिष्ठजन परिवार और समाज के लिए ताकत और सम्बल हुआ करते थे, वे जीवन को संवारने का सबसे बड़ा माध्यम थे। उनकी सूझ-बूझ, अनुभव और ज्ञान की संपदा समाज के लिए अमूल्य थी। फिर भी क्यों हम उनकी उपेक्षा कर रहे हैं क्यों उनके अनुभवों का उपयोग करने से कतराते हैं इस विडंबना को समझने के लिए हमें यह मानना होगा कि उपेक्षा का यह गलत प्रवाह केवल बुजुर्गों को ही नहीं, बल्कि पीढ़ियों के बीच भावनात्मक दूरी और संवेदना की कमी को भी बढ़ा रहा है। यदि यह प्रवृत्ति इसी तरह बढ़ती रही तो परिवार और समाज अपनी नैतिक जिम्मेदारी से विमुख हो जाएंगे। नई और पुरानी पीढ़ी के बीच संवाद और संवेदनशीलता का सेतु टूट जाएगा और यह स्थिति किसी भी दृष्टि से हितकर नहीं है। जरूरत इस बात की है कि वरिष्ठजनों को उनके अंतिम पड़ाव में मानसिक शांति और सम्मान का माहौल मिले, वृद्धजन को भार नहीं, आभार माने, वृद्धों को बंधन के रूप में नहीं, आत्मगौरव के रूप में स्वीकारें, वृद्धों की शाम उदासी नहीं, उमंग का माध्यम बने। वरिष्ठ नागरिक दिवस इसी चेतना को जगाने का अवसर है। यह दिवस हमें स्मरण कराता है कि हमें बुजुर्गों के ज्ञान, अनुभव और निरंतर योगदान की सराहना करनी चाहिए। 2025 में यह विशेष दिवस 21 अगस्त को मनाया जाएगा। इसका उद्देश्य परिवारों, मित्रों और संगठनों को प्रेरित करना है कि वे बुजुर्गों का सम्मान करें और उनके अधिकारों की रक्षा करें। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसकी जड़ें अमेरिका से जुड़ी हैं, जहां राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन ने 1988 में इस दिवस की शुरुआत की। तब से यह दिवस सीमाओं से परे फैल गया है और संयुक्त राष्ट्र सहित अनेक अंतरराष्ट्रीय संगठन वृद्धावस्था की गरिमा और अधिकारों पर जोर दे रहे हैं। इस दिवस की इस वर्ष की थीम है-समावेशी भविष्य के लिए वृद्धजनों की आवाज को सशक्त बनाना। यह हमें यह सोचने के लिए प्रेरित करता है कि वरिष्ठजनों की बात ध्यान से सुनी जाए और परिवार, समुदाय और नीतिगत निर्णयों में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए। यह विषय एक कार्रवाई का आह्वान है कि उम्र कभी भी भागीदारी और नेतृत्व में बाधा नहीं बननी चाहिए। वरिष्ठों को नेतृत्व के अवसर देना, उनकी कहानियां सुनना, उनकी सलाह लेना, उन्हें रचनात्मक दायित्व सौंपना, यही सच्चे सम्मान का मार्ग है। अध्ययनों से यह तथ्य सामने आया है कि जीवन संबंधी जटिल समस्याओं को हल करने में बुजुर्गों की सोच, धैर्य और दृष्टिकोण युवा पीढ़ी की तुलना में अधिक परिपक्व साबित होता है। यदि उन्हें कोई लक्ष्य दिया जाए तो वे अपनी धीमी गति की भरपाई अपने पैने नजरिए और बेहतर योजनाओं से कर लेते हैं। पारदर्शी सोच, परिणामों का आकलन और अच्छे-बुरे का विवेक जैसे गुण बुजुर्गों में अधिक मात्रा में पाए जाते हैं। इसीलिए दफ्तरों, संस्थाओं और घरों में उन्हें उपेक्षित करना अनुचित ही नहीं, बल्कि हमारे लिए नुकसानदेह भी है। समाज में कई स्तरों पर ऐसे कदम उठाए जा सकते हैं, जिनसे बुजुर्ग स्वयं को उपेक्षित न महसूस करें। परिवारों में नियमित रूप से संगोष्ठियां हों जिनमें वरिष्ठजन अपने अनुभव साझा करें। स्कूलों में ग्रैंड-पैरेंट्स डे आयोजित हो, जिससे बच्चे अपने दादा-दादी से सीख सकें और बुजुर्गों को सक्रियता और अपनापन महसूस हो। समाज और धार्मिक संस्थाओं को संयुक्त संगोष्ठियां करनी चाहिए, जहां नई और पुरानी पीढ़ी एक-दूसरे को समझ सके। व्यवसायिक प्रतिष्ठानों और परिवारों को भी बुजुर्गों की क्षमताओं का रचनात्मक उपयोग करना चाहिए। छोटे-छोटे आयोजन जैसे परिवार के भोज, स्मृति पुस्तकों का निर्माण, या बच्चों और बड़ों के बीच कौशल साझा करने की गतिविधियां पीढ़ियों के बीच पुल का काम कर सकती हैं। आने वाले वर्षों में इसकी प्रासंगिकता और बढ़ जाएगी। 2050 तक दुनिया की लगभग 22 प्रतिशत आबादी 60 वर्ष या उससे अधिक आयु की होगी। वृद्धजन समाज और परिवार को ज्ञान, परंपरा और स्वयंसेवा से समृद्ध करेंगे, लेकिन साथ ही उन्हें स्वास्थ्य समस्याओं, अकेलेपन और सामाजिक उपेक्षा जैसी चुनौतियों का भी सामना करना होगा। इसलिए जरूरी है कि हम आज से ही एक ऐसे समाज का निर्माण करें जिसमें उम्र सम्मान और गरिमा की पहचान बने, न कि उपेक्षा की। प्रश्न है कि दुनिया में वरिष्ठ नागरिक दिवस मनाने की आवश्यकता क्यों हुई क्यों वृद्धों की उपेक्षा एवं प्रताड़ना की स्थितियां बनी हुई है चिन्तन का महत्वपूर्ण पक्ष है कि वृद्धों की उपेक्षा के इस गलत प्रवाह को रोके। क्योंकि सोच के गलत प्रवाह ने न केवल वृद्धों का जीवन दुश्वार कर दिया है बल्कि आदमी-आदमी के बीच के भावात्मक फासलों को भी बढ़ा दिया है। वृद्धावस्था जीवन की सांझ है। वस्तुतः वर्तमान के भागदौड़, आपाधापी, अर्थ प्रधानता व नवीन चिन्तन तथा मान्यताओं के युग में जिन अनेक विकृतियों, विसंगतियों व प्रतिकूलताओं ने जन्म लिया है, उन्हीं में से एक है वृद्धों की उपेक्षा। वस्तुतः वृद्धावस्था तो वैसे भी अनेक शारीरिक व्याधियों, मानसिक तनावों और अन्यान्य व्यथाओं भरा जीवन होता है और अगर उस पर परिवार के सदस्य, विशेषतः युवा परिवार के बुजुर्गों/वृद्धों को अपमानित करें।

# बुजुर्ग – संस्कृति के संरक्षक, जीवन के मार्गदर्शक

# एक स्नेहिल स्पर्श से बदल सकता है बुजुर्गों का जीवन




**प्रो. आरके जैन**

उन चेहरों पर समय की लकीरें नहीं, बल्कि जीवन की अमर गाथाएँ अंकित हैं। उनकी आँखों में समाया है अनुभवों का अथाह सागर, और उनके हाथों में बसी है हमारी संस्कृति की नींव। हमारे बुजुर्ग—हमारी जड़ें, हमारा अभिमान, हमारी अमूल्य धरोहर। 21 अगस्त को मनाया जाने वाला विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस केवल एक तारीख नहीं, बल्कि एक आह्वान है—उन अनमोल आत्माओं को सम्मान देने का, जिनके कंधों पर हमारा वर्तमान टिका है। यह दिन हमें झकझोरता है, रुकने को मजबूर करता है और सवाल उठाता है- क्या हम सचमुच अपने बुजुर्गों को वह प्यार, सम्मान और समय दे पा रहे हैं, जिसके वे सच्चे हकदार हैंबुजुर्ग हमारे समाज का वह जीवंत दर्पण हैं, जो अतीत की गहराइयों को उजागर करते हैं और भविष्य की राह रोशन करते हैं। उनके अनुभवों में छिपा है वह अनमोल ज्ञान, जो ग्रंथों में नहीं समाता। उन्होंने युद्धों के दंश झेले, आजादी के लिए संघर्ष किया, और बदलते भारत के हर युग को आत्मसात किया। उनके किस्सों में बसती हैं वे सीखें, जो हमें जीवन की जटिल राहों पर दिशा देती हैं। फिर भी, आज की आपाधापी भरी दुनिया में हम अक्सर उनकी उपस्थिति को नजरअंदाज कर देते हैं। उनकी अनकही कहानियाँ, अनसुनी इच्छाएँ और अनदेखी जरूरतें आधुनिकता की चमक-दमक में कहीं गुम हो जाती हैं। क्या हमने कभी उनकी अनकही इच्छाओं के गहरे अर्थ को सच्चे मन से टटोलने की कोशिश की शायद वे चाहते हैं कि कोई उनकी जवानी के सुनहरे किस्सों को दिल की गहराइयों से सुने। शायद वे अपने अनुभवों के अनमोल खजाने को नई पीढ़ी तक पहुँचाना चाहते हैं।

या फिर, शायद उनकी ख्वाहिश बस इतनी-सी है कि कोई उनके साथ बैठे, चाय की चुस्कियों के बीच उनकी बातों को आत्मीयता और अपनत्व से सुने। विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस हमें यह एहसास दिलाता है कि उनकी ये छोटी-छोटी इच्छाएँ उतनी ही अनमोल हैं, जितना उनका हमारे जीवन और समाज में अमर योगदान। आज के दौर में हमारे बुजुर्ग कई अनदेखी चुनौतियों से जूझ रहे हैं। डिजिटल युग की चकाचौंध में उनकी भागीदारी एक अनसुलझा प्रश्न बनी हुई है। स्मार्टफोन और इंटरनेट के इस तीव्र गति वाले समय में कई बुजुर्ग तकनीक की जटिलताओं से अनजान हैं, जिसके चलते वे ऑनलाइन स्वास्थ्य सुविधाओं, बैंकिंग सेवाओं या सामाजिक मंचों तक पहुँच नहीं बना पाते। यह डिजिटल खाई उनके लिए एक नया अकेलापन लेकर आई है, जो उनकी दुनिया को और सिमटा देता है। इसके साथ ही, मानसिक स्वास्थ्य जैसे गंभीर मसले पर हमारा समाज खामोश रहता है। अकेलापन, अवसाद, और स्मृति से जुड़ी समस्याएँ बुजुर्गों के लिए गहरी चुनौतियाँ हैं, पर इन पर खुलकर बात करने का साहस हममें कम ही दिखता है। हमें ऐसी संवेदनशील व्यवस्थाएँ गढ़नी होंगी, जो उनकी शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक जरूरतों को न केवल समझें, बल्कि उन्हें पूरी तरह संबोधित करें। भारत, जहाँ परिवार और संस्कृति हमारी आत्मा का आधार हैं, वहाँ बुजुर्गों का स्थान हमेशा से पवित्र और पूजनीय रहा है। लेकिन बदलते दौर की चुनौतियों के बीच हमें अपनी परंपराओं को नई दृष्टि और संवेदनशीलता के साथ पुनर्जनन करना होगा। हमें अपनी नई पीढ़ी को यह सिखाना होगा कि बुजुर्गों का सम्मान केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि एक गहरा जीवन मूल्य है, जो हमारी पहचान को मजबूती देता है। कई बुजुर्ग आज भी अपने अथाह ज्ञान, कला, और अनुभवों के खजाने से समाज को समृद्ध करने की इच्छा रखते हैं। हमें उन्हें ऐसा मंच प्रदान करना होगा, जहाँ उनकी प्रतिभा न केवल नई पीढ़ी तक पहुँचे, बल्कि उसे प्रेरणा और दिशा भी दे।

विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि बुजुर्गों की देखभाल हमारी साझा नैतिक जिम्मेदारी है। सरकार को ऐसी नीतियाँ गढ़नी होंगी जो किफायती स्वास्थ्य सुविधाएँ, सामाजिक सुरक्षा, और सम्मानजनक जीवन की गारंटी दें। सामुदायिक केंद्रों का निर्माण, जहाँ बुजुर्ग एक साथ समय बिता सकें, उनकी बातें साझा कर सकें, और सामाजिक-मानसिक जरूरतों को पूरा कर सकें, एक क्रांतिकारी कदम हो सकता है। और हमारा योगदान एक स्नेहपूर्ण फोन कॉल, एक आत्मीय मुलाकात, या उनकी छोटी-सी इच्छा को पूरा करना—ये छोटे-छोटे प्रयास उनके जीवन में अपार खुशी और अर्थ ला सकते हैं।उम्र महज एक संख्या है, पर उनके जुनून और रचनात्मकता की कोई सीमा नहीं। आज भी कई बुजुर्ग अपने अटूट जोश और प्रेरक कर्मों से समाज को नई दिशा दे रहे हैं। वे लेखक बनकर अमर कहानियाँ रच रहे हैं, सामाजिक कार्यकर्ता बनकर परिवर्तन की लौ जला रहे हैं, या अपने परिवार को एकजुट रखकर नई पीढ़ी को जीवन के मूल्यों का पाठ पढ़ा रहे हैं। हमें उनकी इन अनमोल क्षमताओं को न केवल पहचानना होगा, बल्कि उन्हें प्रोत्साहित कर एक मंच देना होगा, जहाँ उनकी प्रतिभा समाज को और समृद्ध करे। इस विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस पर एक पवित्र संकल्प लें, हम अपने बुजुर्गों को न केवल सम्मान और स्नेह देंगे, बल्कि उनकी अनकही इच्छाओं और अनसुनी जरूरतों को दिल से समझेंगे। वे हमारी जड़ें हैं, जिनके बिना हमारा वजूद अधूरा है। उनकी कहानियों को आत्मीयता से सुनें, उनके अनुभवों से जीवन की गहरी सीख लें, और उनके जीवन को प्रेम, सम्मान और खुशियों से सजाएँ। यह दिन केवल उत्सव का नहीं, बल्कि एक नई शुरुआत का प्रतीक है—एक ऐसे समाज के निर्माण का, जहाँ हर बुजुर्ग को वह प्यार, गरिमा और सम्मान मिले, जिसके वे सच्चे हकदार हैं।

# ट्रंप ने खोया अपनों को भरोसा



**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

यह तो भविष्य के गर्व में छिपा है कि रुस यूक्रेन युद्ध को लेकर दोनों देशों का क्या निर्णय होगा या युद्ध कब तक समाप्त होगा या सहमति के हालात बनेंगे या नहीं पर एक बात साफ हो गई है कि अमेरिका के लोगों को ही राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के निर्णय को लेकर भरोसा नहीं है। अमेरिका में राष्ट्रपति पद के चुनाव के समय 81 प्रतिशत अमेरिकीयों को भरोसा था कि ट्रंप द्वारा जो निर्णय लिया जाएगा वह भरोसे लायक होगा। यानी कि वह सोच समझ भरा निर्णय होगा। कहने का अर्थ यह है कि अमेरिका के 81 फीसदी नागरिक यह मानकर चल रहे थे कि ट्रंप द्वारा रुस यूक्रेन युद्ध को लेकर लिया जाने वाला निर्णय भरोसे लायक होगा। राष्ट्रपति बनने के बाद से जिस तरह से ट्रंप द्वारा एक के बाद एक तुगलकी निर्णय लिए जा रहे हैं और जिस तरह से विश्व के देशों को धमकाना शुरु किया है उससे ट्रंप ने स्वयं के साथ ही अमेरिका की फजीयत ही अधिक कराई है। विश्व का दादा बनने के प्रयास में ट्रंप और अमेरिका दोनों की ही साख में तेजी से गिरावट आई है। ट्रंप-पुतिन मुलाकात के बाद भी साफ हो गया है कि कोई ठोस निर्णय नहीं हो पाया है और भले ही यूक्रेन की जेलेंस्की को ट्रंप ने चर्चा के लिए अमेरिका बुलाया हो और बातचीत भी हुई हो पर लब्बोलुबाब तो यही रहेगा कि इस मुलाकात के बाद अमेरिका की हेटी तो साफ दिखाई दे ही रही है। इससे पहले जेलेंस्की और ट्रंप की गत मुलाकात के समय जिस तरह से अमेरिका की हेटी हुई वह भी सबके सामने हैं। भले ही पुतिन जेलेंस्की मुलाकात करने को राजी हो गये हो पर सीज फायर हो भी गया तो वह स्थाई सीजफायर होगा इसमें पूरी तरह से संदेह है। इन हालातों में प्यू रिसर्च द्वारा हाल ही किये गये सर्वे में जो परिणाम सामने आये हैं वह किसी विष्व नेता के लिए शर्मनाक से कम नहीं होने चाहिए। 81 प्रतिशत भरोसे लायक नेता पर 40 प्रतिशत अमेरिकीयों का भरोसा और इनमें से भी 25 प्रतिशत का थोड़ा भरोसा तो फिर देखा जाए तो केवल 15 प्रतिशत अमेरिकी ही ट्रंप पर पूरी तरह से भरोसा जता रहे हैं। 59 प्रतिशत अमेरिकीयों को तो ट्रंप पर अब बिलकुल भी भरोसा नहीं रहा है। देखा जाए तो दुनिया के देश तो ट्रंप की बेजा हरकतों से परेशान है ही वहीं अमेरिकावासियों को भी अमेरिका का भविष्य कोई अच्छा संकेत देता नहीं लग रहा है। राष्ट्रपति ट्रंप के एक के बाद लिए गए फैसलों ने उन्हें दुनिया का सबसे बड़ा खलनायक बना दिया है। ट्रंप की हर धमकी हवा हवाई बनकर रह गई है। इसके साथ ही ट्रंप द्वारा कही जाने वाली बात कब तक रहेगी इस पर भी दुनिया के लोगों को संदेह होने लगा है। एक तरह से देखा जाए तो ट्रंप किसी मसखरें की छवि में दुनिया के देशों के सामने आ रहे हैं। टैरिफ वार सामने हैं। टैरिफ के नाम पर देशों को धमकाना ज्यादा नहीं चल सकता, यह अमेरिका को समझना होगा। भारत पर 40 प्रतिशत टैरिफ लगाने से उलटा मोदी को मजबूत बनाने का काम ही अमेरिकी राष्ट्रपति ने किया है। इससे पहले जिस तरह से कनाडा को अपना 51 वां राज्य कहना दादागिरी का बड़ा नमूना है। भारत पाकिस्तान के बीच ऑपरेशन सिन्दुर के दौरान सीजफायर करने के दावें की पोल खुल चुकी है। देखा जाए तो ट्रंप तानाशाही रवैया अपनाते हुए दुनिया के देषों को ड़राने धमकाने में लगे हुए हैं। हांलाकि चाहे टैरिफ नीति हो या उपनिवेशवादी सोच देर सबेर इसका खामियाजा अमेरिका को ही भुगतना पड़ेगा और गत बैठक के दौरान व्हाईट हाउस में ट्रम्प और जेलेंस्की के बीच तीखी बहस और नोकझोंक से दुनिया के देषों में साहस का संचार हुआ है। व्हाईट हाउस की घटना का तात्कालिक परिणाम ही यह सामने आ गया है कि यूरोप के देश एक स्वर में यूक्रेन के साथ खड़े होने लगे है ।

तो दूसरी और अपना नया नेता चुनने पर विचार करने लगे हैं। हांलाकि जेलेंस्की ने देश हित को पहली वरियता दी है और अमेरिका से अब भी खनिज संपदा के अधिकार देने पर सहमति समझौता करने को लगभग तैयार है। पर अमेरिका दबाव बनाकर और डरा धमकाकर समझौता करना चाहता है यही कारण है कि समझौते क प्रारुप पर चर्चा करने आये जेलेंस्की को ही रुस यूक्रेन युद्ध का जिम्मेदार बताते हुए तीखी नोंकझोंक तक हालात पहुंच गए और जेलेंस्की की हिम्मत की इसलिए सराहना करनी होगी कि अमेरिका के आगे नाक रगड़ने की जगह वार्ता छोड़कर यूरोपीय देशों की यात्रा पर आ गये। भविष्य में क्या होता है यह तो अलग बात हैं पर चाहे रुस यूक्रेन युद्ध हो, चाहे इजरायल हमास या फिर भारत पाक ट्रंप किसी बहरुपिये की तरह से एक्सपोज हो गए हैं। इससे रुस और पुतिन का विश्व राजनीति में उभार का अवसर मिला है

## हरियालो राजस्थान वृक्षारोपण महाभियान

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश में 10 करोड़ पौधारोपण का लक्ष्य हुआ पार

**-ईशा सैनी**
**सूचना एवं जनसंपर्क विभाग**

मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के प्रेरणादायी नेतृत्व में राजस्थान ने 'हरियालो राजस्थान वृक्षारोपण महाभियान' को एक जनआंदोलन का रूप दिया है। प्रदेश में इस मानसून में 10 करोड़ पौधारोपण का लक्ष्य हासिल हो चुका है, मानसून अभी विदा नहीं हुआ है, पौधारोपण जारी है जिससे उम्मीद की जा सकती है कि उपलब्धि ऐतिहासिक होगी। यह अभियान राजस्थान को हरियाली से आच्छादित करने की ऐतिहासिक पहल के रूप में देखा जा रहा है।

'हरियाली की नई क्रांति' राज्य सरकार ने इस वर्ष 10 करोड़ पौधे लगाने का संकल्प लिया था। अब तक 10 करोड़ 21 लाख 22 हजार 351 पौधे लगाए जा चुके हैं।

इनमें व्यक्तिगत वृक्षारोपण संख्या 37 लाख 51 हजार 534 और ब्लॉक स्तर वृक्षारोपण संख्या 9 करोड़ 83 लाख 70 हजार 817 रही। पिछले साल भी इस अभियान के तहत 7 करोड़ से अधिक पौधे लगाए गए थे। इस बार शिक्षा विभाग, वन विभाग, आरडीपीआर और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सहित विभिन्न विभागों की सक्रिय भागीदारी रही।

'एक दिन में बना रिकॉर्ड' 27 जुलाई, 2025 को हरियाली तीज पर आयोजित 76वें राज्य स्तरीय वन महोत्सव के अवसर पर मात्र एक दिन में 2 करोड़ 50 लाख पौधारोपण कर नया रिकॉर्ड बनाया गया।

'पाँच साल में 50 करोड़ पौधों का लक्ष्य' मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने 'मिशन हरियालो राजस्थान' के तहत पाँच वर्षों में 50 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है। यह अभियान प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 'एक पेड़ माँ के नाम' महाअभियान से भी जोड़ा गया है।

'2 हजार वृक्ष मित्र तैयार होंगे' राज्य सरकार वृक्ष मित्र योजना भी चला रही है। 200 पौधे लगाने वाले को वृक्ष मित्र का दर्जा दिया जाएगा। पूरे प्रदेश में 2 हजार वृक्ष मित्र बनाए जा रहे हैं जिन्हें मानदेय भी मिलेगा। इसके साथ ही हर जिले में आमजन की सहभागिता से मातृ वन विकसित किए जा रहे हैं। लोग जन्मदिवस, सालगिरह या स्मृति स्वरूप पेड़ लगाकर पर्यावरण संरक्षण से जुड़ रहे हैं।

'पौधों की क्षेत्रीय अनुकूलता पर जोर' राज्य सरकार पौधों का अधिकतम सर्वाइवल सुनिश्चित करने के लिए जलवायु और मिट्टी की अनुकूलता को प्राथमिकता दे रही है। इससे पौधों के जीवित रहने और वृक्ष बनने की संभावना अधिक बढ़ी है।

'जियो टैगिंग से हो रही निगरानी' अभियान की पारदर्शिता और सफलता सुनिश्चित करने के लिए हरियालो राजस्थान मोबाइल एप तैयार किया गया है। इस एप के माध्यम से लगाए गए प्रत्येक पौधे की जियो टैगिंग की जा रही है, ताकि उसकी सुरक्षा और संवर्धन पर सतत निगरानी रखी जा सके।

'जनआंदोलन बन रहा है अभियान' राज्य सरकार के प्रयास से यह अभियान सिर्फ सरकारी कार्यक्रम तक सीमित न रखकर जनआंदोलन बन गया है। नदियों और तालाबों के किनारों, औद्योगिक क्षेत्रों के आसपास, विद्यालयों, अस्पतालों तथा नगरीय क्षेत्रों में पौधारोपण को प्राथमिकता दी जा रही है।

सामाजिक संगठनों, शैक्षणिक संस्थाओं और स्वयंसेवी संस्थाओं की सक्रिय भागीदारी से यह अभियान आमजन से सीधा जुड़ रहा है।

'हरित भविष्य की ओर कदम' पौधे को लगाने से लेकर उन्हें वृक्ष बनने तक सहेजने का संकल्प श्री भजनलाल शर्मा की पर्यावरणीय सोच को दर्शाता है। यह पहल राजस्थान को हरित और समृद्ध भविष्य की ओर ले जाने में मील का पत्थर साबित होगी।

# गणपति बाल मंडल द्वारा 27 अगस्त से 10 दिवसीय भव्य गणेश महोत्सव कार्यक्रम आयोजित होगा



**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** शहर के पटेल नगर में गणपति बाल मण्डल के तत्वावधान में होने वाले गणेशोत्सव के दौरान रोज विभिन्न सास्कृतिक व धार्मिक कार्यक्रम होंगे। मण्डल संरक्षक भाजपा नेता कैलाश सोनी ने बताया की जबलपुर के सुप्रसिद्ध मूर्तिकारों द्वारा 11 फीट की विशालकाय प्रथम पुज्य गणेश जी की मूर्ति शुद्ध मिट्टी से तैयार की जा रही है विदित रहे कि गणपति बाल मंडल द्वारा पिछले 16 वर्षों से लगातार गणेश महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है मंण्डल अध्यक्ष बादल सिंह राठौड ने बताया की गणेश महोत्सव में 27 अगस्त को रंगोली प्रतियोगिता करवाई जायेगी एवम् 31 अगस्त को रक्तदान शिविर लगवाया जाये?गा इसी क्रम में 4 सितम्बर को विशाल भण्डारे का आयोजन होगा एवम् 5 सितम्बर को 56 भोग लगाए जायेंगे और 6 सितम्बर को भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी मण्डल उपाध्यक्ष सोनू यादव ने बताया कि कार्यक्रमो की तैयारी के लिए बैठक का आयोजन किया गया जिसमे बजरग सिह (मोदी), विशाल बसीटा, दिनेश खोतानी, शिवम सिंह, संजीव कामत, राजेश रजवानिया, आनंद गिरी, पुष्पेन्द्र सिंह, सुरज जाट, राकेश मीणा, किशन शर्मा, सुशिल वालेजा, निलेश कुमावत, सुशिल प्रजापत, आयुष झा, नारायण सिंह (खेडी), कालूसिंह (खेडी), चरण प्रजापत (खेड़ी) ,प्रद्युम्न शर्मा (खेडी), दिपेन्द्र सिंह किशनावत (खेडी),पराक्रम सिह (खेडी), जयवीर सिह (खेडी), दिलीप शर्मा (खेड़ी)नंद सिह (खेडी), दिपांशु सिह(चीनू), रितिक सिह चौहान एवं गणपति बाल मंडल के सभी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# राजस्थान संयुक्त मोर्चा संघर्ष समिति ने जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम सोपा ज्ञापन



**डीडवाना (हुक्मनामा समाचार)।** जिला कलेक्टर को राजस्थान संयुक्त मोर्चा संघर्ष समिति के द्वारा अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सोपा गया है, जिसमे मांग करते हुए बताया कि बजट सत्र 2024-25 में उप-मुख्यमंत्री दिया कुमारी द्वारा बिंदु संख्या 75 के तहत 4,000 नर्सिंग ऑफिसर के पद बजट सत्र 2025-26 के बिंदु संख्या 60 में 1,500 पैरामेडिकल कार्मिकों के पद स्वीकृत किए गए थे, इन्हीं स्वीकृतियों के आधार पर यह अत्यंत आवश्यक है कि पदों में समुचित वृद्धि करते हुए तत्काल 10,000 से 15,000 पदों पर नवीन भर्ती विज्ञप्ति जारी की जाए। यह भर्ती प्रक्रिया पूर्ववत चिकित्सा नियम-1965 के तहत मेरिट एवं बोनस अंकों (10, 20, 30) के आधार पर ही सुनिश्चित की जाए, जिससे विगत 8-10 वर्षों से कार्यरत समस्त संविदा कार्मिकों को स्थायी होने का बहुप्रतीक्षित अवसर प्राप्त हो सके।राजस्थान की सरकारी योजना में हज़ारो की संख्या में संविदा व अल्पवेतन में एनएचएम एनआरएचएम संविदा निविदा यूटीबी प्लेसमेंट एजेंसी पीपीपी मोड एमआरएस एनजीओ 108 104 ममता एमएमयू एमएमवी जनता क्लिनिक पर कार्मिक कार्य कर रहे हैं जिनको कार्य करते हुए आज कई वर्ष बीतगए हैं जिसके कारण वह उम्र के आखिरी पड़ाव पर आ गए हैं, अतः नई विज्ञप्ति तत्काल जारी की जाए। पिछली सरकार ने संविदा कर्मचारियों के साथ भेदभाव किया: कोविड कर्मियों को 1 दिन का भी 15त्न बोनस अंक मिला, जबकि 1-1.5 साल सेवा देने वालों को सिर्फ 10त्न बोनस, इससे अनुभवी (5-10 साल) संविदा कर्मचारी चयन से वंचित रहे। अत: नई विज्ञप्ति शीघ्र जारी करें। वर्तमान में संविदा कर्मचारी अत्यंत अल्प वेतन पर कार्यरत हैं, जिससे वे मानसिक, आर्थिक और सामाजिक रूप से परेशान हैं। अत: उनके हितों व अधिकारों का पूरा ध्यान रखते हुए सर्वप्रथम परिलाभ व प्रोत्साहन रूप में भर्तीयों में प्राथमिकता मिलनी चाहिए। समस्त संविदा कर्मचारियों के भविष्य को देखते हुए आगामी नियमित भर्ती प्रक्रिया पूर्व की भांति मेरिट और बोनस अंक 10,20,30 के आधार पर ही जल्द जारी की जाए। भर्ती प्रक्रिया नियमों में कोई संशोधन नहीं करें। इन सभी मांगों को लेकर ज्ञापन सोपा गया है।

# जिला स्तरीय जनसुनवाई आज

**बारां (हुक्मनामा समाचार)।** आमजन की समस्याओं के निराकरण के लिए अटल जन सेवा शिविर के तहत 21 अगस्त (तृतीय गुरुवार) को जिला कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर की अध्यक्षता में जिला जन अभियोग एवं सतर्कता समिति की बैठक एवं जिला स्तरीय जनसुनवाई वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से राजीव गांधी सेवा केंद्र, मिनी सचिवालय परिसर में प्रात: 11 बजे से आयोजित की जाएगी। जनसुनवाई में सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे

एवं उपखण्ड स्तरीय अधिकारी विडीयो कॉफ्रेन्सिंग से जुड़ेगे।

## भाजपा भीलवाड़ा जिले के 39 मंडलों की संगठनात्मक बैठक आयोजित

# मंडल स्तर के कार्यकर्ता भाजपा कि नींव, पूरी मजबूती से मिलकर कार्य करना चाहिए- मेवाड़ा



**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** भाजपा जिला अध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा की अध्यक्षता में आज बुधवार को भाजपा जिला कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी भीलवाड़ा जिले के 39 मंडलों के अध्यक्ष, आईटी जिलासंयोजक अजय नौलखा, सोशल मीडिया जिला संयोजक रागिनी गुप्ता, जिला मीडिया संयोजक महावीर समदानी, मन की बात जिला संयोजक सीपी जोशी सुखवाल के साथ बैठक संपन्न हुई इस अवसर पर मेवाड़ा ने कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा मंडल अध्यक्ष पार्टी की नीव है इसलिए उन्हें पूरी मजबूती से कार्य करना चाहिए उन्होंने कहा कि आईटी, सोशल मीडिया व मन की बात के संयोजक व सहसंयोजक मंडल स्तर तक बनाए जाएंगे बैठक में उन्होंने कहा कि संगठन संरचना बुथ से लेकर शक्ति केंद्र तक तैयार हो जिससे आने वाले निकाय चुनाव में मजबूती से कार्य कर सकें इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री प्रहलाद त्रिपाठी, अविनाश जीनगर, कन्हैयालाल जाट मौजूद थे भाजपा जिला मीडिया संयोजक महावीर समदानी ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक के प्रारंभ में सर्वप्रथम जिला अध्यक्ष मेवाड़ा ने सभी अध्यक्षों का ऊपरना ओढाकर स्वागत किया इसके बाद सभी पदाधिकारी ने अपना विस्तृत परिचय सभी के समक्ष रखा इस अवसर पर मेवाड़ा ने सभी पदाधिकारी को जिला अध्यक्ष के बराबर बताते हुए पार्टी के कार्यों पूरा पूरा सहयोग देना चाहिए बैठक में आईटी संयोजक ने सरल एप के बारे में विस्तृत रूप से बताया सरल एप में संगठन के कार्यकर्ता पूरी जानकारी डालने पर संगठन की रैंकिंग बनती है भीलवाड़ा जिले में 1936 बूथ पर मन की बात कार्यक्रम आयोजित हो एवं उन्हें सरल एप पर नियमित डाला जाए इस अवसर पर जिला अध्यक्ष मेवाड़ा ने प्रत्येक मंडल स्तर पर 60 की कार्यकारिणी बनाने की कहा मंडल स्तर पर 7 मोर्चो जिसमें युवा, महिला, ओबीसी, अल्पसंख्यक ,एससी, एसटी किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष बनाने पर भी विचार किया गया मेवाड़ा ने मंडल अध्यक्षों को कहा कि अच्छे कार्यकर्ताओं की सूची तैयार रखें जिससे संगठन में कई पदों पर उनका सदुपयोग किया जा सके।

# गंगापुर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्व.गांधी को दी पुष्पांजलि



**गंगापुर भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** गंगापुर बस स्टैंड पर स्थित ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय में नगर अध्यक्ष धीरज चंदेल के अगुवाई में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया जहां पर नगरपालिका अध्यक्ष दिनेश चंद्र तेली सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की और उनके मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष धर्मेंद्र गहलोत, शब्बीर मोहम्मद, ब्लॉक सचिव इसराइल अली, नवरत्न गर्ग, मुकेश खटीक, मोनू तिवारी, नाथूलाल गहलोत एवं कई संगठन के पदाधिकारी मौजूद थे।

# राज्यस्तरीय सब जूनियर जूडो चैम्पियनशिप पर भीलवाड़ा का दबदबा, 7 गोल्ड 5 सिल्वर व 2 कांस्य पदक किया अपने नाम



**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** जूडो कोच चेतन चोबे ने बताया की हॉल ही में राज्य स्तरीय सब जूनियर जूडो प्रतियोगिता सोडा ( टोंक ) में राजस्थान जूडो महासंघ के सानिध्य में सम्पन्न हुई। इस प्रतियोगिता में भीलवाड़ा के जूडो खिलाड़ियों ने खेल का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 7 गोल्ड, 5 सिल्वर तथा 2 ब्रांज मेडल प्राप्त कर बालक व बालिका दोनों ही वर्गों में राजस्था ने आल चैम्पियनशिप जीतकर भीलवाड़ा जिले का दबदबा कायम रखा। बालक वर्ग मे विष्णु कुमार बलाई- प्रथम, शुभम आचार्य- प्रथम, राहुल खारोल- प्रथम, विष्णु विश्नोई-द्वितीय, चेतन माली- द्वितीय, प्रक्षित विश्नोई द्वितीय, धर्मेश आचार्य- तृतीय, कन्हैया लाल तेली तृतीय स्थान पर रहें बालिका वर्ग में वैदिका विश्नोई - प्रथम, आरती आचार्य -प्रथम, भावना विश्नोई- प्रथम सलोनी विश्नोई- प्रथम, दीपांशी खोईवाल- द्वितीय, रिंकू गुर्जर- द्वितीय स्थान प्राप्त कर पदक हासिल किये, जिला जूडो अध्यक्ष गिरिराज चोबे ने बताया कि प्रथम आने वाले खिलाड़ी राष्ट्रिय स्तर पर भाग लेंगे। खिलाड़ियों के भीलवाड़ा आने पर हेमेंद्र सिंह राणावत (जिला खेल अधिकारी) व व्यायामशाला के उस्ताद गिरिराज चौबे द्वारा पदक विजेताओं का स्वागत-सत्कार कर अग्रिम बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दी। तथा गांव के खेल प्रेमियों द्वारा पदक जीतने वाले खिलाड़ीयों व जूडो प्रशिक्षक जगदीश राजोरा, भगवती लाल शर्मा व टीम मेनेजर देवी लाल खारोल, हिमांशी व प्रकाश राजोरा आदी का व्यायामशाला पर पुष्पमाला पहनाकर जोरदार स्वागत किया।

इस अवसर पर जूडो सचिव चेतन चौबे, मनोज चतुर्वेदी, पुष्कर राजोरा ,बाबू लाल गाडरी, शिव लाल खारोल, देवी लाल खारोल यशपाल खोईवाल अभिमन्यू चौबे, हिम्मत चोबे राजेन्द्र आचार्य, आसकरण जाट सहित कई खेल प्रेमी उपस्थित रहें।

# आत्म निरीक्षण का पर्व पर्युषण- मुनि प्रश्न कुमार

**गंगापुर भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** जैन धर्म का प्रमुख पर्व पर्युषण आरंभ हो गया है, यह पर्व अपने आप में अलौकिक है द्य यह न केवल जैन धर्म अपितु प्राणी मात्र के कल्याण की प्रेरणा लेकर आता है द्य यह भौतिक पर्व से इतर संयम,तप,जप,त्याग में आराधना के द्वारा आत्मा को भावित करने का अनुपम अनुष्ठान है द्य जिसमें व्यक्ति अपना आत्म चिंतन व आत्म साक्षात्कार कर आत्मा को उज्जवलता प्रदान करने का प्रयास करता है उपयुक्त विचार मुनि प्रसन्न कुमार ने जैन धर्म के महापर्व पर्यूषण पर्व के आरंभ होने के प्रथम दिवस पर उपस्थित विशाल धर्म परिषद को संबोधित करते हुए स्थानीय कालू कल्याण कुंज के प्रांगण में व्यक्त किये मुनि ने खाद्य संयम की प्रेरणा देते हुए इसकी आध्यात्मिकता व वैज्ञानिकता का महत्वपूर्ण आधार बताया द्य उन्होंने कहा कि जब तक भोजन का विवेक नहीं होगा शरीर साधना के लिए उपयुक्त नहीं रहेगा द्य कब खाना, कैसे खाना,क्यों खाना व कितना खाना यह सारे प्रश्न जब तक हमारे मस्तिष्क में समाहित नहीं होते तब तक शरीर आध्यात्मिक साधना के लिए तैयार नहीं होगा इसी विषय पर मुनि धैर्य कुमार ने कहा कि खाद्य संयम के लिए आवश्यक है द्रव्यो की सीमा हो, स्वाद लोलुपता ना रहे,भोजन का अल्पिकरण हो व भोजन के समय में अंतर रहे तभी शरीर साधना के लिए उपयुक्त बन पाएगा द्य पर्यूषण पर्व के आरंभ होते ही स्थानीय जैन समाज में हलचल बढ़ गई है कालू कल्याण कुंज के अतिरिक्त स्थानकवासी समाज द्वारा भी पर्यूषण पर्व की गतिविधियां तेज हो गई द्य सभी श्रद्धालुओं में त्याग तपस्या की प्रतिस्पर्धा प्रारंभ हो गई।

# कोर्ट चालू करने के लिए मंत्री ने प्रमुख शासन सचिव को लिखा पत्र



**भिनाय (हुक्मनामा समाचार)।** स्थानीय अभिभाषक परिषद की लगातार की जा रही सिविल न्यायालय चालू करने की मांग अब धरातल पर उतरति नजर आ रही है। अभिभाषक परिषद भिनाय की वर्षो से मांग थी कि भिनाय में सिविल न्यायालय खुले इस लिए गत बजट में स्थानीय विधायक विरेन्द्र सिंह कानावत के प्रयास रंग लाये ओर न्यायालय की घोषणा हुई इसके बाद से लोगों की पीड़ा को समझ लगातार विधायक विरेन्द्र सिंह कानावत और अभिभाषक परिषद के सभी अधिवक्ता लगातार संघर्ष करते रहे। इस संबंध में मसूदा विधायक ने बताया की कोर्ट के संबंध में सभी व्यवस्था के बारे में सरकार को अवगत कराया जा चूका है तथा सजग सरकार ने लोगों की पीड़ा को समझा है। कानून मंत्री जोगाराम पटेल द्वारा विभाग के प्रमुख शासन सचिव को इस संबंध में दिशा निर्देश दिये जा चूके हे। न्यायालय शीघ्र प्रारम्भ होगा। इस मोकै पर अभिभाषक परिषद भिनाय अध्यक्ष शिवचरण चौधरी, संरक्षक धर्मवीर बामनिया, शिवप्रकाश जौशी, त्रिलोकचंद जांगिड़ उपाध्यक्ष गजानंद सिंह रावत, सचिव राहूल आचार्य और कौषाधयक्ष प्रवीण प्रकाश भट्ट और यूसुफ मोहम्मद ने विधायक कानावत का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## न्यूज विंडो

# पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती पर पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन



**अजमेर (हुक्मनामा समाचार)।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री एवं 'भारत रत्न' स्व. राजीव गांधी की जयंती पर अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय जैन के नेतृत्व में पंचशील स्थित राजीव गांधी स्मारक पर पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विजय जैन ने कहा कि प्रधानमंत्री राजीव गांधी की दूरदर्शी सोच और प्रगतिशील विचारों के माध्यम से देश को आधुनिक दृष्टि दी और भारत को 21वीं सदी की सोच से जोड़ा। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी लोकतंत्र में गहरी आस्था और सशक्तिकरण की भावना को साकार करते हुए पंचायती राज को मज़बूत किया तथा युवाओं को राष्ट्र निर्माण सक्रिय भागीदार बनाया। पुष्पांजलि कार्यक्रम में राजस्थान प्रदेश प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी महेंद्र सिंह रलावता ने कहा कि आने वाली पीढ़ियों के लिए राजीव गांधी द्वारा प्रगति के नए मार्ग खोले और आज के भारत में भी उनके विचारों व कार्यों की अमिट छाप स्पष्ट दिखाई देती है। उनकी सोच और योगदान देश के दिलों में सदैव जीवित रहेंगे। इस अवसर पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव सुनील लारा प्रताप सिंह यादव विपिन बेसिल अशोक बिन्दल हितेश्वरी टॉक राज नारायण आसोपा गीता गुर्जर मीनाक्षी यादव प्रहलाद माथुर कैलाश कोमल भोमराज गुर्जर नीरज यादव शंकर गुर्जर मुकेश राठौर अहमद हुसैन भारत सिंह राणा अंकित घारू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित कर पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के बताएं मार्गों पर चलने का संकल्प लिया। अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव शिवकुमार बंसल ने जिला कलेक्टर अजमेर को पत्र लिखकर सराधना आर ओ बी के नीचे 2003 में राजीव गांधी स्मारक एवं उद्यान का निर्माण किया किया गया था। जिसकी रखरखाव के अभाव में दुर्दशा हो रही है। उन्होंने जिला प्रशासन से राजीव गांधी स्मारक एवं उद्यान के रखरखाव का आग्रह किया है।

# पुर्व पीएम स्व. राजीव गांधी की 81वी जयंती समारोह पुर्वक मनाई, बिजयनगर कांग्रेस सेवादल ने पुष्पांजलि अर्पित कर किया नमन



**बिजयनगर (हुक्मनामा समाचार)।** कांग्रेस सेवादल की ओर से भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जयंती को सद्भावना दिवस के रुप में मनाई गई। बुधवार 20 अगस्त को कुम्हार मोहल्ला स्थित कांग्रेस सेवादल कार्यालय पर 11बजे भारत रत्न एंव संचार क्रांति के जनक रत्न स्व.श्री राजीव गांधी जी की तस्वीर पर कांग्रेस जनों व पदाधिकारियों ने पुष्पांजलि अर्पित कर नमन करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मसूदा विधानसभा अध्यक्ष रामलाल नंगवाडा ने बताया कि संचार क्रांति के जनक स्वर्गीय राजीव जी गांधी ने संचार क्रांति एक सपना देखा था कि कर लो दुनिया मुट्ठी में आज वो सपना साकार हुआ। कांग्रेस नेता राजेंद्र शर्मा, इंटक अध्यक्ष इलियास मोहम्मद ने विचार रखे और आगामी आने वाले नगर पालिका चुनाव में कांग्रेस का परचम लहराने का संकल्प लिया। इस दौरान मसूदा विधानसभा अध्यक्ष रामलाल नंगवाडा,बिजयनगर शहर कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष इकबाल हुसैन, ब्लाक अध्यक्ष मानसिंह काठात, कांग्रेस यंग ब्रिगेड अध्यक्ष कुशाल नील, लादूलाल टेलर, जिला सचिव महावीर पांचाल, गोपाल सिंह चौहान, उपाध्यक्ष सुरेंद्र कावड़िया, दुलीचंद बैरवा,पार्षद अमित जोशी, महासचिव शक्ति सिंह राजावत, भवानी शंकर तिवाडी व हेमराज खाती, सचिव देवीलाल तगाया, अशोक कर्नावट, गफ्फार मोहम्मद, रविन्द्र बाबेल,अनवर पठान व सद्दीक शाह,इमरान रंगरेज, फिरोज पठान,निजामुद्दीन बिसायती, रवि साहू, सुरेश कच्छावा, हेमराज खाती, हमीद बिसायती, नेमीचंद सैनी, नरेश सांगला, पीरु उस्ताद, दिनेश टेबडा, सत्तार मोहम्मद, मोहम्मद, शंभूलाल सैन, जगदीश कुमावत, मंजूर अहमद, अहमद उस्ता, प्यार मोहम्मद, सलामूदीन, रविन्द्र सरगरा, प्रेमचंद धानका, कल्याण रेगर, दिलीप मेघवंशी, जगदीश रेगर, रामदेव रेगर, शहजाद खलिफा, श्याम लाल धोबी आदि ने पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।

# दो दिवसीय जिला स्तरीय शारीरिक शिक्षा शिक्षक वाकपीठ संगोष्ठी कल एंव 23 अगस्त को

**कुचेरा (हुक्मनामा समाचार)।** कुचेरा- जिला स्तरीय दो दिवसीय शारीरिक शिक्षा शिक्षक वाकपीठ संगोष्ठी 22 व 23 अगस्त को रा. उ. मा. वि. कुचेरा में आयोजित होगी इस संगोष्ठी में नागौर जिले के समस्त शारीरिक शिक्षा शिक्षक भाग लेंगें , आयोजकों ने बताया कि इस 2 दिवसीय संगोष्ठी में शारीरिक शिक्षा के शैक्षणिक महत्व, विद्यालयों में खेल गतिविधियों का संचालन, विद्यार्थियों में खेल भावना का विकास, नशा मुक्ति और स्वस्थ जीवन शैली जैसे विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान दिया जायेगा साथ ही प्रतिभागियों के बीच समुह चर्चा व अनुभव साझा करने का भी अवसर मिलेगास्थानीय विद्यालय के वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक जगदीश राम ने बताया कि संगोष्ठी के माध्यम से शारीरिक शिक्षकों को नवीनतम खेल व संशोधित खेल नियमों और प्रशिक्षण तकनिकों की जानकारी दी जायेगी जिससे ग्रामीण व शहरी दोनों स्तरों पर विद्यार्थियों को खेल कूद में प्रोत्साहन मिलेगा आयोजन समिति ने बताया कि यह संगोष्ठी शिक्षा और खेलों के समन्वय को मजबूत करने के साथ साथ शारीरिक शिक्षा को मुख्य धारा में लाने का प्रयास सार्थक साबित होगा। मुख्य अतिथि तेजपाल मिर्धा, माननीय अध्यक्ष, नगरपालिका कुचेरा विभागीय मुख्य अतिथि रामलाल खराडी, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, नागौर बृजकिशोर शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी, (मुख्यालय) माध्यामिक/प्रारम्भिक, नागौर विशिष्ट अतिथि सुरेशकुमार सोनी, अति. जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यामिक, नागौर रामप्रताप विश्नोई, अति. जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यामिक, नागौर बागाराम जांगु, अति. जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) प्रारम्भिक, नागौर कैलाशराम जेठू, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, ब्लॉक- मूण्डवा सुनिल चौधरी, थाना अधिकारी, कुचेरा सोहनराम गोदारा, जिला खेल अधिकारी, नागौर हड़मानराम देवड़ा, नागौर विभाग संघ चालक।

# लालसोठ दौसा मे जबरन प्रवेश कर राजकार्य मामले पर कार्रवाई की मांग, राजस्थान तहसीलदार सेवा परिषद ने मुख्यमंत्री के नाम सोपा ज्ञापन




**डीडवाना (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान तहसीलदार सेवा परिषद के द्वारा अपनी मांगों को लेकर एक ज्ञापन जिला कलेक्टर को राजस्थान के मुख्यमंत्री के नाम सोपा गया है,जिसमे मांग करते हुए बताया कि कुछ अधिवक्ताओ द्वारा 19 अगस्त को विधि विरुद्ध एकत्रित होकर तहसील कार्यालय भवन तहसील लालसोठ दौसा मे जबरन प्रवेश कर राजकार्य में बाधा डालते हुए तहसीलदार लालसोट अमितेश मीणा एवं कार्यालय स्टाफ के साथ उनके चेम्बर में सामूहिक रूप से दुर्व्यवहार एवं मारपीट की घटना घटित हुई। इस दौरान उनके ऑफिस में मारपीट, धक्का-मुक्की, अनर्गल नारेबाजी एवं अभद्र भाषा का प्रयोग, मोबाइल छीनना, अशोभनीय व्यवहार, तोड़-फोड़, मेज पर रखे हुए सरकारी दस्तावेजों खुर्द-बुर्द किया गया,जो गंभीर दुराचरण कानून की अवहेलना की श्रेणी में आता है,स्वयं को न्याय का संरक्षक मानने वाले अधिवक्ताओं द्वारा किया गया यह कृत्य लोकशांति प्रशासनिक गरिमां पर सीधा हमला है। इस प्रकार की आपराधिक प्रवृति के अधिवक्ता गरिमामयी बार की साख पर कई सवाल खड़ा करते है। इस घटना के बाद तहसीलदार द्वारा थाने में तत्काल नामजद रिपोर्ट दी गई, किन्तु घंटों तक एफआईआर दर्ज नहीं की गई, इसके विरोध स्वरूप तहसीलदार एवं राजस्य अधिकारी साथियों को मजबूर होकर थाने के बाहर धरने पर बैठना पड़ा, जो पुलिस कार्यवाही की निष्पक्षता पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करती है। राजकार्य में बाधा, विधिविरुद्ध जमावड़ा, ऐसी एसटी एक्ट के विधिक प्रावधानों के तहत गंभीर संज्ञेय अपराध के वीडियो साक्ष्य उपलब्ध होने के बावजूद तीन घंटे बाद पुलिस थाने में घटना की प्राथमिकी दर्ज होना आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होना प्रशासनिक अधिकारियों कार्मिकों के मनोबल को गिराता है।

लोक कार्यालय के विधिक प्राधिकार पर किंचित कथित सभ्य विधिवेत्ताओं की अनियंत्रित भीड़ द्वारा इस प्रकार सुनियोजित आक्रमण कर आतंक एवं दबात का अनुचित प्रयास लोक कर्मचारी को अपने कर्तव्य निवर्हन में हतोत्साहित करता है,राज्य द्वारा अधिकारी को प्रदान किए जा रहे सुरक्षा उपायों पर भी प्रश्व चिन्ह लगाता है। राजस्व सेवा परिषद् उक्त कृत्य की कड़े शब्दों में निंदा करती है। ध्यातव्य है कि ललिता कुमारी बनाम उत्तरप्रदेश सरकार एवं अन्य मामले निर्णय 12 नंबर 2013 द्वारा संज्ञेय मामलों में दर्ज करने के संबंध में पुलिस अधिकारी के अनिवार्य कर्तव्य के संबंध में दिशानिर्देश जारी किए हुए है, इसके बावजूद धरातल पर राज्य प्रशासन के सबसे महत्वपूर्ण कार्यालय को भी एफआईआर दर्ज करने हेतु धरना देने पर मजबूर होना राज्य की विधिक प्रशासनिक विफलता है। विदित्त है कि अजीतगढ़ थाने में 13 सितंबर 2023 को तहसीलदार पद पर रहते हुए तत्कालीन प्रधान के खिलाफ राजकार्य में बाधा एक एफआईआर दर्ज करवाई गई थी। जिस पर आज तक कोई जिवां ही नहीं हुई, ऐसे ही राजस्थान राज्य में समान मामलों में विगत 10 वर्ष में हुई जिनमें आरोपी को सजा हुई हो, की संख्या शून्य है। इससे स्पष्ट है कि औपचारिकता के पश्चात् ऐसे समस्त मामलों में मात्र लीपा पोती के ही प्रयास रहे हैं।वर्तमान में फील्ड कार्यस्थल पर दुराचरण मारपीट की इस प्रकार की घटनाएं आम बात हो गई है परंतु अब तो राजकीय कार्यालय भी सुरक्षित नहीं है। तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट जैसे महत्वपूण आमजन तक सरकारी योजनाओं की सर्वसुलभता के लिए के लिए काम करने वाले पद के साथ राजकाज के दौरान होने वाले ऐसे मामले कहीं न कहीं लोक सेवक की सुरक्षा को लेकर सरकार की उपेक्षा की ओर ध्यान आकृष्ट करते हैं। ध्यान रहे तहसीलदार केवल राजस्व अधिकारी ही नहीं बल्कि कार्यपालक मजिस्ट्रेट भी होते हैं।

# जिंदल की अवैध ब्लास्टिंग से उपनगर पुर में फिर आई दरारें

## कई मकानो में हुआ नुकसान, हो सकता है कभी भी जानलेवा हादसा

**भीलवाड़ा,( हुक्मनामा समाचार )।** उपनगर पुर मे दोपहर में अचानक हुए जिंदल के अवैध ब्लास्टिंग से उपनगर पुर के कई मकानों में अचानक जोरदार धमाके की आवाजों के साथ ही दरारें आ गई गनीमत रही की कोई जन हानि नहीं हुई। उपनगर पुर के वासुदेव पिता भूरालाल बिश्नोई के मकान में दोपहर लगभग 2.30 बजे पूरा परिवार मकान के अंदर बैठा था लेकिन अचानक तेज धमाके की आवाज के साथ ही मकान में अचानक दरारें आ गई जिससे डर कर पूरा परिवार मकान के बाहर निकल गया, गनीमत यह रही की किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई । विश्नोई के पारिवारिक सदस्य ने बताया कि अभी तीन-चार वर्ष पूर्व ही उनका मकान पूरा नया बनाया गया था । इसी तरह उपनगर पुर के मनोहर लाल, प्यार चंद बिश्नोई गोविंद पिता रामेश्वर अटारिया, भंवरलाल आचार्य, रूप कंवर सिंघवी के मकान एवं संघर्ष सेवा समिती पुर के कार्यालय में भी पूर्व में आ रही दरारें और बड़ी हो गई। चंद्र प्रकाश सिंघवी के मकान में भी दरारे बढ़ने से मकान क्षतिग्रस्त हो चुका है जिससे कभी भी कोई जन हानि हो सकती है। संघर्ष सेवा समिति पुर के अध्यक्ष छोटू लाल अटारिया ने बताया कि जिंदल सा लिमिटेड की अवैध



ब्लास्टिंग से उपनगर पुर के लोगों को मकान में दरारें आने से आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है जबकि नगर विकास न्यास द्वारा अब तक पूर्व में शेष रहे सभी लोगों को नुकसान की भरपाई के एवज में भूखंड आवंटित नहीं किए हैं । अगर अति शीघ्र समय रहते जिंदल को पाबंद नहीं किया जाता है तो कोई भी बड़ा हादसा हो सकता है जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन व जिंदल सा लिमिटेड की होगी। तथा संघर्ष सेवा समिति पुर द्वारा एक बार फिर एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा जिसकी तैयारियां लगभग 1 महीने पूर्व से चल रही है। समिति द्वारा घर-घर जाकर जिंदल की दरारों से हुए नुकसान की जानकारी ली जाकर पीड़ित परिवार से आंदोलन हेतु तैयार रहने के लिए जागृत किया जा रहा है। समिति के महासचिव रतनलाल आचार्य ने बताया कि यूडीएच मंत्री के पुर दौरे पर संघर्ष सेवा समिति एवं भाजपा प्रतिनिधि मंडल पुर की मांग पर नगर विकास न्यास द्वारा शेष रहे सभी पीड़ितों को भूखंड आवंटित करने हेतु प्रस्ताव बनाकर स्वीकृति हेतु मुख्य शासन सचिव राजस्थान सरकार को भेजा गया है जिसे अति शीघ्र स्वीकृत करवाने हेतु भाजपा जिला अध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा से पुर भाजपा प्रतिनिधि मंडल एवं संघर्ष सेवा समिति पुर द्वारा आम जन की भावनाओं के मध्य नजर हस्तक्षेप कर अति शीघ्र स्वीकृत करा पुर के पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने हेतु अवगत करवाया गया जिस पर मेवाड़ा ने पूर्ण रूप से पुर की जनता के लिए प्रयासरत होकर अति शीघ्र न्याय दिलाने का विश्वास दिलाया।

## जाली नोटों के कारोबार का पर्दाफाश, दो आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर।** जैसलमेर पुलिस ने जाली नोटों के एक बड़े रैकेट का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से 67,000 रुपये के नकली नोट जब्त किए हैं। यह कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक अभिषेक शिवहरे के निकटतम निर्देशन में की गई, जिसे जिला पुलिस की अब तक की सबसे बड़ी सफलता माना जा रहा है। एसपी शिवहरे ने बताया कि यह मामला तब सामने आया जब मोहनगढ़ निवासी असरूद अली ने 18 अगस्त को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।


### कार्यालय नगर निगम, अजमेर

कमांक:-न.नि.अ/भवन/2025-26/223 — दिनाक :- 19/08/2025

-: आपत्ति सूचना :-

श्रीमती आशा पर्चवानी पत्नी श्री दौलत कुमार पर्चवानी निवासी 34 जीवनदीप कॉलोनी वैशाली नगर अजमेर द्वारा एक सम्पति ए.एम.सी. नं. 12/98 पुराना 18/68 नया का पूर्वी भाग है जो वाकै मून्दडी मौहल्ला अजमेर में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 30.48 व.मी. है। भूमि के वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यवसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं।

**प्रस्तावित भू-भाग की सीमाऐं निम्नानुसार है।**

**पूर्व** :- निवास सम्पति श्रीमति शालिनी गर्ग की **पश्चिम** :- उक्त ए.एम.सी. नं. की भाग सम्पति अन्य की

**उत्तर** :- निवास सम्पति श्री सुरेश गर्ग की **दक्षिण** :- गली आम है।

अतः जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि किसी भी व्यक्ति / संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

उपायुक्त
नगर निगम अजमेर

### कार्यालय नगर निगम, अजमेर

क्रमांक :- ननिअ/69-ए/2025-26/4590 — दिनांक :- 19/08/2025

आपत्ति सूचना

श्री रमेश पुत्र श्री रतनलाल निवासी रावतो की हथाई, बालुपुरा, आदर्श नगर अजमेर द्वारा प्रस्तावित स्थल रायतो की हथाई बालुपुरा आदर्श नगर अजमेर में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 293.33 वर्गगज है का नगर निगम अजमेर में धारा 69-ए के तहत् आवेदन प्रस्तुत किया है।

**प्रस्तावित स्थल की सीमाऐं निम्नानुसार है।**

**पूर्व** :- खाली भूखण्ड दल्ला का मकान **पश्चिम** :- हरिनाथ के मकान का रास्ता

**उत्तर** :- खाली भूखण्ड **दक्षिण** :- हरिनाथ के मकान व नाड़ा

अतः जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि किसी भी व्यक्ति /संस्था के पास राजस्थान नगर पालिका अधिनियम की धारा 69-ए के अधीन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के नगर निगम के पक्ष में भूमि के अधिकार अभ्यर्पण करने के अनुज्ञा की मंजूरी के संबंध में कोई आक्षेप/आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत कर सकता है।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी भी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा की किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आक्षेप/आपत्ती नहीं है। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

उपायुक्त
नगर निगम अजमेर


## विश्व बंधुत्व दिवस पर 24 को रक्तदान शिविर होगा



**ब्यावर, ( हुक्मनामा समाचार )।** विश्व बंधुत्व दिवस पर राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि के 18 वीं पुण्य स्मृति में विशाल रक्तदान अभियान शिविर का आयोजन किया जाएगा। 24 अगस्त रविवार सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। ब्रह्मकुमारीज की ओर से आयोजित होने वाले रक्तदान शिविर में बडी संख्या में लोग रक्तदान करेंगे। शिविर का आयोजन ब्यावर के अमृतकौर चिकित्सालय के ब्लड बैंक में आयोजित किया जाएगा। इस रक्तदान शिविर को लेकर ब्रह्मकुमारीज के सदस्यों ने पीएमओ सुरेन्द्र सिंह चौहान और डॉ. मुकेश भागवत से चर्चा की तथा रक्तदान शिविर के कार्ड का भी विमोचन किया। इस दौरान बीके रेणु दीदी, बीके विमला दीदी, बीके गंगा दीदी, अशोक भाटी, राजेन्द्र शर्मा, कमलेश कुमावत, ताराचंद्र झंवर सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## दो बदमाश महिला के गले से सोने की चैन तोड भागे



**ब्यावर, ( हुक्मनामा समाचार )।** शहर में दिनदहाड़े चेन स्नैचिंग की वारदात से लोगों में दहशत व्याप्त हो गई। घटना चमन चौराहे के पास की है। लोकाशाह नगर की रहने वाली रवीना रांका अपनी बेटी को गणेशा टॉवर स्थित डांस क्लास छोडने गई थीं। इसी दौरान बाइक पर सवार दो बदमाशों ने उनके गले से ढाई तोले की सोने की चेन छीन ली। एक बदमाश ने मुंह पर कपड़ा बांधा हुआ था। मौके पर मौजूद लोगों ने बदमाशों को पकडने की कोशिश की, लेकिन वे तेज रफ्तार में बाइक भगाकर फरार हो गए। सूचना मिलते ही सिटी थानाधिकारी विजय सिंह और शिवचरण सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस बदमाशों की तलाश कर रही है।

## मिशन 'हरियालों राजस्थान' के तहत कन्या महाविद्यालय में किया पौधारोपण



**बून्दी,( हुक्मनामा समाचार )।** बुधवार को राजकीय कन्या महाविद्यालय में आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा जयपुर के दिशा निर्देशानुसार मिशन 'हरियालों राजस्थान' के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में पर्यावरण को हरा भरा बनाने के लिए पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। पौधारोपण का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संदीप यादव ने महाविद्यालय परिसर में पौधा लगाकर सभी संकाय सदस्यों, कर्मचारी गण व छात्राओं सहित ने स्थानीय प्रजातियों को महत्व देते हुए अधिक संख्या में पौधारोपण किया। इस दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संदीप यादव ने सभी को पौधों की सुरक्षा और देखभाल करने का संकल्प दिलाया। साथ ही कहा कि धरती मां की सुरक्षा और भावी पीढ़ी को अमूल्य उपहार सौंपने के लिए वर्तमान में अधिकाधिक संख्या में पौधारोपण किया जाना चाहिए। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी मुस्कान गोदिका ने बताया कि धरती मां के लिए वरदान के रूप में अति आवश्यक पौधारोपण कार्यक्रम में एनएसएस स्वयंसेविकाओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।

## विद्यार्थियों ने प्रथम कृष्ण-भोग का आनन्द लिया



**कुचेरा,( हुक्मनामा समाचार )।** कुचेरा शहर के निकटवर्ती। गाँव फिरोजपुरा के स्थानीय विद्यालय राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय फिरोजपुरा के विधार्थियों ने आज इस सत्र के प्रथम कृष्ण-भोग का आनन्द लिया। प्रधानाध्यापक राम रतन जेठू ने बताया कि फिरोजपुरा गाँव के गोगाजी के मन्दिर पर ग्रामीणों की तरफ से प्रसादी (रसोई) का आयोजन किया गया।इस आयोजन पर विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओ को ग्रामीणों के द्वारा कृष्ण भोग के लिए आमन्त्रित किया। विधार्थियों के लिए ग्रामीणो ने अच्छा स्वादिष्ट व गुणवतायुक्त खाना बनाया व छात्र-छात्राओं को सम्मानपूर्वक भोजन करवाया। इस अवसर पर विद्यालय कर्मचारी प्रीतम सिह, विजेन्द्र भाकल, अनिल कुमार, सुनिल कुमार, पूनम सहित गोगाजी मन्दिर के भोपा जी अणदाराम डूकिया सहित सेवा भावी ग्रामीण उपस्थित रहे। बच्चों के इस शानदार आयोजन पर प्रधानाध्यापक राम रतन जेठू ने ग्रामीणो का आभार जताया।

## विधायक मीणा ने किया 84 लाख रूपए के विकास कार्यों का शिलान्यास

**उदयपुर।** उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा ने बुधवार को उदयपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में 84 लाख रूपए के विकास कार्यों का शिलान्यास किया। साथ ही ग्रामीणों से रूबरू होते हुए अभाव अभियोग सुने। विधायक श्री मीणा ने ग्राम तितरड़ी में शिवम् विहार कॉलोनी में 65 लाख रूपये की लागत से सड़क व नाली निर्माण एवं जयश्री कॉलोनी में 19 लाख रूपये की लागत से सड़क व नाली निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। साथ ही यहां पर विभिन्न समस्याओं को लेकर मौके पर अधिकारियों से वार्ता कर शीघ्र समाधान कराने के लिए निर्देशित किया। विधायक श्री मीणा ने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार गांव-कस्बे सहित पूरे प्रदेश के चहुंमुखी विकास के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से जागरूक रहते हुए सरकार की योजनाओं से लाभान्वित होने का आह्वान किया।

**वीर तेजाजी महाराज मेला 2025 की व्यवस्थाओं को लेकर बैठक आयोजित**

## जिला स्तरीय अधिकारियों ने की व्यापक चर्चा, समिति गठन कर जिम्मेदारियां सौंपी

**ब्यावर, ( हुक्मनामा समाचार )।** जिला कलेक्टर कमल राम मीना की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में वीर तेजाजी महाराज मेला वर्ष 2025 की व्यवस्थाओं के संबंध में जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर मोहनलाल खटनावलिया, उपखंड अधिकारी दिव्यांश सिंह, एसीईओ गोपाललाल सहित सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। जिला कलेक्टर ने बताया कि वीर तेजाजी मेला इस वर्ष दिनांक 31 अगस्त से 01 सितम्बर तक सेदरिया एवं 01 सितम्बर से 03 सितम्बर तक तेजा चौक, सुभाष उद्यान से प्राईवेट बस स्टेण्ड बिजयनगर रोड एवं सम्राट पृथ्वीराज चौहान स्टेडियम, सेदरिया में आयोजित किया जाएगा। बैठक में मेले के सफल आयोजन हेतु विभिन्न



व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। इस दौरान लिए गए प्रमुख निर्णय इस प्रकार रहे— झूलों का स्थानांतरण स्टेडियम परिसर में किया जाएगा। जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में मुख्य आयोजन समिति का गठन, साथ ही अन्य समितियों का गठन जिनमें प्रमुख समन्वय समिति भी शामिल रहेगी, जिसमें पूर्व पार्षद, मीडिया प्रतिनिधि एवं स्थानीय जन भी सदस्य रहेंगे। मेले में अधिकतम जनसहयोग सुनिश्चित करने पर जोर। अंतरविभागीय समन्वय, सामूहिक प्रशासन एवं स्थानीय निकायों की सक्रिय भागीदारी। सीसीटीवी कैमरे, सांयकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्काउट-एनसीसी-होमगार्ड एवं वालंटियर की नियुक्ति व प्रशिक्षण, पहचान पत्र सूची तैयार करने जैसे बिंदुओं पर निर्णय। सडक़ मरम्मत, पार्किंग व्यवस्था, चिकित्सकीय सेवाएँ, एम्बुलेंस, चिकित्सक एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की नियुक्ति। कचरा संग्रहण, सफाई व्यवस्था एवं मोबाइल टॉयलेट की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर जोर।


प्रारूप 10
(नियम - 6(7)देखिए)

### प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय नगर परिषद बून्दी (राज0)

क्रमांक: — दिनांक:-

लोक सूचना

आवेदक ओंकार लाल पुत्र श्री टमटीलाल बून्दी ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक व्यवसायिक प्रयोजनार्थ के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारो के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात :-

| जिले सहित तहसिल का नाम | ग्राम का नाम | खसरा सं | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|
| तहसील बून्दी जिला बून्दी | ग्राम देवपुरा | 1489/160 | 0.1692 है0 भूमि मे से 1029.26 वर्गमीटर व्यवसायिक प्रयोजनार्थ |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90 क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनो के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृत अधिकारों के निर्वाचन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजो के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपयुक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्?नुसार मामले का निपटारा किया जावेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधिन आज दिनांक 20.08.25 को जारी की गयी।

प्राधिकारी अधिकारी का नाम और मुहर


## कृषि विभाग अंतर्गत विभिन्न समितियों की समीक्षा बैठक , त्रैमासिक प्रगति पर हुई चर्चा

**उदयपुर,( हुक्मनामा समाचार )।** जिला कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को जिला कलेक्टर नमित मेहता के निर्देशन में एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद रिया डाबी के सानिध्य में जिला स्तरीय कृषि समिति (डीएलएसी),आत्मा, उद्यान विभाग एवं अन्य कृषि योजनाओं की विभिन्न समितियों की त्रैमासिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिले में अब तक हुई वर्षा, बुवाई की प्रगति तथा विभिन्न कृषि योजनाओं की स्थिति पर विस्तार से चर्चा हुई। संयुक्त निदेशक कृषि (वि.) सुधीर कुमार वर्मा ने जानकारी दी कि जिले में अब तक 433.88 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है। निर्धारित लक्ष्य 1.75 लाख हेक्टेयर के विरुद्ध किसानों द्वारा 1.77 लाख हेक्टेयर में बुवाई की जा चुकी है। बैठक में डीबीटी योजनाओं जैसे तारबंदी, फार्म पोंड, कृषि यंत्रीकरण, गोवर्धन जैविक उर्वरक योजना एवं सिंचाई पाइपलाइन की प्रगति की समीक्षा की गई। इसके साथ ही जिले को मिले 40 कस्टम हायरिंग सेंटरों में से 11 एफपीओ के आवेदन प्राप्त हुए हैं जिन्हें आयुक्तालय को अग्रेषित किया जाएगा। छात्राओं को मिलेगा प्रोत्साहन बैठक में बताया गया कि कृषि विषय में अध्ययनरत छात्राओं को प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। इसमें 11वीं व 12वीं की छात्राओं को 15 हजार, बीएससी/एमएससी की छात्राओं को 25 हजार तथा पीएचडी हेतु 40 हजार की राशि देय होगी। आवेदन राज किसान पोर्टल के माध्यम से लिए जा रहे हैं। तिलहन मिशन के तहत बीज वितरण खरीफ 2025 में नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल-तिलहन योजना के तहत बडगांव व गिर्वा क्षेत्र में किसानों को 797.10 क्विंटल सोयाबीन का प्रमाणित बीज नि:शुल्क वितरित किया गया।

## आज होगी साइबर अपराध जागरूकता कार्यशाला

**जयपुर।** गुरुवार को बजाज फाइनेंस एवं सेंट्रल डिटेक्टिव ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट जयपुर के संयुक्त सौजन्य से साइबर अपराध जागरूकता पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यशाला ष्ठष्ठञ्जढ्ढ परिसर, जयपुर में आयोजित होगी। कार्यक्रम में डीआईजीपी प्रदीप मोहन शर्मा मुख्य अतिथि होंगे। इस अवसर पर निदेशक अमनदीप सिंह कपूर, आईजीपी लक्ष्मण गौड़, हेड-बजाज फाइनेंस सरताज ग्रोवर, वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक-बजाज आबिद खान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रघुवीर सैनी और नरेंद्र मोहन शर्मा तथा पुलिस निरीक्षक महेश चंद शर्मा उपस्थित रहेंगे।

## गैंगरेप का 8 साल से फरार 10,000 का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाए जा रहे फरार अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान के तहत बारां पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने गैंगरेप के मामले में पिछले 8 साल से फरार चल रहे 10,000 के इनामी बदमाश रामनिवास भील पुत्र रंगलाल निवासी रामपुरिया थाना छीपाबड़ौद को कोटा के रामगंज मंडी इलाके से गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक अंदासु ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश चौधरी और सीओ छबड़ा विकास कुमार के सुपरविजन में यह कार्रवाई की गई।

## चूरू पुलिस की बड़ी कामयाबी, हाईटेंशन बिजली लाइन के उपकरण चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

**जयपुर,( हुक्मनामा समाचार )।** चूरू पुलिस ने एक बड़े संगठित गिरोह का पर्दाफाश करते हुए हाईटेंशन बिजली लाइन के उपकरण चोरी करने वाले 7 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक जय यादव के निर्देश पर की गई। पुलिस ने चोरी में इस्तेमाल किए गए एक ऑल्टो और एक पिकअप वाहन को भी जब्त किया है। एसपी यादव ने बताया कि बुधवार 20 अगस्त को रतननगर पुलिस थानाधिकारी रामकरण सिद्धू के नेतृत्व में गश्त के दौरान पुलिस ने एक ऑल्टो कार और एक पिकअप गाड़ी में घूम रहे सात संदिग्ध व्यक्तियों को रोका। गहन पूछताछ के बाद उन्होंने रतननगर पुलिस थाने में दर्ज प्रकरण में चोरी की वारदात को अंजाम देना कबूल किया। इसके बाद पुलिस ने मुख्य सरगना शंकर लाल नटवाडिया, राकेश मीणा और शक्तिमान सहित कुल सात आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उनका सरगना शंकर लाल नटवाडिया है, जो हॉस्टलों में रहने वाले नौजवानों को पैसे कमाने का लालच देकर अपने गिरोह में शामिल करता था। ये लोग रात के अंधेरे में बिजली लाइनों के उपकरण चुराते थे और चोरी का सामान पिकअप वाहन में भरकर ले जाते थे। पुलिस से बचने के लिए एक कार आगे-आगे एस्कॉर्ट करती थी। पुलिस की पूछताछ में यह भी सामने आया है कि यह गिरोह सिर्फ चूरू तक ही सीमित नहीं था, बल्कि इसने फतेहपुर, लक्ष्मणगढ़ और सीकर जैसे इलाकों में भी कई चोरियों को अंजाम दिया है।


### कार्यालय नगरपालिका गुलाबपुरा जिला-भीलवाडा (राजस्थान)

भीलवाड़ा रोड रोडवेज बस स्टेण्ड के पास

E-Mail ID- eombgbp@yahoo.in npbgulabpura@gmail.com TelephoneNo.01483-223079

क्रमांक/न0पा0गु0 /2025/819-820 — दिनांक:-20.08.2025

-:आपत्ति आमंत्रण सूचना :-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका गुलाबपुरा क्षेत्र में नामान्तरण/निमार्ण स्वीकृति के लिए निम्नानुसार आवेदकों द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है जिसके निस्तारण किए जाने में किसी आम खास/संस्था आदि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो अन्दर मियाद 07 दिवस में लिखित रूप से आपत्तिकर्ता मय अपने दस्तावेजो के इस कार्यालय में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष अपनी आपति दर्ज करवा सकते हैं। बाद मियाद आवेदक (अन्तिम क्रेता) के पक्ष में नामान्तरण/निमार्ण स्वीकृति की कार्यवाही कर दी जावेगी।

उदरदारी-नोटिस

| क्र. सं. | नाम आवेदक | आराजी नं. | भूखण्ड संख्या | साईज | क्षेत्रफल (वर्गगज) | भूखण्ड के पडौस |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती सुखी देवी धोबी पत्नि श्री बंशी लाल, जयनगर | 1001, 1002, 1003, 995/2, 996, 4991/995 | 24 | 20x50 | 111.11 | पूर्व - आम रास्ता स्थित। पश्चिम - अन्य का प्लाट स्थित। उत्तर - अन्य का प्लाट स्थित। दक्षिण- इसी प्लाट का शेष हिस्सा स्थित। |

अतः इस सूचना पत्र के माध्यम से सार्वजनिक सूचना प्रसारित की जाती है कि यदि किसी व्यक्ति को उक्त भवन निर्माण स्वीकृति/भूखण्ड हस्तान्तरण के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो लिखित रूप में मय दस्तावेजी प्रमाणों को संलग्न करते हुये एक सप्ताह की अवधि में प्रस्तुत कर दें। उक्त अवधि के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

पत्रावली एवं दस्तावेजों का निरीक्षण कार्यालय में किसी भी कार्यदिवस के समय देखा जा सकता है।

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका गुलाबपुरा

### कार्यालय ग्राम पंचायत-कानपुरा पंचायत समिति श्रीनगर ( अजमेर )

क्रमांक: ग्रा.पं.श्री/निविदा/2025-26/83 — दिनांक : 20/08/2025

ई-निविदा सूचना संख्या /2025-26

ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग राजस्थान सरकार जयपुर के आदेश एफ27(263)ग्रावि/ग्रुप 5/जीकेएन/उपापन/2015-16 जयपुर दिनांक 13.08.2016 एवं एफ 165 ( ) परावि/लेखा/RTPP/विविध/2020-21/1658 दिनांक 24.06.2020 के तहत ग्राम पंचायत में निम्नांकित कार्य हेतु संलग्न जी शिड्यूल में अंकित मापदण्डानुसार कार्य करवाने के लिए निर्धारित प्रपत्र में दिनांक 20/08/2025 से दिनांक 25/08/2025 को दोपहर 12.00 बजे तक ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से वेबसाइट http://www.rproc.rajasthan.gov.in पर आमंत्रित की जाती है। उपरोक्त निविदाएं वेब पोर्टल http:www.sppp.rajasthan.gov.in पर विस्तृत विवरण देखा जा सकता है। निविदाएं निविदा खोलने की दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेगी।

**NIB No. : ZAJ2526A1000**
**UBN No. : ZA2526WSOB01079**

प्रशासक — ग्राम पंचायत-कानपुरा — पं.स. श्रीनगर ( अजमेर )

ग्राम विकास अधिकारी — ग्राम पंचायत-कानपुरा — पं.स. श्रीनगर ( अजमेर )


## विभिन्न मांगों को लेकर बैरवा समाज ने विशाल प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

**बून्दी,( हुक्मनामा समाचार )।** बुधवार को बैरवा समाज जिला बूंदी ने जिला मुख्यालय पर के .पाटन विधायक सीएल.प्रेमी बैरवा के खिलाफ जातीय षड्यंत्र सहित विभिन्न मांगों को लेकर विशाल प्रदर्शन कर जिला कलेक्टर बून्दी को ज्ञापन सौपा। पूर्व सदस्य पंचायत समिति बूंदी प्रेम शंकर बैरवा ने बताया कि बैरवा समाज के लोग सुबह से निजी साधनों से मंडी प्रांगण में एकत्रित हुए, जहां विशाल आम सभा का आयोजन करते हुए समाज की मांगों को लेकर आवाज बुलंद की। सभा को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय बैरवा महासभा जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश फौजी ने कहा कि अभी शुरुआत है अगर भविष्य में हमारे नेता पर अगर किसी ने जातीय टिप्पणियां करना बंद नहीं किया तो बूंदी जिले का बैरवा समाज ईंट से ईंट बजा देगा। बैरवा समाज विकास समिति बूंदी जिलाध्यक्ष बद्री लाल बैरवा ने कहा कि उक्त षड्यंत्र करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए गिरफ्तार करने की मांग की। अखिल भारतीय बैरवा महासभा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रभु दयाल लोरतीया ने कहा कि सी.एल.प्रेमी हमारी समाज के नेता है इसका प्रमाण या तो बैरवा समाज देगी या फिर राजस्थान सरकार जो लोग हमारे नेता पर ऐसे लांछन लगाने का अधिकार नहीं है और अगर यह पूर्व विधायक चंद्रकांता मेघवाल अपनी हरकतों से बाज नहीं आई तो संपूर्ण बैरवा समाज चंद्रकांता का विरोध करेगा। उसके पश्चात रैली के रूप में लंका गेट अंबेडकर सर्किल पर बाबा साहब डॉ. भीम राव की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए हाथों में तख्तियां , झंडे लेकर खोजा गेट , सिविल लाइन होते हुए नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे जहां पूर्व विधायक चंद्रकांता मेघवाल का पुतला जलाकर विरोध दर्ज कराते समाज के लोग सड़क पर बैठकर नारेबाजी करते रहे।

## जलापूर्ति एक दिन आगे बढाई

**उदयपुर।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के तहत मानसी वाकल झाड़ोल से विद्युत शट डाउन होने के कारण नगर उपखण्ड सप्तम प्रताप नगर से 21 अगस्त को होने वाली जलापूर्ति एक दिन आगे बढ़ाई गई है।


### कार्यालय नगरपालिका गुलाबपुरा जिला-भीलवाडा (राजस्थान)

भीलवाड़ा रोड रोडवेज बस स्टेण्ड के पास

E-Mail ID- eombgbp@yahoo.in npbgulabpura@gmail.com TelephoneNo.01483-223079

क्रमांक/न0पा0गु0/कृषि भूमि/2025/823-25 — दिनांक:-20/08/25

-:आपत्ति आमंत्रण सूचना :-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कृषि भूमि नियमन के तहत् पट्टे प्राप्त किए जाने के लिए निम्नानुसार आवेदन प्राप्त हुए है जिसके निस्तारण किए जाने में किसी आम खास/ संस्था आदि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो अन्दर मियाद 07 दिवस में लिखित रूप से आपत्तिकर्ता मय अपने दस्तावेजो के इस कार्यालय में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष अपनी आपति दर्ज करवा सकते हैं। बाद मियाद आवेदक (अन्तिम क्रेता) के पक्ष में नियमन की कार्यवाही कर दी जावेगी।

-: कृषि भूमि नियमन :-

| क. सं. | रजिस्टर क्रमाक | दिनांक | नाम आवेदन | खसरा नं0 | भूखण्ड संख्या | साईज | क्षेत्रफल वर्गगज | इकरारनामा /रजिस्ट्री |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 207 | 15.12.22 | श्रीमती सीमा देवी पत्नि श्री ताराचन्द खाती, गुलाबपुरा | 439/1,4950/1, 4951/401,4954/401 4955/401 | 1-A, 1-B | 19'2x28'3" व 10'3'x25'2"+28'3"/2 | 60.49 | बैचान इकरारनामा |
| 2 | 206 | 15.12.22 | श्रीमती सीमा देवी पत्नि श्री ताराचन्द खाती, गुलाबपुरा | 439/1,4950/1, 4951/401,4954/401 4955/401 | 1-C | 19'3 x 25'2" + 26'4" | 55.08 | बैचान इकरारनामा |

अधिशाषी अधिकारी
नगपालिका गुलाबपुरा

## पुरानी झज्जर टंकी गिरने से पहले शुभ मुहूर्त में नई टकी निर्माण कार्य प्रारंभ



**शाहपुरा ( हुक्मनामा समाचार )।** पंडित सुनील भट्ट द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्रात: शुभ मुहूर्त में टकी निर्माण का मुहूर्त करवाया गया। इसी के साथ टकी निर्माण कार्य का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर टंकी बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष शक्ति सिंह परिहार, पूर्व प्रशासनिक अधिकारी कैलाश वर्मा, नगर पालिका पार्षद इसाक, स्वराज सिंह, रवि दत्त पांडिक, अरुण भाटी, सत्यनारायण तोलंबिया, अतुल बोहरा, विजय वैष्णव, बबलू बोहरा, दीपू, सोहनलाल सोनी, विकास त्रिपाठी तनवीर खान, संजय खान, सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। विदित है की जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा चार लाख किलो लीटर क्षमता की पानी की टंकी का निर्माण किया जा रहा है जिससे शाहपुरा की करीब 40 प्रतिशत आबादी और करीब 12 वार्डों के 3000 घरों के अंदर पानी पहुंचेगा। महलों के चौक के बाहर बनी हुई टंकी काफी जर्जर हो चुकी है जो कभी भी गिर सकती है इसी को देखते हुए विभाग द्वारा सघन आबादी क्षेत्र में पेयजल टंकी का निर्माण कराया जा रहा है। निर्माण कार्य में टंकी के ठेकेदार रामू राम, तुलसाराम, दुर्गाराम, डूंगर राम, टिकुराम, बाबूलाल एवं अन्य श्रमिक सक्रिय रूप से कार्यरत रहे।

## भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व.राजीव गांधी की जन्म जयंती को कांग्रेसजनों ने सद्भावना दिवस के रूप में मनाई



**निम्बाहेड़ा ( हुक्मनामा समाचार )।** देश के भूतपूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व.राजीव गांधी की जन्म जयंती को कांग्रेसजनों ने सद्भावना दिवस के रूप में मनाई। निंबाहेड़ा ब्लाक एवं नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा बुधवार को सुबह 11 बजे निंबाहेड़ा में यहां छोटी सादड़ी मार्ग पर स्थित राजीव नगर कासोद कच्ची बस्ती चौराहे पर स्थित स्व.राजीव गांधी की आदमकद प्रतिमा पर कांग्रेसजनों ने उन्हें नमन एवं माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए और राजीव गांधी के देश में दिए गए अमूल्य एवं अहम योगदान को याद किया। भारत में संचार क्रांति के जनक और आधुनिक भारत के निर्माता कहे जाने वाले पूर्व प्रधानमंत्री स्व.राजीव गांधी के जन्म जयंती के अवसर पर यहां उपस्थित कांग्रेसजनों ने स्व.राजीव गांधी अमर रहे,भारतरत्न स्व.राजीव गांधी अमर रहे के गगन भेदी नारे लगाएं। स्व राजीव गांधी के जन्म जयंती (सद्भावना दिवस) पर निंबाहेड़ा नगर पालिका के निवर्तमान अध्यक्ष सुभाष चन्द्र शारदा एवं नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बंशीलाल राईवाल ने एवं कांग्रेस पार्टी जनों ने स्व.राजीव गांधी की आदमकद प्रतिमा को नमन करते हुए माल्यार्पण किया और आत्मीय श्रद्धासुमन अर्पित किए। सद्भावना दिवस के इस अवसर पर निवर्तमान पालिका अध्यक्ष सुभाष चन्द्र शारदा, नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बंशीलाल राईवाल, विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष जसवंत सिंह आंजना, ज़िला कांग्रेस कमेटी महासचिव मनोहर सिंह मीणा, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन, जनप्रतिनिधिगण, अग्रिम संगठनों से जुड़े समस्त पदाधिकारीगण, गणमान्यजन, आमजन एवं राजीव नगर कासोद कच्ची बस्ती वासी इत्यादि उपस्थित थे। ग्राम पंचायत बडौली माधोसिंह में यहां मुख्य चौराहे पर यहां स्थित पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की प्रतिमा पर कांग्रेस जनों एवं ग्रामवासियों द्वारा उन्हें नमन एवं माल्यार्पण कर आत्मीय श्रद्धासुमन अर्पित कर उनका स्मरण किया तथा वरिष्ठ कांग्रेसी व अधिवक्ता लक्ष्मण सिंह सोलंकी और दिनेश शर्मा ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी जी के द्वारा देश के विकास कार्यों में उनके द्वारा दिए गए अमूल्य योगदान को याद करते हुए उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए अपने विचार प्रकट किए तथा उपस्थित समस्त कांग्रेसजनों ने राजीव गांधी अमर रहे के गगन भेदी नारे लगाए।

## खेतों मे जहा फसल लहलाती थी वहा अतिवृष्टि घाश लहला रही है



**सीसवाली ( हुक्मनामा समाचार )।** सीसवाली सहित क्षेत्र मे इस बार ज्यादा बारिश होने से खेतों मे सोयाबीन की ज्यादा बुवाई नही होने से 50 %/, प्रतिशत खेत खाली रह गये है, इन दिनों खेतों मे जहा सोयाबीन की फसल लहलाती रहती थी उन खतों घाश लहला रही है, जिसके कारण किसान भारी परेशान हो रहे है, अब किसान खेतों की हकाई कर घाश को खत्म करने लगे हुऐ है लेकिन बीच बीच मे बारिश हो जाने से वापस हरि हो जाने डर सताने लगा है! अब पीड़ित किसान सरकार के भरोसे! अतिवृष्टि को देखते हुए सरकार द्वारा खेतों का सर्वे कर करने के बाद क्या निर्णय लेती है लेकिन किसानों को यह पता नही है कि सरकार द्वारा खेतों का किस प्रकार का सर्वे करवाया जायेगा! सोयाबीन की बुवाई कितनी हुई कितने खेतो मे बीज बुवाई के बाद कितना खराब हुआ पानी से फसल कितनी खराब हुई कितने खेत खाली रहे इस समस्या मे उलझकर किसान परेशान हो रहे है कि कैसे होगा खेतों का सर्वे या फिर होगा ही नही! किसानों ने बताई मन की पीड़ा! किसान संजय मीणा,सुरेश, दिनेश शर्मा, राजेन्द्र सिंह हाड़ा, बनवारी, शिवप्रकाश योगी मूण्डली भैरूजी एव हंसराज गुर्जर, महेन्द्र राठी रघुवीर मालव रायथल , महावीर मीणा रामसिंह श्याम नरेन्द्र छत्रपुरा, नरेन्द मीणा हेमराज नागर बुद्दि शर्मा विजयपुरा आदि ने बताया कि खेतों मे सोयाबीन की बुवाई करते ही कुछ घंटो बाद जौरदार बारिश होने से खेत मे बोया गया पूरी बीज खराब हो गया जिससे लाखों रूपये का नुकसान हो गया कुछ खेतों मे फसल उगी लेकिन वह भी खेतों मे बरसात का पानी बराबर भरा रहने से वह भी खत्म हो गई! इस बार किसानों के करोड़ो रूपये का नुकसान हुआ है जिसके कारण किसानों की कमर टूट गई है! अब सरकार भरोसे खराबे का किस आधार पर सर्वे किया जाता है।

# महासाध्वी कुमुदलताजी म.सा. के सानिध्य में पर्युषण पर्व की आध्यात्मिक आराधना प्रारंभ




**भीलवाड़ा ( हुक्मनामा समाचार )।** भगवान महावीर ने इस धरा पर जीयो ओर जीने दो का संदेश दिया। उसे अपनाते हुए हम जीवन के हर रूप में हिंसा को कम करना है। जैसा हम अन्न खाएंगे वैसा हमारा मन हो जाएगा। जैन समाज यदि जागृत नहीं हुआ तो वह दिन दूर नहीं जब दो तरह के जैनी शाकाहारी व मांसाहारी जैनी हो जाएंगे। अंडा कभी शाकाहार नहीं हो सकता है। हम इस हालात से बचने के लिए बच्चों को धर्म ओर जैनत्व के संस्कारों से जोड़ना होगा। ये विचार अनुष्ठान आराधिका ज्योतिष चन्द्रिका महासाध्वी डॉ. कुमुदलताजी म.सा. ने आध्यात्मिक चातुर्मास आयोजन समिति द्वारा सुभाषनगर श्रीसंघ के तत्वावधान में दिवाकर कमला दरबार में पर्वाधिराज पर्युषण महापर्व के अष्ट दिवसीय आध्यात्मिक आयोजन के पहले दिन बुधवार को प्रवचन में व्यक्त किए। जिनवाणी श्रवण करने श्रावक श्राविकाएं उमड़े। पहले दिन प्रवचन का विषय "आत्मशुद्धि की असली पूंजी पर्युषण जीवन की असली पूंजी अहिसा"रहा। सुबह प्रवचन से पूर्व वास्तुशिल्पी पद्मकीर्तिजी म.सा. ने अतंगडदशा सूत्र का वाचन किया। दोपहर 2 से 3 बजे तक विद्याभिलाषी साध्वी राजकीर्तिजी म.सा. ने कल्पसूत्र का वाचन किया। दोपहर में स्वास्तिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पर्युषण महापर्व के पहले ही दिन तेला तप करने की भावना के साथ सैकड़ो श्रावक-श्राविकाओं ने उपवास के प्रत्याख्यान लिए। प्रवचन में साध्वी कुमुदलताजी म.सा. ने जीवन में हिंसा को किस तरह कम कर सकते इस पर चर्चा करते हुए कहा कि बाल्टी की बजाय शॉवर से स्नान ओर स्विमिंग पुल में नहाना भी जीव हिंसा को बढ़ाने का रूप है। बाजार में खाने से पहले ये जरूर देखे कि उसमें कोई मांसाहारी चीज तो नहीं मिली हुई है। हवाई यात्रा करते समय यथासंभव वहां मिलने वाले भोजन से बचे ओर जिस बर्तन में मांसाहार परोसा जा रहा उसी से शाकाहारी भोजन भी परोसे तो पाप के भागीदार होंगे। उन्होंने कहा कि ऐसे वस्त्रों व सामग्री का उपयोग नहीं करे जो चमड़े या जानवरों से तैयार होती हो। हम सिल्क के वस्त्र पहनेंगे तो धर्मस्थान पर साधना व भक्ति में मन नहीं लग पाएगा। जीवन में छोटी-छोटी हिंसा का त्याग करे ओर पशुओं को अभयदान देने पर जीवन पवित्र व पावन बन जाता है। धर्मसभा में स्वर साम्राज्ञी महासाध्वी महाप्रज्ञाजी म.सा. ने कहा कि पर्युषण जीवन शुद्धि का आध्यात्मिक शिविर है। पर्युषण पर्व मनाना तब सार्थक होगा जब ये हमारे जीवन में बदलाव लाए। राग द्वेष छोड़ कर्मो के बंधन तोड़े। तन से पहले मन की शुद्धि जरूरी है ओर चिंतन करे कि हमारा जीवन किधर जा रहा है। हमे अधर्म को छोड़ पुण्य की तरफ बढ़ना है। पर्युषण पर्व हमे अपने कर्तव्यों की भी याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि जैन कहलाना आसान है पर जैन बनना मुश्किल है। कभी भी अनाज व पानी झूठा नहीं छोड़े। प्रकृति की सुरक्षा के लिए पेड़ काटना बंद करे। साध्वी महाप्रज्ञाजी म.सा. ने मधुर प्रेरणादायी भजनों की भी प्रस्तुति दी। पर्युषण महापर्व के दूसरे दिन सुबह 8.30 बजे से अतंगडदशा सूत्र का वाचन होगा। इसके बाद महासाध्वी मण्डल के सानिध्य में सुबह 9 बजे से गुरूवार को होने वाली अनुष्ठान आराधना के तहत दूसरे तीर्थंकर प्रभु अजीतनाथ की आराधना की जाएगी। इसके बाद सुबह 9.30 बजे से दान की मिसाल देवकी रानी ममता की मिसाल मां विषय पर प्रवचन होगा। दोपहर में पुष्य नक्षत्र साधना प्रतियोगिता होगी।पर्युषण के दौरान सुभाषनगर स्थानक में अखण्ड नवकार महामंत्र का जाप किया जा रहा है। जाप का प्रारंभ बुधवार सुबह 6.45 बजे महासाध्वी मण्डल के सानिध्य में हुआ। सुबह 7 से रात 9 बजे तक श्राविकाएं एवं रात 9 से सुबह 7 बजे तक श्रावक नवकार महामंत्र का जाप कर रहे है। धर्मसभा में उस समय अनुमोदना के जयकारे गूंज उठे जब सिद्धी तप आराधना कर रही सुश्राविका मोनिका बाबेल का चातुर्मास समिति द्वारा स्वागत अभिनंदन किया गया। धर्मसभा में अहमदाबाद से पधारे पंकज कोठारी सहित अतिथियों का स्वागत आध्यात्मिक चातुर्मास आयोजन समिति एवं सुभाषनगर श्रीसंघ के पदाधिकारियों ने किया।

संचालन चातुर्मास समिति के सचिव राजेन्द्र सुराना ने किया।

# बच्चों को संस्कार युक्त शिक्षा दें: डॉ.लालाराम बैरवा



**शाहपुरा ( हुक्मनामा समाचार )।** ब्लॉक की संस्था प्रधान सत्रारंभ वाक्पीठ प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय का शुभारंभ आयोजक विद्यालय राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सरदारपुरा अरनिया घोड़ा द्वारा आयोजक स्थल राठौड़ फार्म हाउस शाहपुरा में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी गीता माहेश्वरी, अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी प्रथम डॉ. सत्यनारायण कुमावत व द्वितीय भंवरलाल बलाई संरक्षक में शुभारंभ हुआ द्य कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. लालाराम बैरवा, अध्यक्षता संयुक्त निदेशक अजमेर संभाग अनिल कुमार शर्मा, विशिष्ट अतिथि सूर्य प्रकाश शर्मा सहसंयोजक, कुटुंब प्रबोधन चित्तौड़ प्रांत, राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय जिलाध्यक्ष महेश कुमार शर्मा रहे द्य वॉक पीठ अध्यक्ष चंद्रप्रकाश शर्मा ने बताया कि शाहपुरा ब्लॉक की प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में 188 विद्यालयों ने प्रथम दिवस वाक्पीठ में भाग लिया द्य इस अवसर पर विधायक डॉ. लालाराम बैरवा ने संबोधित करते हुए बताया कि आज की आवश्यकता विद्यालयों में पाठ्यक्रम के साथ-साथ संस्कार युक्त शिक्षा भी देनी है द्य संस्कारी शिक्षा के साथ-साथ चरित्र निर्माण में शिक्षकों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया द्य कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हैं संयुक्त निदेशक अजमेर संभाग अनिल कुमार शर्मा ने नैतिक शिक्षा को पाठ्यक्रम से जोड़ने पर बोल दिया और कहा कि शिक्षक पाठ्यपुस्तक में नैतिक शिक्षा को सम्मिलित करते हुए अध्ययन करवाये जिससे बच्चों का आचरण सदाचार से युक्त बने द्य विशिष्ट अतिथि सूर्य प्रकाश शर्मा ने संबोधित करते हुए बताया कि आज के परिवेश में कुटुंब प्रबोधन की महती आवश्यकता है परिवार को हमें साथ लेकर चलना चाहिए द्य डॉ सत्यनारायण कुमावत शाला दर्पण संकल्प पोर्टल, भंवरलाल बलाई ने कैश बुक संधारण, हनुमान प्रसाद शर्मा ने नवभारत साक्षरता कार्यक्रम, भागचंद मंत्री ने पेंशन प्रकरण, अख्तयार अली ने अवकाश नियम, अशोक कुमार शर्मा ने प्रार्थना सभा का संचालन, आशीष कोहली ने जो बैक डे पर अपनी वार्ता प्रस्तुत की कार्यक्रम व्यवस्थापक अमर सिंह चौहान ने बताया कि कार्यक्रम का सफल संचालन में वाक्पीठ सचिव सच्चिदानंद टेलर, कोषाध्यक्ष चंदा सुवालका, वाक्पीठ सदस्य भागचंद मंत्री, घीसालाल कुमावत, सुनील दत्त शर्मा, राजेंद्र डांगी, नयन बुला, नवरत्न मल बगड़िया, संजय त्रिपाठी, सीताराम चौधरी, राजेश मीणा, शंकर लाल जाट रोहित धाकड़, महिमा चौहान गट्टू देवी यादव, शकुंतला खोईवाल,ममता गुर्जर उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का मंच संचालन शिवचरण शर्मा ने किया।

## बछ बारस पर महिलाओं ने गाय और बछड़े की पूजा



**धरियावद ( हुक्मनामा समाचार )।** नगर में बावड़ी पर ठुकरानी सा कल्पना कुँवर सहित महिला एव नगर के रावला चोक बड़ा मंदिर के साथ जगह जगह महिलाओ द्वारा गो माता व् उसके बछड़े की पूजा अर्चना की और व्रत रख कर कहानी सुनी इसका मुख्य उदेशय पारंपरिक लोक पर्व बछ बारस बड़े हर्षोल्लास और धार्मिक आस्था के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने गौमाता और बछड़े की विधिवत पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि और संतान की दीर्घायु की कामना की। अल सुबह से ही महिलाएं साफ-सफाई कर पूजा की थाली सजाकर गौशालाओं और घर-आंगन में बंधी गायों के पास पहुंचीं। दूध-दही, हल्दी, रोली, अक्षत, दीपक और मिठाई आदि अर्पित कर परंपरागत रीति-रिवाज के अनुसार पूजा संपन्न की गई। मान्यता है कि बछ बारस के दिन गाय-बछड़े की पूजा करने से संतान सुख की प्राप्ति होती है और घर-परिवार में सुख-समृद्धि बनी रहती है। महिलाएं इस दिन व्रत रखकर पूजा करती हैं और संतान की लंबी उम्र की मंगलकामना करती हैं। इस दिन महिलाऐ अपने जेष्ठ पुत्र को श्रीफल देती हे और गाय का दुध का सेवन नही करती चाकू से कटी सब्जियों का भी उपयोग नही करती हे वही पूरे नगर एवं ग्रामीण अंचल में दिनभर धार्मिक वातावरण बना रहा। महिलाओं और बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

## वित्तीय समावेशन तथा लिंकेज कैंप का आयोजन




**डीडवाना ( हुक्मनामा समाचार )।** जिले के नजदीकी ग्राम फोगड़ी में वित्तीय समावेशन कैंप का आयोजन हुआ।भारतीय रिजर्व बैंक के वित्तीय सहयोग से क्रिसिल फाउंडेशन मनी वाइज वित्तीय साक्षरता केंद्र डीडवाना केंद्र प्रबंधक सुमित्रा सिहाग ने मनरेगा मेट रामचंद्र चाहर उपस्थित ग्रामीणवासियों को बताया कि वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम पूरे जिले भर में चल रहा है।जिसमें बैंक की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगो को जागरूक किया जा रहा है।प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना अटल पेंशन योजना बचत चालू खाता फिक्स डिपोजिट आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। सिहाग ने वित्तीय धोखाधड़ी से बचने के लिए भी जागरूक किया।ओर किसी अनजान लोगों के साथ अपने जरूरी डॉक्यूमेंट ओटीपी नहीं बताए। अनजान लोगों द्वारा भेजे गए। लिंक पर क्लिक ना करे।अपने खाते को किसी ओर के साथ शेयर ना करे और किसी पोजी योजनाओं ओर लॉटरी लुभाने वाली स्कीमों में निवेश ना करे और भविष्य के लिए बचत करने की आदत डाले और किसी भी तरह की फ्रॉड होने पर 1930 पर शिकायत दर्ज करवाए।

## शिव महापुराण कथा अंबे नगर अंबेश्वर महादेव में द्वितीय दिवस की कथा अयोजित



**निम्बाहेडा ( हुक्मनामा समाचार )।** शिव महापुराण कथा अंबे नगर अंबेश्वर महादेव में द्वितीय दिवस की कथा अयोजित जिसमे महाराज ने शिव पुराण की कथा के महामत्म्य की श्रवण कराई कथा में महाराज ने कहा परमात्मा को पाने के लिए हमें कथाओं को श्रवण करना चाहिए हम भगवान की जितनी कथा श्रवण करेंगे भगवान के प्रति हमारी श्रद्धा बढ़ेगी, शिवरात्रि के दिन प्रथम प्रथम बार भगवान विष्णु एवं ब्रह्मा जी ने शिवलिंग का पूजन किया इसलिए महाशिवरात्रि हम सभी लोग सनातन धर्म में मानने लगे शिवरात्रि के दिन हम भगवान शिव की आराधना करते हैं एक वर्ष तक का पुण्य फ्ल प्राप्त होता है

ऐसा शिव पुराण में वर्णन है दशांग भोजन का महत्व, आचार्य राम मूर्ति महाराज जी ने बताया जो व्यक्ति दशांग भोजन ब्राह्मण को जो कराता है उसे 10 वर्ष तक कोई रोग नहीं होता है, शिव पुराण में ऐसा वर्ण आया है।

## पीएम विद्यालय में साइबर अपराध व सुरक्षा को लेकर किया जागरूक



**इन्द्रगढ़ ( हुक्मनामा समाचार )।** इन्द्रगढ़ मे जिला बूंदी साइबर सेल के नेतृत्व में बुधवार को नगर के पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, इन्द्रगढ़ में साइबर सुरक्षा जन जागरूकता अभियान की कडी में छात्रों को केंप लगाकर जानकारी प्रदान की गई। जिसमें बूँदी जिला साइबर सेल के साइबर एक्सपर्ट मानेन्द्र पाल सिंह द्वारा विडिओ गैम, आर्टीफिशियल इन्टेलिजेंशी द्वारा कूटरचित फोटो,विडिओ व वॉइस द्वारा कैसे अपराध किया जाता है। इसके बारे में विस्तार से बताया साथ ही किन किन बातों से सावधान रहने पर हम इन अपराधों व स्वयं ठगी से बच सकते हैं जैसे किसी भी अपरिचित नंबर से कॉल रिसीव नहीं करना, अनजान मैसेज व लिंक को नहीं खोलना, अपनी निजी जानकारी किसी के बहकावे में आकर शेयर नहीं करना पैसों के लालच में आकर अपने खाता नंबर किसी को नहीं देना व ओटीपी आदि शेयर करने से बचना इन तमाम बातों को ध्यान में रखकर हम स्वयं का व समाज के लोगों का बचाव कर सकते हैं ऐसी जानकारी दी गई डीवाईएसपी साइबर सेल ओमप्रकाश जी द्वारा बच्चों को अपराध से दूर रहने व समाज को जागरूक बनाने पर जोर दिया। इन्द्रगढ़ थानाधिकारी रामलाल जी मीणा द्वारा सोशल मीडिया व सडक सुरक्षा के बारे में बताया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रामस्वरूप वर्मा द्वारा आगंतुक अधिकारियों का स्वागत, सत्कार किया व ऐसी महत्वपूर्ण जानकारियां देने के लिए सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# कृमि मुक्ति दिवस के सफल क्रियान्वयन हेतु आयोजित हुई जिला स्तरीय आमुखीकरण कार्यशाला



**बून्दी ( हुक्मनामा समाचार )।** बच्चों के शारीरिक विकास, हीमोग्लोबिन स्तर, पोषण एवं बौद्धिक विकास के लिए उन्हें कृमि संक्रमण से बचाने को लेकर बूंदी जिले में 22 अगस्त को कृमि मुक्ति दिवस आयोजित किया जाएगा। इस सम्बन्ध में जिला स्तरीय आमुखीकरण कार्यशाला सुदर्शन सिंह तोमर अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रशासन) की अध्यक्षता में आयोजित की गई। कार्यशाला में अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने बताया कि चिकित्सा विभाग,महिला एवं बाल विकास विभाग एवं शिक्षा विभाग जिला प्रशासन के साथ समन्वय करके राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस आयोजन को सफल बनावे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओ पी सामर ने बताया कि एक से 19 साल तक की उम्र के लक्षित बच्चों, किशोर-किशोरियों को कृमि नाशक दवा खिलाई जाएगी। पेट में कीड़े (कृमि से निजात दिलाने वाली यह दवा जिले के सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों और आंगनबाड़ी केन्द्रों पर निशुल्क उपलब्ध होगी। वंचित बच्चों को 29 अगस्त को मॉप अप दिवस आयोजित कर दवा दी जाएगी। सीएमएचओ डॉ. ओ पी सामर ने बताया कि बच्चों के पेट में कृमि संक्रमण एक आम संक्रमण है, जिस कारण पेट की आंतों में कृमि उत्पन्न होने से शरीर के पोषक तत्वों को वे खा जाते हैं। इस कारण खून की कमी और कुपोषण के साथ ही शारीरिक और मानसिक विकास पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। ऐसे में जरूरी है कि संबंधित सभी विभाग आपसी समन्वय कर शत-प्रतिशत लक्षित बच्चों को कृमि नाशक दवा खिलाना सुनिश्चित करें। लाभार्थी बच्चों को कृमि नाशक दवा खिलाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएं और किसी भी स्तर पर कोई कोताही न बरती जाए। सीएमएचओ डॉ. सामर ने बताया कि यदि अवकाश आदि के चलते दोनों दिवस पर बच्चे दवा से वंचित रह जाते हैं तो आगामी किसी दिवस पर वंचित बच्चों को दवा खिलाई जाए ताकि जिले में एक भी बच्चा दवा से वंचित न रहे।

अभियान को सफल बनाने के लिए अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (परिवार कल्याण) एवं अभियान प्रभारी डॉ कमलेश शर्मा ने सभी जगह दवाओं पहुंच एवं अभियान की सफलता के बारे में चिकित्सा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग एवं शिक्षा विभाग के साझा प्रयासों की रूपरेखा बताई । अभियान प्रभारी डॉ. कमलेश शर्मा ने बताया कि बच्चों के पढ़ाई में मन नहीं लगता या भूख नहीं लगती तो यह कृमि की समस्या हो सकती है। इसलिए दवा दी जानी जरूरी है। उन्होंने बताया कि एक से दो साल के बच्चों को आधी गोली चूरा बना कर चम्मच में पानी साथ पिलाई जाएगी, जबकि दो से तीन साल के बच्चों को एक पूरी गोली चूर कर पानी के साथ और तीन से 19 साल के बच्चों व किशोर-किशोरियों को एक पूरी गोली चबा कर पानी के साथ दी जाएगी।

उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा का दिल्ली दौरा

## राजस्थान में चिकित्सा सेवाओं और शिक्षा के विकास को लेकर केंद्रीय मंत्री के साथ चर्चा



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने बुधवार को नई दिल्ली में केन्द्रीय आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रतापराव जाधव से मुलाकात कर विभागीय विषयों पर विस्तृत चर्चा की। उपमुख्यमंत्री ने दिल्ली में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर द्वारा आयोजित सोसाइटी के द्वितीय उपवेशन में सम्मिलित होकर विभागीय विषयों पर केन्द्रीय आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) की अध्यक्षता में विस्तृत चर्चा की तथा उपस्थित जनों को संबोधित किया।इस दौरान आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के सुदृढ़ीकरण, शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार तथा अनुसंधान कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने के संबंध में विचार-विमर्श हुआ।बैठक में केन्द्रीय आयुष सचिव वैद्य राजेश कोटेचा, वित्तीय सलाहकार अब्बास, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर के कुलपति प्रो. संजीव शर्मा सहित मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारीगण, एनआईए सोसाइटी के सदस्यगण उपस्थित रहे।इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने संस्थान द्वारा किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि हम आशा व्यक्त करते हैं कि आयुष मंत्रालय के मार्गदर्शन में यह संस्थान आयुर्वेद चिकित्सा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेगा।

राजस्थान में ग्रीन एनर्जी कोरिडोर के प्रस्तावों पर हुई चर्चा

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर से मुलाकात

**जयपुर/नई दिल्ली (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय बिजली, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर से उनके आवास पर भेंट कर राजस्थान में ऊर्जा और आवासन से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। शर्मा ने केंद्रीय मंत्री से आग्रह किया कि राजस्थान ने नवीकरणीय ऊर्जा निकासी की योजना बनाई है। इस योजना में शामिल परियोजनाओं को ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर- थर्ड में शामिल कर केंद्र की तरफ से अधिकतम अनुदान शीघ्र स्वीकृत किया जाए। शर्मा ने कहा कि राजस्थान में नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में निवेश के महत्वपूर्ण प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं इन प्रस्तावों के क्रियान्वयन हेतु



नवीकरणीय ऊर्जा योजनाओं से ऊर्जा की निकासी हेतु सुदृढ़ पारेषण तंत्र की आवश्यकता है जिसके लिए अधिकतम केंद्रीय सहयोग आवश्यक है।

### नॉन मिलियन प्लस शहरों के लिए केंद्रीय सहयोग पर चर्चा

शर्मा ने केंद्रीय मंत्री से मुलाकात के दौरान 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत राजस्थान के नॉन मिलियन प्लस शहरों के नगरीय निकायों को दिए जाने वाले केंद्रीय सहयोग पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि इन नगरीय निकायों को प्रदान किए जाने वाले वित्तीय सहयोग से गतिमान विकास कार्यों को जल्द से जल्द पूरा किया जा सकेगा। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि राजस्थान सरकार द्वारा एशियन डेवलपमेंट बैंक एवं वर्ल्ड बैंक के संयुक्त वित्त पोषण के माध्यम से संचालित आर. यू. आई. डी. पी. पांचवें चरण की परियोजना तैयार कर भारत सरकार के समक्ष प्रस्तुत की है जिस पर केंद्रीय मंत्रालय का सकारात्मक सहयोग आवश्यक है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस योजना के माध्यम से जलापूर्ति, अपशिष्ट जल प्रबंधन, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, शहरी यातायात सुधार, बाढ़ प्रबंधन और विरासत संरक्षण सहित प्रदेश के शहरों के सर्वांगीण विकास के लक्ष्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से आग्रह किया ।

### जयपुर मेट्रो फेज- 2 की स्वीकृति का किया आग्रह

मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से मुलाकात के दौरान आग्रह किया कि जयपुर मेट्रो रेल फेज- 2 का संयुक्त उप म (50:50) के तहत निर्माण की विस्तृत कार्य योजना को जल्द स्वीकृति प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि इस महत्वपूर्ण प्रस्तावित परियोजना के लिए केंद्रीय अंशदान की स्वीकृति से जयपुर वासियों के लिए एक सुदृढ़, सुरक्षित सार्वजनिक परिवहन की सुविधा प्रदान करने के लक्ष्य को जल्द हासिल किया जा सकेगा।

## जिलों में सीएमएचओ संभालेंगे योजना के क्रियान्वयन का जिम्मा

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की पहल एवं चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के मार्गदर्शन में राजस्थान गवर्नमेंट हैल्थ स्कीम के सुदृढ़ीकरण हेतु प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में योजना के संचालन एवं मॉनिटरिंग को लेकर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने आवश्यक बदलाव कर दिशा—निर्देश जारी किए हैं। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि राज्य सरकार ने अधिसूचना जारी कर आरजीएचएस के संचालन का जिम्मा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को सौंपा है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने योजना के बेहतर संचालन, मॉनिटरिंग एवं नियंत्रण की दृष्टि से विभागीय निर्देश जारी किए हैं। इन निर्देशों के अनुसार अब आरजीएचएस की सभी पत्रावलियां राजस्थान स्टेट हेल्थ एश्यारेंस एजेंसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के माध्यम से चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को प्रस्तुत की जाएंगी।

### व्यापार संघो द्वारा मण्डी प्रांगणो मे यूज़र चार्ज लगाए जाने के निर्णय का किया स्वागत किया

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** निदेशक कृषि विपणन विभाग राजेश कुमार चौहान ने बताया कि अधिसूचित कृषि जिन्सों के थोक व्यापार के क्रय-विक्रय को नियमित किये जाने की दृष्टि से राज्य में 337 कृषि उपज मण्डी समितियां संचालित है। इन मण्डी प्रांगणों में अधिसूचित कृषि जिन्सों का व्यापार किया जा रहा है। प्रदेश के कई मण्डी प्रांगणों जैसे जयपुर, उदयपुर, अजमेर, बीकानेर, जोधपुर इत्यादि में अधिसूचित कृषि जिन्सों के साथ-साथ गैर अधिसूचित कृषि जिन्सों/खाद्य पदार्थो जिनका आम उपभोक्ताओं द्वारा दैनिक रूप से उपभोग किया जाता है, का भी व्यापार आरम्भ हो गया था। इस तरह के गैर अधिसूचित कृषि जिन्सों/खाद्य पदार्थो का व्यवसाय मण्डी प्रांगण में अनुमत नहीं होने के कारण इन पर मण्डी समितियों द्वारा किसी भी प्रकार का कोई शुल्क नहीं लिया जा रहा था। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा राजस्थान कृषि उपज मण्डी अधिनियम, 1961 की धारा 17-ख में संशोधन कर इन गैर अधिसूचित कृषि जिन्सों/खाद्य पदार्थो के व्यापार को भी अनुमत कर इस तरह के व्यापारियों को राहत प्रदान की गई है चूकिं इस प्रकार के व्यवसाय पर अब तक किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं तथा मण्डी प्रांगण के रखरखाव एवं विकास कार्यो इत्यादि की दृष्टि से इनके व्यापार पर मात्र 0.50 प्रतिशत दर से उपयोक्ता प्रभार (यूजर चार्ज) लगाकर इस तरह के व्यापारियों को मण्डी प्रांगणों में व्यापार किये जाने हेतु अनुमत कर दिया गया है।

## ईसरदा बांध से 1256 गांवों को मिलेगा पेयजल: पानी रोकने का काम शुरू, 15 सितंबर तक बांध भरने के आसार

**सवाई माधोपुर (हुक्मनामा समाचार)।** सवाई माधोपुर में चौथ का बरवाड़ा उपखंड क्षेत्र में स्थित ईसरदा बांध से अब लोगों को पानी मिलने की आस बंधी है। इस बांध से 1256 गांवों के लोगों को पीने का पानी मिलेगा।इसके लिए ईसरदा बांध में पानी रोकने का काम शुरू हो चुका है। इसके लिए लंबे समय का इंतजार अब खत्म हो चुका है। सरकार की मंजूरी मिलने के बाद बांध में पानी रोके जाने का कार्य शुरू हो गया है। यह कार्य कई चरणों में 15 सितंबर तक चलेगा।बीसलपुर बांध के ओवरफ्लो पानी का मिलेगा फायदा बीसलपुर बांध से अभी जो पानी ओवरफ्लो होकर व्यर्थ बह रहा है। उसे ईसरदा बांध में रोका जा रहा है। बीसलपुर बांध के ओवरफ्लो होने का फायदा ईसरदा बांध को भी मिल रहा है। इस परियोजना में दौसा एवं सवाई माधोपुर के 1256 गांव के साथ 6 शहरों को फायदा मिलेगा।2021 में पूरा होना था काम सरकार ने साल 2004 में ईसरदा बांध का निर्माण का प्रस्ताव तैयार किया गया था। साल 2008 में 40 करोड़ की लागत से इस डैम का निर्माण



कार्य शुरू किया गया। जिसके बाद कई सालों तक इस बांध का निर्माण कार्य अधूरा रहा। 2017 में 1038 करोड़ रुपए बांध निर्माण के लिए स्वीकृत किए गए। जिसका कार्य फिर से शुरू किया गया। यह कार्य साल 2021 तक पूरा होना था, लेकिन कोरोना एवं अन्य समस्या के चलते इस बांध का निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका।साल 2025 में लगभग पूरा हुआ काम इस साल 2025 में बांध का निर्माण कार्य लगभग पूरा कर लिया गया है। जिसके बाद बांध में पानी इकट्ठा किया जा रहा है। इस बांध की भराव क्षमता 253 आरएल मीटर है, जो अधिकतम 262 मीटर तक भरा जा सकता है। बांध में 10.77 टीएमसी पानी को संग्रहित किया जा सकता है।

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग का प्रदेश दौरा –अपराधों में कमी लाने के लिए सामाजिक सहयोग जरूरी

## सामाजिक संस्थाओं और साधु-संतों के सहयोग से बदल सकती है समाज की तस्वीर : किशोर मकवाना

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष किशोर मकवाना ने कहा कि अपराधों में कमी लाने और समाज में समरसता लाने के लिए सामाजिक सहयोग ज्यादा जरूरी है। उन्होंने कहा कि सकारात्मक कार्य करने वाली संस्थाओं, साधु-संतों और सामाजिक रूप से प्रभावशाली लोगों के सहयोग से बढ़ते अपराधों में कमी लाई जा सकती है। मकवाना ने बुधवार को शासन सचिवालय के कांफ्रेंस हॉल में आयोजित राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक के दूसरे दिन यह बात कही। इस दौरान सदस्यगण वड्डेपल्ली रामचंदर एवं लवकुश कुमार साथ रहे। आयोग ने अनुसूचित जाति वर्ग के एट्रोसिटी एक्ट (अत्याचार निवारण नियम) के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की और सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए। गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश में पिछले डेढ़ वर्ष में अनुसूचित जाति वर्ग के अपराधों में



काफी कमी आई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशा अपराध मुक्त राजस्थान बनाना है। हालांकि अभी और सुधार की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि आयोग से प्राप्त सुझावों पर अमल कर आमजन के विश्वास को और अधिक मजबूत किया जाएगा। आयोग की पुलिस महानिदेशक सनमीत कौर ने पुलिस अधिकारियों से अनुसूचित जाति वर्ग से जुड़े दर्ज अपराध, चालान, चार्जशीट, प्रकरण निस्तारण, वर्ग को दी जाने वाली सहायता राशि आदि के बारे में पुलिस अधिकारियों से जानकारी ली और सुधारात्मक सुझाव भी दिए।पुलिस महानिदेशक राजीव शर्मा ने आयोग को बताया कि अनुसूचित जाति वर्ग के केसेज में लगातार कमी आ रही है। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में पुलिस दर्ज होने वाले केसों का सूक्ष्म रूप से विश्लेषण करेगी, गंभीर प्रकरणों को केस ऑफिसर स्कीम में शामिल करेगी और घोड़ी पर न चढ़ने जैसी कुरीतियों तथा उनकी मानसिकता में परिवर्तन लाने के लिए जागरूकता लाने के प्रयास करेगी।

667 नए आवासों से खुले बेहतर जीवन के द्वार | राजस्थान आवासन मण्डल की 5 नवीन आवासीय योजनाओं की शुरुआत

## राज्य सरकार दे रही हर वर्ग को सम्मानजनक और आधुनिक आवास का अवसर, आवास का सपना साकार करने के लिए मण्डल आमजन की पहली पसंद : खर्रा




**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान आवासन मण्डल की बहुप्रतीक्षित आवासीय योजनाओं का बुधवार को आवास भवन जयपुर में भव्य शुभारम्भ किया गया। नगरीय विकास, स्वायत्त शासन एवं आवासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने इन योजनाओं की शुरुआत करते हुए कहा कि यह केवल निर्माण नहीं, बल्कि प्रदेशवासियों को सुरक्षित और सुविधायुक्त जीवन की ओर ले जाने वाला कदम है। खर्रा ने बताया कि इन 5 विशिष्ट पंजीकरण योजनाओं के तहत कुल 667 आवास/फ्लैट्स बनाए जाएंगे, जो उदयपुर, बारां, बूंदी, धौलपुर और बाड़मेर जैसे जिलों में आमजन को एक बेहतर आवासीय विकल्प देंगे।

### मुख्य योजनाएं इस प्रकार हैं

बूंदी जिले की नैनवा आवासीय योजना, पॉकेट-ए एवं पॉकेट-क्र में विभिन्न आय वर्ग के लिए 72 स्वतंत्र आवास, लागत 7 लाख 80 हजार से प्रारम्भ। बारां जिले की अटरू आवासीय योजना में विभिन्न आय वर्ग के लिए 189 स्वतंत्र आवास, लागत 7 लाख 60 हजार से प्रारंभ। बाड़मेर जिले की लंगेरा आवासीय योजना में ईडब्ल्यूएस, एलआईजी आय वर्ग के लिए 200 स्वतंत्र आवास, लागत 8 लाख 61 हजार से प्रारंभ। धौलपुर जिले की बाड़ी रोड योजना में ईडब्ल्यूएस, एलआईजी (जी+3) आय वर्ग के लिए 64 फ्लैट्स, लागत 12 लाख 45 हजार से प्रारम्भ।उदयपुर जिले की पानेरिया की मादड़ी में ईडब्ल्यूएस, एलआईजी (जी+3) आय वर्ग के लिए 142 फ्लैट्स, लागत 11 लाख 68 हजार से प्रारम्भ।इस अवसर पर मंत्री खर्रा ने कहा कि राजस्थान के यशस्वी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार हर वर्ग को आवास उपलब्ध कराने के लिए कृतसंकल्पित है। उन्होंने कहा की राज्य सरकार सिर्फ मकान नहीं दे रही, बल्कि एक सम्मानजनक जीवन का माध्यम दे रही है।उन्होंने बताया कि सभी योजनाएं समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण ढंग से विकसित की जाएंगी, ताकि लाभार्थियों को आधुनिक जीवन की समस्त सुविधाएं मिल सकें। इस कार्यक्रम में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने भी शिरकत की गोदारा ने कहा की राजस्थान आवासन मण्डल आमजन के आवास के सपने को साकार करने के लिए आज भी पहली पसंद है। उन्होंने मण्डल की योजनाओं की मुक्त कंठ से सराहना की ।



## भोपालगढ़ में दर्दनाक हादसा: रामदेवरा यात्रा पर निकले तीन श्रद्धालुओं की तालाब में डूबने से मौत

**भोपालगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** लोकदेवता बाबा रामदेव के दर्शन के लिए रुणिचा जा रहे तीन श्रद्धालुओं की गादेरी गांव के पास तालाब में डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। जिसने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया। मृतकों की पहचान डांगावास गांव निवासी नरेंद्र पुत्र लक्ष्मणराम (20 वर्ष), सचिन पुत्र अशोक (19 वर्ष) और लखन उर्फ लकी पुत्र जगदीश (16 वर्ष) के रूप में हुई है।

**'हादसे का विवरण'** प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, तीनों श्रद्धालु मंगलवार सुबह रामदेवरा यात्रा के लिए निकले थे। दोपहर करीब 2 बजे तेज गर्मी के कारण गादेरी गांव के पास तालाब में हाथ-मुंह धोने के लिए रुके। तालाब में अवैध खनन के कारण बना 20 फीट गहरा गड्ढा बारिश के पानी से भरा हुआ था। प्रत्यक्षदर्शी और साथी गणेश के अनुसार, नरेंद्र सबसे आगे था, उसके पीछे लकी और फिर सचिन। कम पानी समझकर वे आगे बढ़े, लेकिन गहरे गड्ढे में फंस गए। गणेश ने रस्सी से बचाने की कोशिश की, लेकिन असफल रहा। ग्रामीणों के चिल्लाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक तीनों डूब चुके थे। लगभग डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद गांव के तैराकों ने शवों को बाहर निकाला। शवों को पोस्टमार्टम के लिए मुख्यालय भेजा गया।

स्वराज बचाओ रैली का राजभवन कूच, शहीद स्मारक पर पुलिस ने रोका

# किरोड़ी अबकी बार पर्ची चेंज कर-कर ही आएंगे : डोटासरा



- सिफारिश से बने हैं आईएएस अधिकारी
- स्वराज रैली को शहीद स्मारक रोका
- डोटासरा बोले- रैली का मुख्य उद्देश्य पंचायत और निकाय चुनावों की बहाली और जनप्रतिनिधियों के अधिकारों की रक्षा
- अब बच्चे लिखेंगे की मदन दिलावर जैसा शिक्षा मंत्री हो तो हमें कुछ आवश्यकता नहीं- डोटासरा

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** गोविंद डोटासरा ने किरोड़ी लाल मीणा पर भी तंज कसा। उन्होंने कहा- वह तो दिल्ली गए हुए हैं ऐसा लगता है अबकी बार पर्ची चेंज कर कर ही आएंगे। डोटासरा ने आर्टिफिशियल बारिश करने को बताया तमाशा। उन्होंने कहा- तीन-तीन बार प्रयोग असफल हो रहे हैं। आप जमीन पर पांव रखो और काम करो। जनता ने आपको आशीर्वाद दिया है दिल्ली गए तो है किरोड़ी अब देखते हैं कि क्या खुड़का करके आते हैं। ये बातें उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी जयंती के अवसर पर कांग्रेस के राजीव गांधी पंचायती राज संगठन, राजस्थान की ओर से आज बुधवार को जयपुर में स्वराज बचाओ रैली से पहले कही। आज, बुधवार को जयपुर में स्वराज बचाओ रैली का आयोजन किया। इससे पहले प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली और प्रतापसिंह खाचरियावास सहित नेता, कार्यकर्ता पीसीसी मुख्यालय के बाहर इकट्ठा होकर सभी की। यहां पर स्वराज संवाद स्थापित किया गया। जहां पर स्थानीय सरकारों के जनप्रतिनिधियों से संवाद किया गया।

पूर्व मंत्री प्रतापसिंह खाचरियावास और राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के प्रदेशाध्यक्ष सीबी यादव के नेतृत्व कांग्रेसी नेता कार्यकर्ता रैली के रूप में राज भवन की ओर कूच किया। कांग्रेसी नेता कार्यकर्ता पीसीसी से होते हुए शहीद स्मारक पहुंचे, यहां सभी को पुलिस ने रोक लिया। जिसके कांग्रेसी नेता कार्यकर्ता शहीद स्मारक पर धरने पर बैठ गए और रामधुनी की। जिसके बाद विभिन्न मांगों को लेकर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। पीसीसी चीफ गोविंद डोटासरा ने कहा - सरकार ने चुनाव अटका रखे थे। अब हाईकोर्ट ने भी कह दिया कि चुनाव क्यों नहीं करवा रहे, कहा -हमने रिट लगाई थी, उन पर तो सुनवाई होनी है। ये लोग पर्ची पर काम कर रहे हैं। उन्होंने तंज कसा- पर्ची नहीं तो चुनाव अटका दिए।

रैली से पहले कांग्रेस मुख्यालय के बाहर हुई सभा के बाद पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा ने बताया- रैली का मुख्य उद्देश्य पंचायत और निकाय चुनावों की बहाली और जनप्रतिनिधियों के अधिकारों की रक्षा है। राजीव गांधी ने 73वां 74 वा संविधान संशोधन करके लोकसभा और विधानसभा की तर्ज पर हर 5 साल में निकाय और पंचायत चुनाव कराने भी अनिवार्य किए थे लेकिन जब से यह सरकार बनी है तब से ही संविधान का उल्लंघन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब हाईकोर्ट ने भी सरकार को कड़ी फटकार लगाई है और चुनाव कराने के लिए कहा है, उन्होंने सरकार और चुनाव आयोग को भी कहा है जिन निकायों और पंचायतों का 5 साल का कार्यकाल पूरा हो चुका है उन निकाय और पंचायत में चुनाव क्यों नहीं कराए गए हैं।

उन्होंने कहा की पर्ची से बनी हुई सरकार काम नहीं कर रही है और जो हमारे समय की योजनाएं थी। उनको कमजोर करने का काम कर रहे हैं इसलिए हम लोग आंदोलन कर रहे हैं। हाल ही में अन्य सेवाओं से आईएएस में प्रमोट हुए चार आईएएस लेकर डोटासरा ने कहा कि हमें उनसे कोई शिकायत नहीं है। लेकिन एससी, एसटी, ओबीसी, माइनॉरिटी से कोई आईएएस नहीं बनाया गया। सब सिफारिश से बने हैं, उन्होंने कहा कि 18 लोगों को इंटरव्यू के लिए बुलाया गया था पहले दिन नौ लोगों के इंटरव्यू हुए जो 7 घंटे तक चला। दूसरे दिन केवल खानापूर्ति की गई क्योंकि पहले से ही तय था कि इन लोगों को ही चयन करना है, उन्होंने कहा कि बैकडोर से संघ पृष्ठभूमि से जुड़े लोगों को इस बनाया जा रहा है।

## जयपुर में कार में मिले नाबालिग सगे भाइयों के शव

परिवार को हत्या की आशंका, एक बच्चे के शरीर पर मिले खून के निशान



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जयपुर में बंद कार में दो भाइयों के शव मिलने से सनसनी फैल गई। दोनों नाबालिग घर के पास खेलते हुए अचानक गायब हो गए थे। परिवार ने बच्चों की हत्या की आशंका जताई है। घटना मंगलवार रात 11.30 बजे जयपुर के गलता गेट के नगतलाई इलाके की है।डीसीपी करण शर्मा ने बताया कि महवा (दौसा) के रहने वाले शहजाद के बेटे अनस (8), अहसान (5) मंगलवार शाम को घर के पास खेल रहे थे। कुछ देर बाद दोनों गायब हो गए थे। परिजनों ने उन्हें काफी देर तक तलाश किया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। दोनों घर के पास खड़ी एक गाड़ी में बेसुध मिले। एक बच्चे के शरीर पर खून के निशान भी थे।पुलिस ने दोनों को एसएमएस अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।लोगों ने किया हंगामा, हत्या की आशंका दो मासूमों की मौत की जानकारी मिलते ही एसएमएस हॉस्पिटल में लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय विधायक रफीक खान भी मौके पर पहुंचे। मौत से गुस्साए लोगों ने देर रात तक काफी हंगामा भी किया। इसके बाद पुलिस-प्रशासन की समझाइश के बाद हंगामा शांत हुआ। पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं।दम घुटने से भी हो सकती है मौत डॉक्टर और पुलिस प्रथमदृष्ट्या दोनों की मौत गाड़ी में दम घुटने से होना मान रही है।

गिरधरी मोटवानी के नेत्रदान के पश्चात परिवार ने किया देहदान, भवानीमंडी नगर का पहला देहदान

# मरणोपरांत अपनी देह को झालावाड़ मेडिकल कॉलेज को सौंपकर अमर हो गए गिरधारी मोटवानी



**भवानी मंडी ( हुक्मनामा समाचार )।** नेत्रदान के माध्यम से दो लोगों के जीवन को रोशन किया जा सकता है, वही देहदान के माध्यम से निर्मित चिकित्सक का निर्माण सैकड़ो जीवन को रोशन करता है, इसी से प्रेरित होकर भवानीमंडी के मोटवानी परिवार ने पुण्यात्मा का नेत्रदान करवाने के बाद देहदान का परोपकारी कार्य करके विलक्षण उदाहरण प्रस्तुत किया। भारत विकास परिषद के नेत्रदान प्रभारी एवं शाइन इंडिया फाउंडेशन के नगर संयोजक कमलेश गुप्ता दलाल ने बताया कि समाजसेवी शंकर मोटवानी एवं मोहन मोटवानी के भाई गिरधारी मोटवानी का स्वर्गवास होने के बाद परिवार के द्वारा नेत्रदान का निर्णय लिया गया था एवं सूचना देने पर शाइन इंडिया फाउंडेशन के डॉ कुलवंत गौड़ ने रात्रि को 2 बजे ज्योति रथ से भवानीमंडी पहुंचकर नेत्रदान प्रक्रिया संपादित करके कॉर्निया प्राप्त किया जिसके माध्यम से चार से लेकर छह नेत्रहीनों को नई नेत्र ज्योति प्रदान की जा सकेगी। परिवार पहले से नेत्रदान के साथ-साथ देवदान के परोपकारी कार्य से भी जुड़ा हुआ है, ऐसे में नेत्रदान प्रक्रिया के पूरा होने के बाद परिवार के द्वारा मृतक के देहदान की इच्छा भी प्रकट की गई, सुबह डॉ कुलवंत गौड एवं कमलेश गुप्ता के द्वारा झालावाड़ मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ संजय पोरवाल एवं देहदान कार्यक्रम के नोडल ऑफिसर व एनाटॉमी विभाग के सीनियर प्रोफेसर डॉ मनोज शर्मा से बातचीत करके सभी आवश्यक औपचारिकताओं को पूरा करके पार्थिव शरीर को झालावाड़ मेडिकल कॉलेज को दान करने का निश्चय किया।देशभक्ति की धुन के साथ घर से देहदाता की अंतिम यात्रा नगर में निकाली गई, एवं मुक्तिधाम पहुंचकर वहां पर बड़ी संख्या में उपस्थित नागरिकों के द्वारा नम आंखों से देहदाता को श्रद्धांजलि दी गई। धार्मिक रीति रिवाज के संपादन के बाद पार्थिव शरीर को एंबुलेंस के माध्यम से शाइन इंडिया फाउंडेशन के डॉ कुलवंत गौड़ एवं कमलेश गुप्ता ने परिवारजनों के साथ झालावाड़ लाकर झालावाड मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ संजय पोरवाल, शरीर रचना विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉक्टर गोपाल शर्मा एवं देहदान कार्यक्रम के नोडल ऑफिसर व सीनियर प्रोफेसर डॉ मनोज शर्मा को सौंपा।

# छोटीखाटू में डॉक्टरों का सेमिनार सपन्न



**छोटी खाटू ( हुक्मनामा समाचार )।** तहसील सहित आस पास के क्षेत्र में काम कर रहे डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ के मार्गदर्शन के लिए यूरोलॉजी संबंधी समस्याओं के हल के लिए कैथेटर से संबंधित समस्याओं से कैसे बचें विषय पर अस एम जी 9 स्टेट्स हॉस्पिटल जयपुर के सीनियर यूरोलॉजिस्ट डॉ देवेन्द्र चौधरी द्वारा सेमिनार आयोजित किया गया। जिसमें कैथेटर संबंधी समस्याओं का सामना कई बार करना पडता है। डॉ देवेंद्र चौधरी ने इससे संबंधित सभी शंकाओ का निवारण किया । मरीज को नुकसान ना पहुंचे इसमें ध्यान रखने योग्य बातों को विस्तार से समझाया । इस अवसर पर एस. एम. जी. 9 स्टेटस् हॉस्पिटल, जयपुर के निदेशक नारायण चौधरी, डॉ दिलिप चौधरी, डॉ राजेश बलारा, डॉ. दिवेश सैनी, डॉ. सुरेश महरा, अनंदा राम, रामगोपाल सोनी, नदीम अख्तर, मोहब्बत खान, मोहम्मद हसन शेरनी, ताराचंद गुगड़वाल, ओमप्रकाश गुगड़वाल, कौशल्या चौधरी और हेमराज राजावत सहित अन्य डॉक्टर व कम्पोडर उपस्थित रहे। छोटी खाटू, बड़ी खाटू, शेरनी आबाद, डाबगांव और मण्डूकारा सहित आसपास के स्वास्थ्य कर्मियों ने बडे उत्साह से हिस्सा लिया।

न्यूज ब्रीफ

# बच्छबारस पर्व गाय बछड़े की पुजा कर मनाया



**आनंदपुर कालू ( हुक्मनामा समाचार )।** स्थानीय ग्राम व आसपास के क्षेत्र में बच्छ बारस पर्व पर महिलाओं ने पुत्र की दिर्धायु की कामना करते हुए परिवार में खुशहाली बनाये रखने की कामना की इस अवसर पर गौ माता व बछड़े की पुजा अर्चना की गई कर मंगल कामना की महिलाओं ने अपने घरो में गेहुं से बने हुए व्यंजन का उपयोग नहीं किया तथा बाजरा व चने से बने व्यंजन का भोग लगाएं बच्छ बारस के अवसर पर गौशाला में भी गाय बछड़े का पुजन किया गया गौ भक्तो द्वारा गाय बछड़ो को गुड़ खिलाया गया।

# लॉर्ड तिरुपति महाविद्यालय का बीए द्वितीय वर्ष का परिणाम रहा शत : प्रतिशत



**केकड़ी ( हुक्मनामा समाचार )।** लॉर्ड तिरुपति महाविद्यालय ने एक बार फिर शैक्षणिक उत्कृष्टता का परचम लहराया है। बीए द्वितीय वर्ष (तृतीय सेमेस्टर) परीक्षा परिणाम में महाविद्यालय की छात्राओं ने शत-प्रतिशत सफलता हासिल कर संस्थान का नाम रोशन किया।इस परीक्षा में कृष्णा चौधरी ने 77.50त्न अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। आरती कुमारी रेगर ने 75.75त्न अंकों के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया। अक्षिता जैन ने 75.25त्न अंकों के साथ तीसरा स्थान अर्जित किया।महाविद्यालय प्रशासन एवं प्राध्यापकों ने सफलता पर छात्राओं को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संस्थान प्रबंधन ने कहा कि बेटियों की यह उपलब्धि महाविद्यालय ही नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। लॉर्ड तिरुपति महाविद्यालय अपनी छात्राओं की इस सफलता को प्रेरणास्पद मानते हुए शिक्षा की गुणवत्ता एवं उत्कृष्ट परिणाम देने की दिशा में सतत प्रयासरत है।

# गुरुवंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित



**मदनगंज किशनगढ़ ( हुक्मनामा समाचार )।** भारत विकास परिषद महाराणा प्रताप शाखा किशनगढ द्वारा नवोदय उच्च माध्यमिक विद्यालय में गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता विकी लड्डा और नीरज राठी ने बालिकाओं को गुरुओं के प्रति निष्ठा और सम्मान का भाव रखने और मर्यादित आचरण हेतु प्रेरित किया। परिषद द्वारा विद्यार्थियों हेतु संस्कार कार्यक्रमों भारत को जानों और राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता की जानकारी प्रभारी नर्सिंग मालपानी द्वारा दी गई। परिषद द्वारा 10 गुरुओं का मंगल तिलक कर फल और लेखनी भेंट कर वंदन और प्रतिभाशाली 8 बालको का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम का संचालन परिषद के कन्हैया तोषनीवाल और राजेश बंसल ने किया। परिषद के सेवा समन्वयक कन्हैया तोषनीवाल, राजेशबंसल, अनूप केजरीवाल, अश्विनी लड्ढा, प्रमोद सोमानी और विद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। विद्यालय संस्था प्रधान रामदयाल चौधरी द्वारा परिषद का आभार व्यक्त किया गया।

# भक्तामर स्वास्ति धाम तीर्थ ड़ोला कमेटी का गठन, प्रकाश चंद जैन बने अध्यक्ष

**पिड़ावा ( हुक्मनामा समाचार )।** बुधवार को भक्तामर स्वास्ति ड़ोला जैन मंदिर में जैन समाज की बैठक का आयोजन डॉ सुरेश जैन की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। जैन समाज प्रवक्ता मुकेश जैन चेलावत ने बताया कि गुजरात संत केसरी 108 आचार्य भरत सागर के सुयोग्य शिष्य 108 आचार्य शिव सागर महाराज की प्रेरणा से डोला जैन मंदिर की रचना हुई है। जिसमें आचार्य 108 सुव्रत सागर और ब्रम्हलीन ज्ञेय सागर महाराज के सानिध्य में क्षेत्र का विकास हुआ। वर्तमान में डोला जैन मंदिर में हमेशा यात्रीगण का आवागमन होता रहता हैं। जिसकी व्यवस्था हेतु गणनी आर्यिका 105 गुरू मां स्वस्ति भूषण माता जी के मंगल आशीर्वाद से जिर्णोद्धार का कार्य चल रहा है। साथ ही मंदिर जी के देखरेख हेतु भक्तामर स्वास्ति धाम ड़ोला तीर्थ कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्व सहमति से अध्यक्ष पद के लिए प्रकाश चंद जैन, उपाध्यक्ष अनिल जैन, मनीष जैन, सचिव प्रदीप जैन, कोषाध्यक्ष सुधीर जैन को बनाया गया। साथ ही भविष्य में कार्यकारणी विस्तार की योजना पर चर्चा हुई। जिसके बाद सभी का समाज जनों ने कार्यकारणी का स्वागत किया। अंत में महावीर जैन और सुखमाल जैन ड़ोला द्वारा सबका आभार प्रकट किया गया। बैठक का संचालन प्रदीप जैन द्वारा किया गया।

# राजकीय कन्या महाविद्यालय में विकास समिति की बैठक में की चर्चा

**सरवाड़ ( हुक्मनामा समाचार )।** कस्बे के राजकीय कन्या महाविद्यालय में बुधवार को विकास समिति की बैठक प्राचार्य प्रो शमा खान की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में कन्या महाविद्यालय में आवश्यक विकास कार्य व अन्य समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई और उनके निराकरण पर आवश्यक कदम उठाने का निर्णय लिया गया। बैठक में प्राचार्य खान ने शिक्षण व्यवस्था के लिए महाविद्यालय दो कमरों की आवश्यकता बताई जिस पर केकड़ी विधायक शत्रुघ्न गौतम द्वारा दूरभाष के माध्यम दो कमरों के निमार्ण को लेकर आश्वासन प्राप्त हुआ। इसी प्रकार नगर पालिका अध्यक्ष उर्वशी जैन द्वारा छात्राओं के लिए एक वाटर कूलर लगाने, महाविद्यालय के सामने स्पीड ब्रेकर एवं सफाई व्यवस्था को दुरुस्त कराने का आश्वासन दिया। बैठक में पूर्व पालिका अध्यक्ष राधेश्याम पोरवाल ने कक्षा-कक्ष के वर्गीकरण कार्य निर्माण के लिए कहा। सामाजिक कार्यकर्ता मुकुट बिहारी शर्मा द्वारा अकादमी उन्नयन हेतु सकारात्मक सहयोग देने के लिए बताया।

# भामाशाह ने 5 लाख की लागत से विद्यालय में भौतिक सुविधाऐं के लिए दिये



**छोटीखाटू ( हुक्मनामा समाचार )।** निकटवर्ती ग्राम रणसीसर जाटान में भामाशाह कमल बीडियासर पुत्र प्रभु राम बीडियासर द्वारा राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय मे 5 लाख रुपए की लागत की भौतिक सुविधाऐं प्रदान करने पर विद्यालय परिवार द्वारा भामाशाह सम्मान पत्र प्रदान किया गया। प्रधानाध्यापक धारूराम मेघवाल ने बताया भामाशाह कमल मेघवाल द्वारा छ वाईट बोर्ड, एक सूचना बोर्ड, तीन कम्प्यूटर सेट, सोनी एलडी टीवी 43 इंच, दस कुर्सी गदी वाली, दस कुर्सी इटालिका की, कार्यालय में बिछाने वाली कालीन, कार्यालय में दरवाजे और खिड़कियों के पर्दे, दीवार घड़ी, दो छत पंखे, अलमारी लाइब्रेरी, ऑटोमेटिक स्कूल बेल सहित अन्य भौतिक सुविधा उपलब्ध करवाने पर भामाशाह कमल बिडियासर का माला, साफा व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक धारूराम मेघवाल, कानाराम, नेमीचंद राड़, अनिल कुमार, रुकमा बानियां, संतोष, आशा लखोटिया इस सम्मान समारोह में उपस्थित रहे।

जैनविद्या एवं तुलनात्मक धर्म तथा दर्शन विभाग में गोष्ठी आयोजित

# दार्शनिक चिंतन से विकास का मार्ग प्रशस्त होता है : प्रोफेसर अरविंद



**कुचेरा ( हुक्मनामा समाचार )।** जैन विश्व भारती संस्थान लाडनूं के जैनविद्या एवं तुलनात्मक धर्म तथा दर्शन विभाग के शिक्षकों को संबोधित करते हुए राजस्थान विश्वविद्यालय के पूर्व डीन एवं दर्शन विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अरविंद विक्रम सिंह ने कहा कि दार्शनिक चिंतन से मन- मस्तिष्क की उर्वरता में वृद्धि होती है । उन्होंने यह भी कहा कि दार्शनिक चिंतन, विकास का मार्ग भी प्रशस्त करता है । उन्होंने आगे यह भी बताया कि कभी यूनान के गौरव को बढ़ाने में वहां के दार्शनिक सुकरात , प्लेटो और अरस्तु का नाम बड़े आदर के साथ लिया जाता है । इसी तरह आधुनिक पाश्चात्य दर्शन के पिता रेने डेकार्ट का नाम फ्रांस में बहुत ही सम्मान के साथ लिया जाता है। काण्ट और हेगल ने तो जर्मनी के गौरव को बढ़ाने में अहर्निश प्रयत्न किया था । भगवान महावीर, भगवान बुद्ध और आदि शंकराचार्य ने भारतीय चिंतन परंपरा को अत्यधिक समृद्धि किया था । अतः यह कहना कोई अतिरंजनापूर्ण कथन नहीं होगा कि दार्शनिक चिंतन किसी भी देश की थाती होती है जिसे अक्षुण रखते हुए आगे बढ़ा जा सकता है। डॉ अरविंद ने यह भी बताया कि अतीत के दार्शनिक चिंतन को सहेज कर रखना और विकास में उनका उपयोग करना आवश्यक प्रतीत होता है । इस अवसर पर जैन विद्या एवं तुलनात्मक धर्म तथा दर्शन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर आनंद प्रकाश त्रिपाठी ने प्रोफेसर अरविंद का स्वागत करते हुए कहा कि डॉ अरविंद का वर्तमान समय में दर्शन जगत में एक बड़ा नाम है जिनकी पूरे देश में मांग है। जैन विद्या विभाग में उनके व्याख्यान से हमारे शिक्षक अत्यंत लाभान्वित हुए हैं जिसके लिए मैं डॉक्टर अरविंद के प्रति आभार व्यक्त करता हूं । डॉ रामदेव साहू ने भी अपने विचार व्यक्त किये। अंत में प्रो अरविंद ने शिक्षकों की जिज्ञासाओं को शांत किया तथा विभाग में हो रहे कार्यों की प्रशंसा की कार्यक्रम के प्रारंभ में डॉक्टर मनीषा जैन ने मंगलाचरण प्रस्तुत किया। डॉ सुनीता इंदौरिया ने आभार व्यक्त किया तथा कार्यक्रम का संयोजन ईरिया जैन ने किया।

# देवलिया कला में गौ माता की पूजा



**देवलिया कला ( हुक्मनामा समाचार )।** में बछ बारस के पावन पर्व पर गांव में महिलाओं ने गाय एवं बछड़े की पूजा अर्चना कर अपने परिवार के स्वास्थ्य की मंगल कामना की।

इस मौके पर पूर्व सरपंच रामस्वरूप मेवाड़ा ने भी सह परिवार गौ माता की सेवा कर क्षेत्र की खुशहाली की मंगल कामनाए की ओर बताया कि आज बछ बारस है।

राजस्थान और मध्य प्रदेश में आज बछ बारस पर्व महिलाओं द्वारा मनाया जाता है। इसे गोवत्स द्वादशी भी कहते हैं।

यह व्रत पुत्र की लंबी आयु के लिए किया जाता है। इस दिन पूरे क्षेत्र में गाय और बछड़े की पूजा की जाती है।

# पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जयंती पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित



**रूपनगढ़ ( हुक्मनामा-समाचार )।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर बुधवार 20 अगस्त को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्यालय रूपनगढ़ में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा को संबोधित करते हुए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीवणराम भाकर ने राजीव गांधी को आधुनिक भारत का निर्माता बताया। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी ने सूचना प्रौद्योगिकी और पंचायती राज व्यवस्था को सशक्त कर देश को नई दिशा प्रदान की।

इस अवसर पर उपस्थित सभी कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीवणराम भाकर, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश मूंड, ब्लॉक उपाध्यक्ष हरि जाखड़, गिरधारी गुर्जर, ब्लॉक सचिव जमील कुरेशी, प्रवक्ता फिरोज खान देशवाली, यूथ अध्यक्ष सोनू गुर्जर, विधानसभा यूथ उपाध्यक्ष दिनेश मौर्य, ब्लॉक महासचिव शीशराम राव, किशन लेगा, मोहसिन आजाद, कल्याण मौर्य, प्रकाश बड़वाल सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बछ बारस पर गाय बछडे की पूजा कर परिवार में सुख समृद्धि मांगी



**सरवाड़ ( हुक्मनामा समाचार )।** कस्बे में बुधवार को बछ बारस का पर्व उल्लासपूर्वक मनाया गया। महिलाओं ने सुबह जल्दी ही सजे-धजे परिधान में मंगल गीत गाते हुए गाय व बछड़े की पूजा कर परिवार में सुख-समृद्धि की कामना की। महिलाओं ने माहेश्वरी मोहल्ला, आचार्य मोहल्ला, चौधरी कॉलोनी, पारीक मोहल्ला, जैन कॉलोनी, गणेशगंज,स्वरूप कॉलोनी सहित कई स्थानों पर गाय व बछड़े की पूजा कर घरों में व्यंजन खिलाये। महिलाओं ने व्रत रखे और कहानियां भी सुनाई। इस पर्व के दिन लोगों ने गाय के दूध व इससे बनने वाली खाद्य सामग्रियों का उपयोग नहीं किया।

# ब्लॉक कांग्रेस कमेटी छीपाबड़ौद ने स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती मनाई



**छीपाबड़ौद ( हुक्मनामा समाचार )।** छीपाबड़ौद ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ब्लॉक अध्यक्ष मूलचंद शर्मा अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। स्वर्गीय राजीव गांधी जयंती मनाई पौधारोपण किया व राजीव गांधी की मूर्ति माल्यार्पण कर जयंती मनाई गई। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने देश में 40 वर्ष की उम्र में प्रधानमंत्री बनने वाले राजीव गांधी भारत के सबसे कम उम्र के प्रधानमंत्री थे।

संभवत: दुनिया के उन युवा राजनेताओं में से एक हैं जिन्होंने सरकार का नेतृत्व किया है। उनकी माँ इंदिरा गांधी 1966 में जब पहली बार प्रधानमंत्री बनी थीं तब वह उनसे उम्र में आठ साल बड़ी थीं। उनके नानाजी पंडित जवाहरलाल नेहरू 58 वर्ष के थे जब उन्होंने स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री के रूप में 17 साल की लंबी पारी शुरू की थी। देश मे गांधी को देश के इतिहास में सबसे बड़ा जनादेश प्राप्त हुआ था।

अपनी मां की हत्या के शोक से उबरने के बाद उन्होंने लोकसभा के लिए चुनाव कराने का आदेश दिया। उस चुनाव में कांग्रेस को पिछले सात चुनावों की तुलना में लोकप्रिय वोट अधिक अनुपात में मिले और पार्टी ने 508 में से रिकॉर्ड 401 सीटें हासिल कीं। भारतीयों के नेता के रूप में इस तरह की शानदार शुरुआत किसी भी परिस्थिति में उल्लेखनीय मानी जाती है। यह इसलिए भी अद्भुत है क्योंकि वे उस राजनीतिक परिवार से संबंधित थे जिसकी चार पीढ़ियों ने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान एवं इसके बाद भारत की सेवा की थी, इसके बावजूद श्री गांधी राजनीति में अपने प्रवेश को लेकर अनिच्छुक थे एवं उन्होंने राजनीति में देर से प्रवेश भी किया। राजीव गांधी का जन्म 20 अगस्त 1944 को बम्बई में हुआ था।

वे सिर्फ तीन वर्ष के थे जब भारत स्वतंत्र हुआ और उनके दादा स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री बने। उनके माता-पिता लखनऊ से नई दिल्ली आकर बस गए। बैठक में ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष मूलचंद शर्मा पूर्व सरपंच महफूज अली छीपाबड़ौद छीपाबड़ौद मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र मालव मोखमपुरा मंडल अध्यक्ष सत्यनारायण माथोडिया सारथल मंडल अध्यक्ष डॉ नफीस अहमद कुरेशी टोलम मंडल अध्यक्ष रामनिवास मालव उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमावत जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि हीरालाल वर्मा महासचिव कैलाश लोधा उपाध्यक्ष अशोक यादव महासचिव राकेश मेघवाल नगर अध्यक्ष पंकज नरवाना सारथल मंजूर भाई सारथल श्याम सुंदर सुमन महिला कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष रफीका अब्बासी अशफाक भाई रामनारायण लोधा तोलाराम मीणा मुकेश वर्मा वार्ड पंच खुशराज नागर विजय शंकर नागर पप्पू लाल मीणा रामदयाल मीणा आदि मौजूद रहे।

## धरियावद में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती पर किया गया नमन



**धरियावद (हुक्मनामा सामाचार)।** को कॉग्रेस कार्यालय सलूम्बर रोड पर स्थितीत पर ब्लॉक कॉग्रेस कमेटी ब्लॉक अध्यक्ष घनस्याम पूरी गोस्वामी के नेतृव में भारत रत्न एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों ने जिसमे जिला उप प्रमुख सागरमल बोहरा भवर लाल पचौरी मंडल अध्यक्ष जसवत सिंह कोठारी धनपाल वक्तावत वाईस चेयर मेन अनिल वक्तावत रमेश चौधरी तेजकरण चौधरी रामलाल गायरी हरीश लबाना दिनेश सोनी दिलीप पटवा मुंशी भाई ठेकेदार मदन दमामी सहित ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि राजीव गांधी देश के सबसे युवा प्रधानमंत्री बने और उन्होंने भारत को आधुनिक तकनीकी युग की ओर अग्रसर किया। कंप्यूटर क्रांति, पंचायती राज व्यवस्था को सशक्त बनाने और युवाओं को राजनीति में भागीदारी दिलाने में उनका योगदान अविस्मरणीय है। कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा आयोजित हुई, जहां राष्ट्र की प्रगति में उनके योगदान को याद किया गया। साथ ही उनकी आदर्श सोच और देश के प्रति समर्पण भाव से प्रेरणा लेने का आह्वान किया गया।

*राजस्थान में गिव अप अभियान की ऐतिहासिक सफलता*

# 27 लाख सक्षम लाभार्थियों ने स्वेच्छा से छोड़ी खाद्य सब्सिडी, सक्षम लोगों का त्याग बन रहा गरीबों का निवाला

**निम्बाहेडा (हुक्मनामा सामाचार)।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के मार्गदर्शन में राज्य सरकार निरन्तर वंचित वर्गों के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। माननीय मुख्यमंत्री के स्पष्ट दिशा निर्देश है कि अंतिम पक्ति में खड़े लोगों को सरकारी योजनाओं से जोड़कर लाभान्वित किया जाए ताकि वे समाज की मुख्याधारा से जुड़ सकें। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में असल हकदारों को एनएफएसए में स्थान देने हेतु विभाग द्वारा गिव अप अभियान गत वर्ष 1 नवम्बर को शुरू किया गया। इस अभियान का उद्देश्य सक्षम लोगों को स्वेच्छा से खाद्य सब्सिडी त्यागने हेतु प्रेरित करना है ताकि गरीबों को खादय सुरक्षा का लाभ मिल सके। गिव अप अभियान के तहत प्रदेश भर में अब तक 27 लाख से अधिक सक्षम लाभार्थियों ने स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा छोड़ी है। उन्होंने कहा कि गिव अप अभियान की ऐतिहासिक सफलता के कारण पात्र वंचित खाद्य सुरक्षा से जुड़ पा रहे है। गिव अप अभियान के तहत स्वेच्छा से खाद्य सब्सिडी त्यागने एवं ईकेवाईसी न करवाने के कारण एनएफएसए में बनी रिक्तयों से 5662268 पात्र बचिंतों को विभाग खाद्य सुरक्षा से जोड़ पाया है। उन्होंने कहा कि सक्षम लोगों का त्याग गरीबों के मुंह का निवाला बन रहा है। इस अभियान के माध्यम से खाद्य सुरक्षा सूची में नई रिक्तियाँ बनने से सूची में जुड़े पात्र परिवारों को न केवल पोषण युक्त अन्न उपलब्ध कराया जा रहा है बल्कि उन्हें 25 लाख रूपये तक का नि:शुल्क इलाज, 10 लाख रुपए तक का दुर्घटना बीमा एवं 450 रूपये में प्रतिवर्ष 12 घरेलू सिलेंडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। गोदारा ने बताया कि गिव अप अभियान में व्यापक जनभागीदारी को देखते हुए इसकी अवधि 31 अगस्त 2025 तक बढ़ा दी गई है। मुख्यमंत्री एवं खाद्य मंत्री के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा अंतर्गत जुड़े ऐसे परिवार जिनमें – कोई सदस्य आयकर दाता हो, कोई सदस्य सरकारी अधसरकारी / स्वायतशासी संस्था में कर्मचारी हो, एक लाख से अधिक वार्षिक पारिवारिक आय हो एवं किसी सदस्य के पास चार पहिया वाहन हो (ट्रैक्टर आदि जीविकोपार्जन में प्रयुक्त वाहन को छोड़कर), निष्कासन सूची में शामिल है। गिव अप अभियान के तहत चित्तौड़गढ जिले में 121474 लोगों ने स्वेच्छा से खाद्य सब्सीडी छोड़ कर इस मुहिम में उल्लेखनीय योगदान दिया है। इससे जिले के 123000 जरूरतमंद लोगों को खाद्य सुरक्षा सूची से जोड़ा जा सका है। जिला रसद अधिकारी ने बताया कि इस सफलता मै जिला प्रशासन, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और जागरूक नागरिकों का विशेष योगदान रहा है। यह अभियान सामाजिक जिम्मेदारी और जन–जागरूकता का उत्कृष्ट उदाहरण है, जिससे खाद्य सुरक्षा के लक्ष्य को और मजबूत आधार मिलेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन सभी सहयोगी नागरिकों का हृदय से आभार व्यक्त करता है और भविष्य में भी इस प्रकार की सामाजिक पहल में अधिक से अधिक सहभागिता की अपील करता है।

## जिला जन अभाव अभियोग एवं सतर्कता समिति एवं जिला स्तरीय जनसुनवाई आज

**भीलवाड़ा (हुक्मनामा सामाचार)।** जिला जन अभाव अभियोग एवं सतर्कता समिति की नियमित मासिक बैठक एवं जिला स्तरीय जनसुनवाई जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श जसमीत सिंह संधू की अध्यक्षता में 21 अगस्त को प्रात: 11 बजे जिला कलेक्ट्रेट के वी.सी. कक्ष (सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग) में आयोजित होगी। यह जानकारी जिला जन अभियोग एवं सतर्कता समिति सचिव ने दी।

## आधार कार्ड सेंटर का हुआ शुभारंभ लोकेश कुमार बंसल इन्द्रगढ़



**इन्द्रगढ़ (हुक्मनामा सामाचार)।** इन्द्रगढ़ के समीप करवर कस्बे में पुलिस थाने के पास राजीव गांधी सेवा केन्द्र आधार कार्ड सेंटर शुभारंभ हुआ यह आधार कार्ड सेंटर चार वर्ष पूर्व बंद हो गया था जिसे पुन: शुरू शुरू होने से करवर सहित इन्द्रगढ़ तहसील क्षेत्र व आसपास गांवों के ग्रामीणों को राहत मिलेगी,आयोजित शुभारम्भ समारोह में करवर ग्राम पंचायत सरपंच दीपकला नागर ने आधार सेंटर का उद्घाटन किया एवं सभी का आभार प्रकट किया।

## मथुराधीश मन्दिर पर मनाई वत्स द्वादशी




**कोटा (हुक्मनामा सामाचार)।** शुद्धाद्वैत प्रथम पीठ बड़े मथुराधीश मंदिर पर बुधवार को वत्स द्वादशी बनाई गई। इस दौरान गौशाला में गाय और बछड़े का पूजन किया गया। वहीं मथुराधीश प्रभु की पुष्टिमार्गीय विशेष सेवा प्रणालिका के अनुसार श्रंगार, राग और भोग सेवा की गई। इस दौरान प्रभु को भारी शृंगार धराया गया। प्रथम पीठ युवराज गोस्वामी मिलन कुमार बावा ने बताया कि भगवान कृष्ण के ढाई वर्ष के होने पर उन्होंने गोचारण के लिए माता यशोदा से स्वीकृति प्राप्त की थी। इसलिए गोवत्स द्वादशी मनाई जाती है। हालांकि उन्होंने गोचारण लीला गोपाष्टमी के दिन से प्रारंभ की थी। उन्होंने बताया कि प्रभु की यह लीला विश्व को व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त करने की प्रेरणा देती है।

# पदयात्रा 28 अगस्त को पवित्र ध्वज के साथ प्रांरभ होगी पदयात्रा

**भीलवाड़ा (हुक्मनामा सामाचार)।** चारभुजा गौ सेवा संघ भीलवाड़ा द्वारा 28 अगस्त 2025 गुरूवार को कन्या भ्रूण हत्या व गौ हत्या की रोकथाम एवं स्वच्छ भारत अभियान के लिए जन जन में जनजाग्रती लाने के लिए भीलवाड़ा से चारभुजा नाथ गढ़बोर तक पदयात्रा का आयोजन किया जा रहा है। चारभुजा गौ सेवा संघ के अध्यक्ष सत्यनारायण लढ़ा ने बताया कि इस वर्ष की यात्रा विशेष रूप से राष्ट्र सेवा को समर्पित हाल ही में भारतीय सेना द्वारा सफलता पूर्वक सम्पन्न ऑपरेशन सिन्दूर जिसने समूचे राष्ट्र का मस्तक गर्व से ऊंचा किया है। इस पावन पदयात्रा के माध्यम से पदयात्री न केवल सामाजिक चेतना का प्रसार करेंगे बल्कि उन वीर जवानों के प्रति कृतज्ञता भी व्यक्त करेंगे, जिन्होने सीमाओ पर अपने प्राणों की आहूति देकर देश की रक्षा की। यह यात्रा भारतीय सेना के अदम्य साहस और भारत माता के प्रति हमारे शाश्वत समर्पण की अभिव्यक्ति होगी। चारभुजा गौ सेवा संघ के महामंत्री पार्षद विजय कुमार लढ़ा ने बताया की पदयात्री शुभ मुहर्त 28 अगस्त गुरूवार को सायं 4.15 बजे अपने अपने घर से प्रस्थान कर सायं 5.15 बजे पदयात्रा मुख्य समारोह स्थल पंचमुखी दरबार मन्दिर प्रांगण पंहुचेगी। यहां बैण्ड़ बाजों और ढ़ोल नगाड़ो के साथ लालजी महाराज की श्रृंगारित प्रतिमा को संत हसंराम , लक्ष्मण दास महाराज पंचमुखी दरबार, बाबूगिरी महाराज, और श्यामसुन्दर दास महाराज औकारेश्वर द्वारा भव्य रथ में विराजमान किया जाएगा एवं महाआरती का आयोजन होगा। चारभुजा गौ सेवा संघ के युवा अध्यक्ष अर्चित तोतला, शिव



बाहेती, नितेश भण्डारी, विजित तोतला ने बताया कि पदयात्रा पवित्र ध्वज के साथ पंचमुखी दरबार से बडे मंदिर, बालाजी मंदिर गुलमण्डी, बालाजी मंदिर बालाजी मार्केट, बालाजी मंदिर हेडपोस्ट ऑफिस, लक्ष्मीनारायण मंदिर, रेल्वे फाटक, गंगापुर चैराहा होते हुए पुर, कारोई, भूणास, लापसिया, कुआरिया, केलवा, पडासली होते हुए जन जन की आस्था के केन्द्र प्रसिद्ध कृष्ण धाम चारभुजा गढबोर पंहुचेगी।

## महाविद्यालय में कैम्पस प्लेसमेंट का आयोजन



**डीडवाना (हुक्मनामा सामाचार)।** बागड़ महिला महाविद्यालय में एक्सिस बैंक द्वारा कैम्पस प्लेसमेंट का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया।इस आयोजन में महाविद्यालय की 80 छात्राओं ने भाग लिया, जिनमें से द्वितीय चरण के लिए 28 छात्राओं का चयन हुआ।इस अवसर पर एक्सिस बैंक के प्रमुख अधिकारियों ने मार्गदर्शन प्रदान किया। बैंक के प्रोग्रामर हेड–निरंजन, सीनियर मैनेजर– विशाल कुवर,बिजनेस हेड देवेन्द्र सिंह ने बैंक से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण जानकारी साझा की।उन्होंने छात्राओं को अपनी कम्युनिकेशन स्किल्स सुधारने के लिए प्रेरित किया, ताकि वे आगामी चुनौतियों का सामना आत्मविश्वास के साथ कर सकें। महाविद्यालय की प्राचार्या सीमा तिवारी ने इस आयोजन को लेकर छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा, कैम्पस प्लेसमेंट जैसे आयोजनों से छात्राओं को अपने ही क्षेत्र में रोजगार के अवसर मिलते हैं, जो उनकी प्रगति के लिए महत्वपूर्ण होते हैं। उन्होंने छात्राओं से भविष्य में ऐसे आयोजनों में भाग लेने का आह्वान किया और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। यह आयोजन महाविद्यालय के छात्राओं के लिए एक प्रेरणादायक अवसर था, जो उनके करियर के नए रास्ते खोलने में सहायक सिद्ध होगा।

## *पाबूजी राठौड़ दर्शन यात्रा कार्यक्रम के पोस्टर का हुआ विमोचन*



**डीडवाना (हुक्मनामा सामाचार)।** शहर के नागौर रोड पर स्थित भाजपा नेता श्याम प्रताप सिंह के कार्यालय पर पाबूजी राठौड़ दर्शन यात्रा के कार्यक्रम पोस्टर का विमोचन हुआ,यह विमोचन भाजपा नेता श्याम प्रताप सिंह राठौड की उपस्थिति में हुआ, राठौड के द्वारा इस पोस्टर का विमोचन किया गया,जानकारी देते हुए बताया गया छात्र पुरुषार्थ फाउंडेशन कुचामन के तत्वाधान में पाबूजी राठौड़ दर्शन यात्रा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है,जिसके तहत 2 सितंबर को कुचामन सिटी से कोलूमण्ड तक यह यात्रा निकलेगी,जिसके पोस्टर का विमोचन किया गया है,पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में समाजसेवी लोग उपस्थित रहे हैं।

## स्वदेशी जागरण मंच द्वारा विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए प्रदर्शन एवं रैली आज

**कोटा (हुक्मनामा सामाचार)।** स्वदेशी जागरण मंच द्वारा ट्रम्प सरकार द्वारा भारतीय उत्पादों पर लगाए गए 50त्न अन्यायपूर्ण टैरिफ़ के विरोध में तथा चीनी एवं विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार एवं स्वदेशी उत्पादों को अपनाने के उद्देश्य से एक शांतिपूर्ण प्रदर्शन एवं रैली का आयोजित किया जा रहा है। स्वदेशी जागरण मंच कोटा महानगर संयोजक मन शर्मा ने बताया कि वर्तमान समय में देशभर में इस टैरिफ़ नीति के विरुद्ध व्यापक स्तर पर प्रदर्शन हो रहे हैं, जिन्हें जनसमर्थन भी मिल रहा है। इसी क्रम में हम कोटा (राजस्थान) से भी स्वदेशी की आवाज़ बुलंद हो ताकि यह जनजागरण और अधिक प्रभावशाली बने। इसी क्रम में 21 अगस्त प्रात: 11:00 बजे सर्किट हाउस मुख्य द्वार से कलेक्ट्रेट कार्यालय तक एक विशाल रैली आयोजित की जाएगी। जिसमें आप सभी प्रबुद्धजनों, समाज के युवा, बहने एवं मातृशक्ति आंदोलन को सशक्त बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें, क्योंकि यह केवल किसी नीति का विरोध नहीं, बल्कि देश और प्रदेशवासियों के सम्मान का प्रश्न है।

# दिव्यांग को मिले बैटरी चलित वाहन

**भिनाय (हुक्मनामा सामाचार)।** शिक्षा को सबके लिए सुलभ और समावेशी बनाने के उद्देश्य से समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष पहल की जा रही है। इसी क्रम में बुधवार को गांधी भवन, तोपदड़ा, अजमेर में जिला स्तरीय अंग उपकरण वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर भिनाय ब्लॉक के 10 दिव्यांग बच्चों को उनकी आवश्यकता के अनुसार विभिन्न प्रकार के सहायक उपकरण प्रदान किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी गोविंद नारायण शर्मा ने कहा की, दिव्यांग बच्चों को मुख्यधारा की शिक्षा से जोड़ना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। सहायक उपकरण उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने और पढ़ाई में सुविधा उपलब्ध कराने का एक महत्वपूर्ण साधन बनेंगे।

अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक लीलामणि गुप्ता ने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि हर दिव्यांग बच्चे को शिक्षा और जीवन में समान अवसर मिले। आज यह उपकरण उन्हें स्वतंत्र और आत्मनिर्भर बनने में मदद करेंगे। यह कार्यक्रम सिर्फ उपकरण देने का नहीं, बल्कि बच्चों के आत्मविश्वास और क्षमता को बढ़ाने का भी संदेश है। वहीं, ब्लॉक स्तर पर कार्यरत संदर्भ व्यक्ति शिवचरण नामा ने कहा, भिनाय ब्लॉक से चयनित 10 बच्चों को उनकी शारीरिक जरूरत और शैक्षणिक आवश्यकता के अनुरूप अंग उपकरण उपलब्ध कराए जा



रहे हैं। यह पहल बच्चों को आत्मनिर्भर और समाज में सक्रिय भागीदारी के योग्य बनाएगी। कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों को 3 रोलेटर, 2 टीएलएम किट, 2 हियरिंग एड, 1 ट्राईसाइकिल, 1 बैटरी ऑपरेटेड व्हीलचेयर और मैनुअल 3 व्हीलचेयर 2 कृत्रिम अंग चश्मह जैसे उपकरण दिए गए। इन सभी उपकरणों की कुल लागत लगभग 1.89 लाख रुपए रही। इस अवसर पर जिले के समस्त ब्लॉक से आये संदर्भ व्यक्ति, स्थानीय अधिकारी, शिक्षक, अभिभावक और समाजसेवी भी मौजूद रहे। सभी ने इस पहल को दिव्यांग बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक सराहनीय कदम बताया।

## बारिश की कामना को लेकर किया सुंदरकांड पाठ

**डीडवाना (हुक्मनामा सामाचार)।** उपखंड के कोलिया के पालोट सड़क मार्ग पर स्थित तिबारी बालाजी मंदिर मे सुंदर कांड पाठ का आयोजन हुआ यह आयोजन कोलिया मे बारिश की कामना को लेकर किया गया। ग्रामीणों के द्वारा आयोजित इस सुंदरकांड पाठ का शुभारंभ गायक कलाकार अमित कुमार काकड़ा के द्वारा गणेश वंदना के साथ किया गया सुंदरकांड समापन पर भजनों का आयोजन किया गया जिसमें लक्ष्मी निवास पुजारी ने एक से बढ़कर एक



भजनों की प्रस्तुतियां दी वही सुभाष भाटी ने भी एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। तत्पश्चात महाआरती प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर कई ग्रामीण मौजूद रहे।

## पदयात्रा के दौरान जहरीले जंतु के काटने से अंसरी के युवक की मौत

**मांगलियावास (हुक्मनामा सामाचार)।** पदयात्रा के दौरान जहरीले जंतु के काटने से अंसरी के युवक की मौत हो गई। नजदीकी गांव बिठुर के अंसरी निवासी मुकन सिंह रावत राखी के दूसरे दिन बाबा के दर्शन हेतु अकेले पदयात्रा पर निकले थे। बताया जा रहा है कि रात्रि में पोकरण के आसपास पदयात्रा के दौरान किसी जहरीले जीव ने उनके पांव में काट लिया। इसके बाद वे आगे जाकर एक होटल के सामने खाट पर लेट गए, जहां जहर चढ़ने से उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी पर पुलिस ने शव को पोकरण अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। मामले की सूचना परिजनों को दी गई। परिजन मौके पर पहुंच गए और पोस्टमार्टम की कार्रवाई की गई। पुलिस ने बेए बबलू रावत की रिपोर्ट पर शव को परिजनों को सौंप दिया। शाम को अंतिम संस्कार किया जाएगा। समाज के लोगों ने इस घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि पदयात्रा अथवा किसी भी यात्रा पर जाते समय किसी साथी को साथ रखना जरूरी है, ताकि आकस्मिक घटना होने पर समय पर मदद मिल सके।

## स्कूल में बच्चों को कराया कृष्ण भोज



**पादूकलां (हुक्मनामा सामाचार)।** निकटवर्ती सथानाकलां के शहीद इनायत अली खां राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सथानाकलां में कृष्ण भोज का आयोजन किया। प्रधानाचार्य रुघाराम राड ने बताया कि भामाशाह व विद्यालय के शिक्षक साथियों के सहयोग से विद्यालय में बालकों के भोजन के लिए विद्यालय स्टाफ आगे आकर कृष्णा भोज का आयोजन किया। जिसमें विद्यार्थियों के लिए जलेबी, कचोरी, पोया इत्यादि का भोजन प्रसाद तैयार किया। मां सरस्वती की पूजा अर्चना करके छात्र कक्षा 1 से 12 तक के विद्यार्थियों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य रूघाराम राड़ रामदेव उडद, सुरेंद्र सिंह राठौड़,उम्मेद सिंह खंगारोत , बाबु सिंह चारण, महेश सिंह चारण, सुरेंद्र सिंह सान्दू, नेमाराम गारू, अर्जुन बेरवाल, जस्साराम बेरवाल, प्रदीप कुमार, जस्साराम लौरा, हनुमान गर्वा, रामनिवास गढ़वाल, दीपक शर्मा मोतीलाल, सफी मोहम्मद विजय कुमार, सोहनलाल, रामलाल बेरवाल, कबुराम चौधरी, मुकेश कुमार प्रजापत गेनाराम, जीतराम परिहार सहित गांव के कईगणमान्यलोग व पूर्व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# दम्पति के साथ हुई लूट का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

**निम्बाहेडा (हुक्मनामा सामाचार)।** बड़ीसादड़ी थाना क्षेत्र में खरदेवला के पास गत 29 जुलाई को गिलुण्ड थाना शम्भुपुरा निवासी एक दम्पति के साथ हुई लूट का खुलासा करते हुए बड़ीसादड़ी थाना पुलिस ने घटना के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया हैं। मामले में पुलिस ने आरोपी से लूट की घडी व मोबाईल बरामद कर लिए हैं, वहीं अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी व माल बरामद करना शेष है। पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी ने बताया कि गत 29 जुलाई को गिलुण्ड थाना शम्भुपुरा निवासी शिवप्रकाश पोरवाल अपनी पत्नि के साथ मोटरसाईकिल से बडीसादडी आते समय लगभग 9.30 बजे शाम को खरदेवला से आगे बडीसादडी रोड पर दारू ठेके के पास 3-4 अज्ञात व्यक्तियो द्वारा बाईक को रोककर चाकु से डराया और उनकी मोटरसाईकिल हीरो स्पलेण्डर, महिला के हाथ में पहने दो कडे व एक गले की चौन व मोबाईल सेमसंग एन्ड्राईड व घडी लूटकर भाग गये। घटना की रिपोर्ट पर बड़ीसादड़ी थाने पर लूट का प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। एएसपी चित्तौड़गढ़ सरिता सिंह के निर्देशन और वृताधिकारी बडीसादडी देशराज कुलदीप के सुपरविजन मे थानाधिकारी बड़ीसादड़ी कमलचन्द मीणा पुलिस निरीक्षक व जाप्ता एएसआई प्रकाशचन्द्र, कानि. नानूराम, बाबूलाल, रूपाराम व जीतराम द्वारा प्रकरण में अज्ञात



आरोपियों की तलाश की गई। पुलिस द्वारा विशेष सूत्र व तकनिकी साक्ष्यों से पता करते हुए आरोपी 19 वर्षीय अशोक पुत्र बन्शीलाल मोग्या निवासी मेघपुरा पुलिस थाना छोटीसादड़ी जिला प्रतापगढ़ (राज.) व 22 वर्षीय रौनक पुत्र बन्शीलाल मोग्या निवासी मेघपुरा पुलिस थाना छोटीसादड़ी जिला प्रतापगढ़ को गिरफ्तार कर आरोपी अशोक मोग्या के कब्जे में घटना मे लूटा गया मोबाईल फोन व आरोपी रौनक के कब्जे से लूटी गई घडी को जब्त किये गये।

## एक व्यक्ति ने ब्लेड से खुद का गला काटा, उपचार के दौरान मौत

**भीलवाड़ा (हुक्मनामा सामाचार)।** जिले के हमीरगढ़ कस्बे के रहने वाले एक व्यक्ति ने पिछले दिनों किसी बात से आहत होकर अपना ही गला रेत लिया था जिसकी उपचार के दौरान महात्मा गांधी अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार हमीरगढ़ निवासी लादू लाल खटीक के पुत्र अशोक कुमार ने कुछ दिन पहले अपने घर पर किसी बात से आहत होकर ब्लेड से अपना गला काट डाला था उसे गंभीर हालत में उपचार के लिए महात्मा गांधी स्थान में भर्ती कराया गया जहां आज सुबह उसने दम तोड़ दिया पुलिस मृतक का अन्त्य परीक्षण कर शव परिजनों को सुपुर्द कर मामले की जांच की जा रही है।

## बेरोजगार युवाओं के लिए रूडसेट संस्थान में नि:शुल्क सिलाई एवं सीसीटीवी रिपेयरिंग प्रशिक्षण

**भीलवाड़ा (हुक्मनामा सामाचार)।** रूडसेट संस्थान, सुवाणा, भीलवाड़ा जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए नि:शुल्क रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। इसके अंतर्गत 31 दिवसीय सिलाई प्रशिक्षण एवं 13 दिवसीय सीसीटीवी रिपेयरिंग प्रशिक्षण शुरू किए जा रहे हैं। जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू ने संस्थान के अधिकारियों को युवाओं को बेहतर तथा प्रभावी प्रशिक्षण के निर्देश दिए।

### हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है बछबारस पर्व

# महिलाओं गाय व बछड़े की पूजा कर पुत्र की दीर्घायु की कामना, महिलाओं ने हर्षोल्लास के साथ मनाया बछ बारस का पर्व



**पादूकलां (हुक्मनामा सामाचार)।** गोवत्स (बछबारस) द्वादशी का पर्व आज कस्बे सहित आस पास के ग्रामीण आँचल में बुधवार को हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। सोमवार को अल सुबह से ही गायों की पूजा के लिए महिलाओं की भीड़ उमड़ने लगी। मौहल्ले की गली मोहल्ला में महिलाओं ने झाइयों और बछड़ों का पूजन किया तथा कोशल्या देवी व सुमन उपाध्याय ने बछबारस की कथा विधिवत कथा सुनाई इस मौके पर मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना की गई और लोग दान करने के साथ ही गायों को हरा चारा खिलाकर पुण्य कमा रहे हैं। महिलाओं ने व्रत रखकर गाय-बछड़ों की पूजा की और परिवार की खुशहाली की मन्नौतियां मांगी।

महिलाओं ने अपने पति की दीर्घायु की ईश्वर से कामना की भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की द्वादशी को गोवत्स द्वादशी कहते हैं। इसे बछवारस के नाम से भी जाना जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार भादवा कृष्ण पक्ष की द्वादशी के अवसर पर बछबारस पर्व मनाया जाता है जिसमें महिलाएं अपने कार्य से निवृत होकर स्नान कर कर सोलह सिंगार कर गौ माता को उसके बछड़े की पूजन करने के लिए मंगल गीत गाती हुई जाती है जिन महिलाओं को गाय-बछड़ा नहीं मिला उन्होंने मिट्टी के गाय बछड़ा की मूर्तिया बनाकर पूजा अर्चना की और उस पर दही, भीगा हुआ बाजरा, आटा, घी आदि चढ़ाए। रोली से तिलक लगाकर चावल और दूध चढ़ाया। पूजा के बाद मोठ, बाजरा पर रुपया रखकर सास को भेंट किया। बछबारस पर घरों में मक्का, बाजरा और जौं के ठंडे पकवान खाए गए। महिलाएं बच्छ बारस पर गौवत्सा गाय और बछड़े का पूजन करेंगी। लोक मान्यताओं के आधार पर गाय में देवताओं का वास होता है। भगवान कृष्ण को गाय का बछड़ा प्रिय माना गया है इसीलिए कृष्ण को रिझाने के लिए गाय, बछड़े और गोवर्धन का छोटा सा तालाब बना कर पूजा की जाती है। भगवान गोपाल कृष्ण से अपनी संतान की रक्षा, सुख-समृद्धि व उज्जवल भविष्य के लिए मन्नत मांगी जाती है। संतान प्राप्ति व संतान सुख के लिए इस व्रत को सर्वोत्तम माना जाता है। इस दिन गाय का दूध, दही, गेहूं चावल नहीं खाया जाता है।

## नए बस स्टैंड की बदहाल सड़क, हादसों का गढ़ बनी रूपनगढ़ की मुख्य राह




**रूपनगढ़ (हुक्मनामा-समाचार)।** कस्बे का नया बस स्टैंड लोगों के लिए सुविधाओं का केंद्र बनने के बजाय अब मुसीबत का कारण बन गया है। बस स्टैंड तक पहुँचने वाले मुख्य मार्ग की स्थिति इतनी दयनीय हो चुकी है कि यहाँ से गुजरना यात्रियों, आमजन और वाहन चालकों के लिए रोज़ की चुनौती बन गई है। **गंदा पानी और कीचड़ से घिरी सड़कें**सड़क मार्ग पर जगह-जगह गंदा पानी जमा हुआ है। कीचड़ और बड़े-बड़े गड्ढों ने इस सड़क को दलदल में बदल दिया है। आए दिन छोटे-बड़े वाहन चालक यहाँ फंस जाते हैं, वहीं पैदल गुजरने वाले लोग गंदे पानी और कीचड़ से होकर मजबूरी में गुजरते हैं। **स्वच्छ बैंक के सामने सबसे गंभीर स्थिति** नए बस स्टैंड के पास स्थित स्वच्छ बैंक के सामने जमा कीचड़ और गहरे गड्ढे सबसे बड़ी समस्या बने हुए हैं। यहां से गुजरते समय वाहन पलटने और लोगों के फिसलने की घटनाएँ आए दिन हो रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि रात के अंधेरे में राहगीर अक्सर संतुलन खो बैठते हैं और चोटिल हो जाते हैं। **रोडवेज बस चालकों को भी मुश्किलें** सड़क की दुर्दशा का असर रोडवेज संचालन पर भी पड़ रहा है। बस चालक इस मार्ग से बसें निकालने में परेशानी महसूस कर रहे हैं। गड्ढों और कीचड़ से भरी सड़क पर बसों का फंसना आम बात हो गई है। इससे यात्रियों को समय पर गंतव्य तक पहुँचने में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। **प्रशासन और जनप्रतिनिधि मौन** सबसे गंभीर पहलू यह है कि लंबे समय से क्षेत्रवासियों द्वारा समस्या उठाए जाने के बावजूद न तो स्थानीय प्रशासन और न ही जनप्रतिनिधियों ने इस ओर कोई ध्यान दिया है। बदहाल सड़कें अब हादसों को न्योता दे रही हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग और अधिकारी आँख मूंदे बैठे हैं। **क्षेत्रवासियों का गुस्सा चरम पर** बस स्टैंड का उपयोग करने वाले यात्रियों के साथ-साथ स्थानीय व्यापारी और आसपास के कॉलोनियों के लोग भी इस स्थिति से परेशान हैं। लोगों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही सड़क की मरम्मत और पानी निकासी की पुख्ता व्यवस्था नहीं की गई, तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे। क्षेत्रवासियों और रोडवेज यात्रियों ने एक स्वर में मांग की है कि तुरंत गड्ढों को भरकर सड़क दुरुस्त की जाए। पानी निकासी के लिए स्थायी व्यवस्था हो। बस स्टैंड क्षेत्र को साफ-सुथरा और सुरक्षित बनाया जाए।

## बिजाथल में हुआ वित्तीय समावेशन शिविर आयोजित, ग्रामीणों हुए लाभान्वित



**रियां बड़ी (हुक्मनामा सामाचार)।** वित्तिय समावेशन एवं सामाजिक सुरक्षा अभियान के अन्तर्गत बुधवार को ग्राम पंचायत बीजाथल में बैंकिंग शिविर का आयोजन किया गया। उपखंड रियां बड़ी प्रभारी व सहायक विकास अधिकारी जगदीश प्रसाद माली ने बताया कि इस बैंकिंग शिविर में 02 जन धन खाते खोले गए, जन धन खातो की 40 के 0वाई0सी0, जन धन के अतिरिक्त खातो की 8 के 0वाई0सी0, जन धन खातो के 04 नोमिनेशन, जन धन खातो के अतिरिक्त खातो के 05 नोमिनेशन, प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के 05 पंजीयन, प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना के 05 पंजीयन, अटल पेंशन के 04 लाभार्थियो का पंजीयन किया गया।

इस अवसर पर उपखंड रियां बड़ी प्रभारी जगदीश प्रसाद माली, ग्राम विकास अधिकारी छैला राम ईनाणीया, कनिष्ठ सहायक संघ अध्यक्ष नेता राम, राजस्थान मरूधरा ग्रामीण बैंक के कैशियर प्रदीप कुमार सहित बैंक बी0सी0 उपस्थित हुए।

## वन विभाग की पहल से मासूम छात्रों के चेहरों पर छाई मुस्कान

**झालावाड़ (हुक्मनामा सामाचार)।** पर्यावरण और वन्यजीव संरक्षण की दिशा में झालावाड़ वनमंडल के कार्य तो सराहनीय रहे हे लेकिन वन विभाग ने एक अभिनव पहल करते हुवे मासूमों के चेहरों पर मुस्कान लाने का काम किया है वन विभाग के इस कार्य की प्रशंसा राज्य स्तरीय वन विभाग के आला अधिकारियों सहित जिला कलेक्टर अजय सिंह राठौड़ ने भी की है,सामाजिक सरोकारों में वन विभाग की भूमिका महत्वपूर्ण है। वन विभाग न केवल वनों, वन्यजीवों और प्राकृतिक संसाधनों का प्रबंधन करता है, बल्कि सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय पहलुओं में भी योगदान देता है।

यह सुनिश्चित करता है कि वन और वन्यजीव सुरक्षित रहें, स्थानीय समुदायों को लाभान्वित करें और पर्यावरण को संरक्षित किया जाए इसी कड़ी में वन विभाग के डीएफओ सागर पंवार, एसीएफ मुकेश सेहजवनी, संजू शर्मा,सहायक लेखाधिकारी अनुराग वर्मा की टीम झालावाड़ रेंजर दीपक सिंह, मनोहर थाना रेंजर दीपक मालव,अकलेरा रेंजर राजेंद्र मीणा, पिड़ावा रेंजर विजय सिंह,डग रेंजर नरेंद्र सिंह,बकानी सुरेन्द्र शर्मा, सहायक वन पाल पवन पटवा,नाकेदार सुरेन्द्र सिंह शक्तावत,कृष्णपाल सिंह,संदीप मीणा,दीपेश चौधरी,जुगल मीणा,ओम नागर,संजय शर्मा,रामेश्वर शर्मा,लालसिंह गुर्जर आदि वन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की टीम ने जिले भर के करीब 20 सरकारी विद्यालयों में लाखों रुपए की लागत से विभिन्न कार्य कराए।

### दीक्षारंभ -फ्रेशर्स ओरिएंटेशन कार्यक्रम में दिए चेयरमैन रामपाल सोनी ने सफलता के मंत्र

# हर सुबह एक नया अवसर है,बस सोच को बड़ी रखकर खुद पर विश्वास रखें

**नए विद्यार्थियों के लिए तीन दिवसीय ओरियंटेशन कार्यक्रम की शुरुआत**

**भीलवाडा (हुक्मनामा समाचार)।** ,संगम विश्वविधालय के प्रथम वर्ष के नवीन छात्र छात्राओं के लिए तीन दिवसीय दीक्षारंभ 2025 मेगा ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। तीन दिन के ओरिएंटेशन कार्यक्रम के प्रथम दिन टाउन हॉल में आयोजित किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत नवीन छात्र छात्राओं के स्वागत तथा कुलगीत के साथ किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संगम ग्रुप के चेयरमैन रामपाल सोनी,संगम यूनिवर्सिटी के बोर्ड मेंबर पलक मोदानी,कुलपति प्रो करुणेश सक्सेना,उपकुलपति प्रो मानस रंजन पाणिग्रही,रजिस्ट्रार आलोक कुमार,सम्मानित अतिथि डॉ अनुराग वास्तव, आईएएस अक्षत कुमार सिंह,एसडीएम भीलवाड़ा आदि उपस्थित थे। शुरुआती उद्बोधन में कुलपति प्रो करुणेश सक्सेना ने सभी नवीन छात्रों का संगम विश्वविद्यालय मैं स्वागत किया तथा विश्वविद्यालय की उपलब्धियों, सभी फैकल्टी स्टाफ का परिचय दिया ,सफलता के मंत्र के साथ जीवन में स्वोट परीक्षण की महात्वता बताई।छोटे छोटे मोटिवेशनल वीडियो द्वारा प्रो सक्सेना ने बताया की व्यक्ति के अर्निंग उसकी लर्निंग में निहित है।मुख्य वक्ता डा अनुराग वास्तव ने छात्र छात्राओं से खचाखच भरे टाउन हॉल में अपने उद्बोधन से समा बांध दिया।उन्होंने बताया की जीवन में हमेशा समय के साथ अपडेट रहे ,नई तकनीक का इस्तेमाल करे तथा आगे बढ़ने के लिए अपने कंफर्ट जोन से बाहर निकलने के लिए प्रेरित किया।संगम ग्रुप चेयरमैन रामपाल सोनी ने जीवन में सफलता के मंत्र बताए की जीवन में मेंटल फिटनेस प्लान का होना जरूरी है,तथा अपनी सोच को सदा बड़ा रखने के लिए प्रेरित किया। सोनी ने कहा कि सभी नवीन छात्र छात्राएं सभी उपलब्ध स्त्रोत का अधिक से अधिक उपयोग करके आने वाले सालों में देश निर्माण में भी सहयोगी बने।इस अवसर पर आईएएस अक्षत कुमार सिंह,एसडीएम भीलवाड़ा ने भी अपने विचार प्रकट किए कि अपने क्षेत्र में आप एक्सपर्ट बने तथा आगे क्या बनना है पर विचार अभी से करे।इस अवसर पर सभी अतिथियों द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर खेलकूद,एनसीसी,राष्ट्रीय चैंपियन अवॉर्ड आदि विजेताओं को दिए गए। डा अनुराग वास्तव को कॉरपोरेट आईकन फॉर यूथ अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। द्वितीय चरण में सीनियर छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में डांस,रॉक बैंड ,ईशान शर्मा संगीत ,अंश की प्रस्तुति,अमित चेचानी संगीत आदि प्रस्तुत किए गए।

### नशे के खिलाफ झालावाड़ में बड़ी कामयाबी

# 3 करोड 15 लाख स्मैक जप्त, 01 कार के साथ 02 पुरुष व 04 महिला आरोपी गिरफ्तार

**झालावाड़ (हुक्मनामा सामाचार)।** जिले में संगठित अपराध अवैध मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध जिला स्तर पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है. इसके तहत अभियान के तहत बाबुलाल मीणा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महिला अपराध अनुसंधान सेल झालावाड के निर्देशन में पुलिस थाना असनावर के द्वारा अवैध मादक तस्करों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए कुल 01 किलोग्राम 574 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक जिसकी अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत 03 करोड 15 लाख है के साथ 02 पुरुष आरोपियों व 04 आरोपी महिलाओं को मय अवैध मादक पदार्थ तस्करी में प्रयुक्त कार के गिरफ्तार करने में सफलता अर्जित की है। अवैध मादक पदार्थ उपलब्ध करवाने व खपत करने वाले आरोपी डिटेन करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने बताया कि बृजेश कुमार पुलिस उप-अधीक्षक वृत्ताधिकारी वृत्त अकलेरा के निकटतम सुपरविजन में मोहनचंद उप निरी. थानाधिकारी पुलिस थाना असनावर के नेतृत्व में थाना असनावर पर गठित विशेष टीम द्वारा रात्रि दौराने नाकाबन्दी अकलेरा की तरफ से एक ईको कार रजि. नम्बर आरजे 17 सीबी 8734 आती हुई ।

नजर आयी जिसको रूकवाया तो कार में दो पुरुष 01. गोरधन 02. फुलचंद व चार महिलाऐं 01. अंजना बाई 02. कैला बाई 03. ममता बाई व 06. गीता बाई बैठी नजर आयी तथा एक महिला की गोद में एक छोटा बच्चा भी था।

कार सवारों की गतिविधियां संदिग्ध प्रतीत होने पर कार की नियमानुसार तलाशी ली गयी तो कार से अवैध मादक पदार्थ 1.574 किलोग्राम स्मैक, तथा अवैध मादक पदार्थ की तस्करी में प्रयुक्त ईको कार रजि. नम्बर आरजे 17 सीबी 8734 बरामद करने में सफलता हासिल की। प्रारंभिक पुछताछ के आधार पर अभियु क्तगणों द्वारा बताया गया कि महिलाओं व बच्चों को साथ रखने से रास्ते में पुलिस चैक नहीं करती है तथा किसी को कोई शक नहीं होता है तथा उक्त मादक पदार्थ स्मैक के बारे में पुछने पर अभियुक्तगणों द्वारा हेमंत निवासी घाटोली से लाना तथा राजु उर्फ राजेश निवासी रामनगर जयपुर को देने जाना बताया।

उक्त सुचना पर पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए हेमंत तंवर को अपने घर से व राजु उर्फ राजेश को जयपुर से डिटेन करने में सफलता हासिल की है। आरोपीगणों द्वारा इतनी बडी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ की खरीद कर उसकी खपत कहां-कहां की जानी थी तथा अवैध मादक पदार्थों के तस्करी नेटवर्क में और कौन-कौन लोग सम्मिलित है इस संबंध में आरोपीगणों से पूछताछ व गहनता से अनुसंधान जारी जारी है। कराए हैं, जिलेवासी आगे आकर ऐसे विद्यालय व गांवों में जहां जरूरत है जानकारी दे वन विभाग उन सभी जगह उक्त योजनांतर्गत कार्य करने के प्रयास करेगा।

### थांवला के भानु प्रकाश प्रजापत को मिला यूथ आइकॉन ऑफ द ईयर 2025 राजस्थान अवॉर्ड

**थांवला (हुक्मनामा सामाचार)।** निवासी भानु प्रकाश प्रजापत पुत्र नंदकिशोर प्रजापत ने अपनी प्रतिभा और सामाजिक योगदान के दम पर बड़ा मुकाम हासिल किया है। उन्हें यूथ आइकॉन ऑफ द ईयर 2025 राजस्थान अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान हिंदुस्तान बुक ऑफ रिकॉर्ड्स की ओर से होटल फिओरी, जयपुर में आयोजित भव्य कार्यक्रम में प्रदान किया गया। भानु प्रकाश को यह सम्मान सबसे कम उम्र में सोशल महाकुंभ आयोजित करने और राजस्थान क्रिकेट में मीडिया हेडलाइंस में कई बार छाए रहने के लिए दिया गया। इस अवसर पर हवा महल विधायक बाल मुकुंद आचार्य मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। भानु प्रकाश प्रजापत की इस उपलब्धि पर पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है और उन्हें बधाई देने वालों का तांता लग गया है।

### खेत के रास्ते से मोटरसाइकिल हुई चोरी

## प्रार्थी ने कराया किशनगंज पुलिस थाने मोटरसाइकिल चोरी का मामला दर्ज

**किशनगंज( हुक्मनामा समाचार) ।** थाना के अंतर्गत एक किसान भूपेंद्र गुर्जर निवासी भोजपुरिया की मोटरसाइकिल को लेकर प्रार्थी मूली लाल गुर्जर मेघपुरा स्थित खेत पर कृषि कार्य हेतु गया था जहां पर मैंने मोटरसाइकिल नंबर आर जे 28 बी एस 2852को मेन रोड पर मोटरसाइकिल खड़ी कर लॉक लगा दिया। जैसे ही मैं खेत से वापस आया 3ः00 बजे करीब तो मोटरसाइकिल वहां नहीं मिली जिसे अज्ञात चोर चुरा ले गए। मुरी लाल गुर्जर ने इस मामले की किशनगंज पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है और मोटरसाइकिल बरामद कर उचित कार्यवाही करने के लिए थाना किशनगंज को प्रार्थना पत्र दिया गया।

### ब्लॉक कांग्रेस कमेटी किशनगंज द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर याद किया

**किशनगंज (हुक्मनामा समाचार)।** ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय पर 20अगस्त को भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गाँधी की 81वी जयंती पर राजीव गांधी को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर पूर्व विधायक निर्मला सहरिया द्वारा स्वर्गीय राजीव गांधी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्हें त्याग और बलिदान के लिए याद किया जाता रहेगा।किशनगंज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के ब्लॉक अध्यक्ष अजीज नाजा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के मंडल अध्यक्ष सुरेश शर्मा, अजय चौधरी, , जिला सचिव सतीश जी शर्मा एडवोकेट, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के महामंत्री गिर्राज जी नागर, ब्लॉक मिडिया से दीपू मीणा,, हफीज भाई (चिप्पू ), बाबू लाल बैरवा ,अन्नू भाई, इकलेरासागर, बाबू भाई रानीबादौड़, ब्लॉक कांग्रेस प्रवक्ता बनवारी लाल रावलआदि कार्य कर्ता उपस्थित रहे।

### श्रीडूंगरगढ़ पुलिस द्वारा चलाया गया अभियान

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** श्रीडूंगरगढ़ में अभी रामदेवरा यात्रियों का पैदल जत्था लगातार हाईवे से गुजर रहा है और उनकी सुरक्षा को देखते हुए पुलिस द्वारा एक अभियान चलाया गया है। श्रीडूंगरगढ़ पुलिस द्वारा नेशनल हाईवे 11 पर पैदल चलने वाले यात्रियों के बैग पर रेडियम स्टीकर लगाया जा रहा है ताकि रात्रि के समय किसी भी तरह की दुर्घटनाओं से बचा जा सके। वही हाईवे से निकलने वाले वाहनों पर भी रेडियम स्टीकर लगाई जा रहे हैं ताकि रात्रि के समय खड़े वाहनों के साथ किसी भी तरह से कोई दुर्घटना ना हो इसको लेकर पुलिसकर्मी यह अभियान लगातार चला रहे हैं।

### बाबा रामदेव जी महाराज का जागरण गोल मार्केट मूर्ति सर्किल के पास आज रात्रि को

**बीकानेर( हुक्मनामा समाचार )।** रामधणी सेवा समिति की ओर से गोल मार्केट मूर्ति सर्किल के पास जयनारायण व्यास कॉलोनी में लोक देवता बाबा रामदेव जी महाराज का भव्य जागरण आज गुरुवार की रात्रि को 10 बजे से प्रभु कृपा तक रखा गया। जागरण आयोजक रामधणी सेवा समिति के अध्यक्ष राधेश्याम सोनी एवं जागरण आयोजक टीम के दीपक सोनी ने बताया कि भजन कलाकार मास्टर भंवर अली बीकानेर, सुनीता बागड़ी श्रीगंगानगर, राधेश्याम बिस्सा बीकानेर, हेमराज दय्या के द्वारा भजनों की प्रस्तुतियां दी जाएगी।

### निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर आज

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान स्टेट माइंस एंड मिनरल्स के स्थापना की 50 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिप्सम प्रमुख एवं प्रभारी देवी शंकर आचार्य ने बताया कि स्वर्ण जयंती पर शिविर का आयोजन कंपनी के बीकानेर कार्यालय की ओर से करवाया जा रहा है। चिकित्सा शिविर आज गुरुवार 21 अगस्त को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक 2-गांधीनगर स्कीम, करणीनगर लालगढ़ बीकानेर में आयोजित होगा। जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सक स्वास्थ्य जांच करेंगें और जरुरतमंद मरीजों को निःशुल्क दवाईयां प्रदान की जायेंगी। चिकित्सा शिविर की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

### बहनों संग मारपीट, दर्ज हुए क्रॉस मुकदमे

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** जिले के बीछवाल थाना क्षेत्र के गैरसर गांव में दो पक्षों के बीच झगड़ा बढ़कर मारपीट तक पहुंच गया। घटना में दोनों बहनों के साथ मारपीट का आरोप लगाया गया है। पहला पक्ष - गैरसर निवासी सुशीला ने बीछवाल पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि आरोपियों रामेश्वर व सचिन ने रास्ते में रोककर उसके और उसकी बहन के साथ गाली-गलौज की तथा मारपीट भी की। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दूसरा पक्ष - इसी घटना को लेकर रामेश्वर ने भी सुशीला व हरखू के खिलाफ रिपोर्ट दी है। उसके अनुसार आरोपियों ने उसके और उसके दोहित के साथ एकराय होकर मारपीट की। इस रिपोर्ट पर भी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। फिलहाल, पुलिस दोनों मामलों की जांच कर रही है और घटनाक्रम की पुष्टि के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### गृहस्थ ऋषि, कर्मकाण्डीय यज्ञाचार्य पं नथमल पुरोहित का सम्मान होगा राष्ट्रीय कवि चौपाल में

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** पधारो सा राष्ट्रीय कवि चौपाल में 530 वीं विशेष सभा में ... उपरोक्त *ऋषि पंचमी संदर्भित विषय पर विलक्षण काव्य गोष्ठी एवं बोद्धिक होंगे राष्ट्र स्नेह को समर्पित...वरिष्ठ कवि-कवयित्री साहित्यकार एवं आध्यात्म आदर्श के... सान्निध्य में आप साहित्य सादर आमंत्रित स्वास्थ्य एवं साहित्य संगम राष्ट्रीय कवि चौपाल की 530 वीं कड़ी (24 अगस्त 2025 को प्रात: 8.45 ) वरिष्ठ साहित्यकार के सान्निध्य में होगी,आपके सा में.. अर्थात साहित्य साधक के विवेक का परिचय भी है कि ऋषि पंचमी संदर्भ कौनसी मनोवृति अंतस अवस्थित है.. (लेखन शक्ति, राष्ट्र - भक्ति, सेवा, विरक्ति) आप की... ! अत: उपरोक्त विषय केंद्रित अपनी रचना का लोकार्पण हेतु आप सभी अपने साहित्य मित्र, परिवार के साथ सादर आमंत्रित हैं,सभी राष्ट्रीय कवि चौपाल के सदस्य गण से विशेष निवेदन ःः- कार्यक्रम की समयबद्धता अनुशासित रहें।

### दिल्ली से बीकानेर के मध्य नई वंदे भारत रेलगाड़ियों के परिचालन को मिली स्वीकृत

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** बीकानेर केंद्रीय कानून मंत्री व बीकानेर सांसद अर्जुनराम मेघवाल के प्रयास से दिल्ली से बीकानेर के मध्य नई वंदे भारत रेलगाड़ियों के परिचालन को स्वीकृत मिल गई है रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने अर्जुनराम मेघवाल को पत्र के द्वारा इसकी सूचना दी केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने कहा मेक इन इंडिया एवं आत्मनिर्भर भारत के स्वप्नद्रष्टा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यशस्वी मार्गदर्शन में देश की आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विकास-यात्रा सतत जारी है।